राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 104
लखनऊ, रविवार 01 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दुनिया को प्रेरणा दे रहा बुद्ध की शांति का मार्ग : केशव प्रसाद मौर्य 03

विकसित भारत अब सपना नहीं, चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है : उपराष्ट्रपति 12

# उपलब्धि : यूपी की पहली डिजिटल पुलिस बनेगी कन्नौज पुलिस, फाइलों के जंजाल से मुक्त होंगे सभी थाने

## प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन को तेजी से अमलीजामा पहनाने में जुटी योगी सरकार, ई-ऑफिस प्रणाली से बढ़ेगी पारदर्शिता, जनता को मिलेगा त्वरित न्याय

समृद्धि न्यूज

**कन्नौज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन को उत्तर प्रदेश में योगी सरकार तेज गति से अमली जामा पहनाने में जी-जान से जुटी हुई है। इसके तहत वर्ष के अंत (दिसंबर) तक कन्नौज पुलिस के सभी थाने मोटी-मोटी फाइलों के जंजाल से मुक्त हो जाएंगे। इसी के साथ कन्नौज पुलिस पूरे प्रदेश में पहला ऐसा जिला होगा। जहां सारे थाने ई-ऑफिस सिस्टम प्रणाली पर पूरी तरह से काम करते नजर आएंगे। जहां कागजों पर लिखा- पढ़ी का दौर नये साल से गुजरे जमाने की बात हो जाएगा।

दरअसल, स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए कन्नौज पुलिस सभी थानों, सीओ ऑफिस और एडिशनल ऑफिस समेत तमाम पुलिस ऑफिसेज में ई-ऑफिस सिस्टम लागू कर देगी। इसके लिए तैयारी और ट्रेनिंग लगभग पूरी हो चुकी है। साथ ही सभी थानों और ऑफिस को ई ऑफिस सिस्टम से संबंधित उपकरण उपलब्ध करा दिये गये हैं। ई-ऑफिस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य फाइलों और डेटा के डिजिटल प्रबंधन के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाना है। यह प्रणाली शिकायतों और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को तेज बनाएगी, जिससे जनता को त्वरित न्याय मिल सकेगा। साथ ही डिजिटल फाइल के जरिये मॉनिटरिंग से अधिकारियों को कार्यों पर नजर रखने और निर्णय प्रक्रिया को सुगम बनाने में काफी मदद मिलेगी। वहीं ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने से जनता को भी कई लाभ होंगे। इससे थानों में लंबित शिकायतों के निपटारे में देरी नहीं होगी और रिपोर्टिंग प्रक्रिया पारदर्शी के साथ समयबद्ध होगी। इसके अलावा थानों और जिला कार्यालयों में भ्रष्टाचार की संभावना भी कम होगी। कन्नौज पुलिस की पहल जनता के लिए एक नई उम्मीद की किरण लेकर आई है। इससे न केवल पुलिसकर्मियों का कार्यभार कम होगा, बल्कि आमजन को पुलिस विभाग से जुड़ी सेवाओं का लाभ तेजी और पारदर्शी तरीके से मिलेगा।



### अधिकारियों को लैपटॉप किए गए वितरित

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डिजिटल इंडिया मिशन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस में तकनीकी सुधार और आधुनिकरण की दिशा में बड़े कदम उठाये जा रहे हैं। कन्नौज पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए सभी थानों को दिसंबर 2024 तक पूरी तरह से डिजिटल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कन्नौज उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन जाएगा, जहां सभी पुलिस थानों और कार्यालयों में शत-प्रतिशत ई-ऑफिस प्रणाली पर काम होगा। एसपी कन्नौज ने हाल ही में पुलिस कार्यालय में आयोजित एक समारोह में डिजिटल परिवर्तन की शुरुआत की है। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों और राजपत्रित अधिकारियों को लैपटॉप वितरित किए गए।

### पुलिसकर्मियों को दी जा रही ई-ऑफिस की ट्रेनिंग

ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। यह प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों को ई-ऑफिस की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। यह प्रणाली एनआईसी द्वारा तैयार की गई है और यह केन्द्रीय सचिवालय नियमावली पर आधारित है। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जिले में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गबन में ईओडब्ल्यू ने फरार निदेशक को किया गिरफ्तार

**वाराणसी।** स्काईमार्ग फाइनेंस सोसायटी बनाकर आमजन के करोड़ों रूपए गबन करने का आरोपी फरार निदेशक रामकुमार पटेल आखिरकार पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गया। शनिवार को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू ) की वाराणसी इकाई टीम को यह सफलता मिली। निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि वर्ष 2015 में जौनपुर के थाना लाईन बाजार में आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हुआ था। हुगली कोलकाता का मूल निवासी हाल पता बहलोलपुर, चोलापुर रामकुमार पटेल पुत्र शिवमूरत ने स्काईमार्ग फाइनेंस सोसायटी बनाकर अपने साथियों के साथ जनता के करोड़ों गबन कर गया। इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी गई थी। आरोपी की तलाश में टीम काफी समय से लगी हुई थी। आरोपी को चोलापुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

### दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल पर फेंका तरल पदार्थ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को एक व्यक्ति ने ग्रेटर कैलाश इलाके में पदयात्रा के दौरान तरल पदार्थ फेंक दिया। इसके तुरंत बाद ही सुरक्षा कर्मियों ने उस व्यक्ति को दबोच लिया और आसपास खड़े कार्यकर्ताओं ने उसकी पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। घटना के बाद केजरीवाल पीछे हटे और अपने कपड़ों को सूंघने लगे। बाद में पुलिस ने उस व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। आआपा नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर अक्सर इस तरह के हमले होते रहते हैं।

### सर्पदंश के मामलों को अधिसूचित बीमारी घोषित करें राज्य : केन्द्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश को अधिसूचित बीमारी घोषित करें। इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्या सलिल श्रीवास्तव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए पत्र में कहा है कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों को इस तरह के मामलों और मौतों की जानकारी देना अनिवार्य करें। सर्पदंश सार्वजनिक स्वास्थ्य का मुद्दा है और कुछ मामलों में यह मौत, बीमारी या अपंगता के रूप में देखने को मिलती है। राज्यों को चाहिए कि वे सार्वजनिक स्वास्थ्य कानूनों या अन्य लागू कानूनों की संबंधित धाराओं के अंतर्गत सर्पदंश को अधिसूचित बीमारी घोषित करें।

# आ रहा निवेश, बढ़ रहा रोजगार

**सीएम ने किया 209 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण**

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया, गुंडाराज और भ्रष्टाचार पर किए गए प्रहार का ही परिणाम है कि आज यहां खूब निवेश तो आ ही रहा है, युवाओं के लिए रोजगार भी लगातार बढ़ रहा है। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा का बेहतरीन माहौल देकर निवेश प्राप्त करने वाला देश का अग्रणी राज्य है। यूपी में निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन चुका है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 35वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। भव्य और विविधतापूर्ण समारोह में मुख्यमंत्री ने गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 209 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवंटित 85 भूखंडों में से पांच निवेशकों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा। गीडा स्थित नाइलिट कैम्पस से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का शुभारंभ किया। प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत दस निवेशकों को कुल 300 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट इंसेंटिव का प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। समारोह के दौरान सीएम ने गीडा में आयोजित दो दिवसीय ट्रेड शो का भी उद्घाटन किया



### निवेश से डेढ़ करोड़ युवाओं को रोजगार की गारंटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (कारोबारी सुगमता), शानदार रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी और उद्योगों की मांग के अनुरूप सुदृढ़ लैंड बैंक के चलते आज प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इतने बड़े पैमाने पर निवेश के धरातल पर उतरने का मतलब है डेढ़ करोड़ (एक सौ पचास लाख) नौजवानों को रोजगार की गारंटी। उन्होंने कहा कि यूपी के हर जिले में बेहतरीन माहौल बना है। प्रदेश में लगातार निवेश आ रहा है। यह सब सार्थक प्रयासों से संभव हुआ है।

### 86 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण

गीडा के 35वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीडा के कई सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी कुल 209 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम ने 123 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास तथा 86 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण किया। शिलान्यास की परियोजनाओं में 94 करोड़ के सिविल और 29 करोड़ रुपये के विद्युत कार्य शामिल हैं, जबकि लोकार्पण की परियोजनाओं में 72 करोड़ के सिविल और 14 करोड़ रुपये के विद्युत कार्य सम्मिलित हैं। सीएम के हाथों निवेश मित्र पोर्टल पर गीडा की 20 सुविधाओं के एकीकरण से उद्यमियों को और सहूलियत मिलेगी। गीडा लगातार ऑनलाइन सुविधाओं की ओर बढ़ रहा है। पिछले वर्ष गीडा के स्थापना दिवस समारोह पर सीएम योगी ने उद्यमियों की सुविधा के लिए 'गीडा सेवा' पोर्टल का शुभारंभ किया था।

### सांसद पप्पू यादव को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें पाकिस्तान के नंबर से मैसेज आया है, जिसमें कहा गया है कि 24 घंटे के अंदर जान से मार दिया जाएगा। बता दें कि पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े एक व्यक्ति ने पहले भी जान से मारने की धमकी दी थी। पिछले मामले में धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने बाद में पूर्णिया से गिरफ्तार कर लिया था। इस बार पप्पू यादव को वॉट्सऐप पर भेजे गए मैसेज में लिखा गया, आखिरी 24 घंटे में तेरी हत्या कर देंगे। हमारे साथियों की तैयारी मुकम्मल है। हमारे साथी तेरे बहुत पास पहुंच गए हैं। तुम्हारे गार्डस् भी तुमको नहीं बचा सकेंगे। एन्जॉय यूर लास्ट लास्ट डे मैसेज में यह भी लिखा है हैप्पी बर्थ डे लॉरेन्स भाई। गौरतलब है कि बाबा सिद्दिकी हत्याकांड के बाद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा था कि लॉरेंस विश्नोई दो टके का गुंडा है। सरकार अनुमति दे तो 24 घंटे में इसके नेटवर्क को ध्वस्त कर दूंगा।

# कार व टैम्पो की टक्कर में पांच लोगों की मौत, छह हुए घायल

समृद्धि न्यूज

**श्रावस्ती।** जिले में थाना इकौना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग के पास कार और टैम्पो में टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हुए हैं। सभी को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इकौना थाना प्रभारी अश्वनी कुमार दुबे ने हादसे में पांच लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। मरने वालों में श्रावस्ती के पांडेयपुरवा निवासी लल्लन(44), प्रयागपुर निवासी रफीक(40), बरई निवासी ननके यादव (30) मोहम्मदापुर निवासी अयोध्या प्रसाद (60) और बहराइच के मुरलीधर के रूप में हुई है। सभी टैम्पो में सवार थे। हादसे में जो छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमे सूबेदार, नागेश्वर प्रसाद, शाकिराबानो, विजय चौधरी, सोहराब, और शिवराम है। सभी घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि अपनी कार बनवाने के लिए विजय चौधरी बहराइच आया था। उसके साथ सोहराब (42) भी था। इकौना के मोहनीपुर के पास टैम्पो में कार की टक्कर होने के बाद दोनों वाहन सड़क किनाने गड्ढे में जा गिरे।

### बस खाई में गिरी, चार की मौत, 21 यात्री घायल

**खरगोन ।** खरगोन जिले में शनिवार को यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई। 21 यात्री घायल हुए हैं। हादसा खरगोन जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर दूर बड़वानी जिले से लगे जिरातपुरा फाटे पर हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया है। जानकारी के मुताबिक बस खरगोन से दोपहर 12.10 बजे आलीराजपुर के लिए निकली थी। इसमें 25 से 30 यात्री सवार थे। इस दौरान जिरातपुरा फाटे के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलटी गई।

# बांग्लादेश में अगरतला-कोलकाता की बस पर हमला, भारत विरोधी नारे लगे

**त्रिपुरा के मंत्री सुधांशु ने की निंदा, कार्रवाई की मांग**

एजेंसी

**अगरतला।** त्रिपुरा के परिवहन मंत्री सुधांशु चौधरी ने बांग्लादेश में ब्राह्मणबारिया बिस्वार रोड पर अगरतला (त्रिपुरा) से कोलकाता जा रही श्यामली परिवहन यात्री बस पर हमले की निंदा की है। उन्होंने घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार को मंत्री सुधांशु चौधरी ने कहा कि त्रिपुरा की राजधानी अगरतला से कलकत्ता जाते समय बांग्लादेश के ब्राह्मणबारिया बिश्वरोड पर श्यामोली ट्रांसपोर्ट की एक बस पर हमला किया गया। उस बस में सवार लगभग सभी यात्री भारतीय हैं। इस प्रकार हुई घटना से बस के यात्री भयभीत हो गये। उन्होंने बताया कि जब बस ब्राह्मणबारिया बिश्वा रोड से गुजर रही थी तो अचानक एक मालवाहक ट्रक ने जानबूझकर बस को टक्कर मार दी। तभी सड़क पर बस के सामने एक ऑटो आ गया और आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भीड़ भरी बस के भारतीय यात्रियों को तरह-तरह से धमकाया। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत विरोधी नारे लगाते हुए यात्रियों को जान से मारने की धमकी भी दी।





मंत्री सुधांशु चौधरी ने कहा, बस के भारतीय यात्री मौत के डर में थे। मंत्री सुधांशु ने पूरी घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह का अहंकार स्वीकार्य नहीं है। उन सभी से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। वे इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं और देश के प्रशासन से बस के भारतीय यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हैं।

### पोत विक्रमादित्य के रिफीट के लिए 1207 करोड़ का अनुबंध

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य के 'शॉर्ट रिफिट' और 'ड्राई डॉकिंग' के लिए मेसर्स कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ 1207.5 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। आईएनएस विक्रमादित्य को नवंबर 2013 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। रिफिट का कार्य पूरा होने के बाद आईएनएस विक्रमादित्य उन्नत लड़ाकू क्षमता के साथ नौसेना के सक्रिय बेड़े में शामिल हो जाएगा। परियोजना से देश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती मिलेगी व यह रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल हब के रूप में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना में सूक्ष्म, लघु व मझौले क्षेत्र की लगभग 50 इकाईयों की भागीदारी होगी व इससे 3500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन होगा। यह परियोजना सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के दृष्टिकोण को बड़ा बढ़ावा देगी।

# पुलिस ने सपा सांसदों को संभल जाने से रोका, लगा जाम

समृद्धि न्यूज

**गाजियाबाद।** दिल्ली से संभल जा रहे सपा सांसदों के एक डेलिगेशन को यूपी पुलिस ने यूपी-दिल्ली बॉर्डर के पास रोक लिया। इसकी वजह से कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मुजफ्फरनगर से समाजवादी पार्टी के सांसद और सपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल हरेंद्र मलिक को यूपी गेट पर रोका गया। दिल्ली से संभल जाते हुए मुजफ्फरनगर के सांसद हरेंद्र मलिक को दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर गाजीपुर बॉर्डर पर रोक लिया गया। इसकी वजह से लंबा जाम देखने को मिला।

इसके साथ साथ दिल्ली-गाजीपुर बॉर्डर पर संभल के सांसद जिया उर रहमान वर्क और रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को भी रोका गया है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बड़ी संख्या पर पुलिस तैनात थी और जैसे ही सपा सांसद वहां पहुंचे, उनकी गाड़ियों को रोक दिया गया। पुलिस ने एक-एक गाड़ी को चेक कर आगे जाने की अनुमति दी। इसके चलते पीछे कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिसकर्मियों ने मुजफ्फरनगर के सपा सांसद हरेंद्र मलिक से कहा कि उन्हें आगे जाने की अनुमति नहीं है। एसीपी के आने पर ही पोजीशन क्लियर हो पाएगी। इस मौके पर सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि यह सत्ताधारी पार्टी की मनमानी है। इसके चलते उन्हें आगे जाने से रोका जा रहा है। कोई भी व्यक्ति कहीं भी जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह संभल जरूर जाएंगे और अगर पुलिस ने उन्हें रोका, तो कानून के दायरे में वह अगला कदम उठाएंगे। फिलहाल सांसदों को काफी देर रूकने के बाद दिल्ली वापस लौटना पड़ा है। उन्होंने कहा है कि वह इस मुद्दे को सोमवार को संसद में जरूर उठाएंगे। उनके रोके जाने के दौरान कई किलोमीटर का जाम लगा रहा।

### ये प्रशासन की नाकामी : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पोस्ट पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रतिबंध लगाना भाजपा सरकार के शासन, प्रशासन और सरकारी प्रबंधन की नाकामी है। ऐसा प्रतिबंध अगर सरकार उन पर पहले ही लगा देती, जिन्होंने दंगा-फसाद करवाने का सपना देखा और उन्मादी नारे लगवाए तो संभल में सौहार्द-शांति का वातावरण नहीं बिगड़ता। भाजपा जैसे पूरी की पूरी कैबिनेट एक साथ बदल देते हैं, वैसे ही संभल में ऊपर से लेकर नीचे तक का पूरा प्रशासनिक मंडल निलंबित करके उन पर साजिशन लापरवाही का आरोप लगाते हुए सच्ची कार्रवाई करके बर्खास्त भी करना चाहिए और किसी की जान लेने का मुकदमा भी चलना चाहिए।

### मृतक परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए देगी सपा

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बीती 24 नवंबर को मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल हो गया था। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। वहीं कई लोग घायल भी हुए थे। हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को समाजवादी पार्टी पांच-पांच लाख रुपये देगी। इसकी घोषणा खुद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने की है। बता दें कि सहायता राशि परिजन को जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संभल में मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में मारे गए लोगों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करने का ऐलान किया है।

### सपा प्रदेश अध्यक्ष को भी किया हाउस अरेस्ट

**लखनऊ।** इसी बीच राजधानी लखनऊ में शनिवार को पुलिस ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को भी उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर उन्हें नोटिस दिया है। इससे पहले पुलिस ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को उनके घर पर ही रोक लिया है। वह संभल जाने के लिए गाड़ी पर बैठे लेकिन पुलिस ने अपनी गाड़ियां लगाकर उन्हें निकलने नहीं दिया। माता प्रसाद पांडेय ने सपा कार्यालय जाने की बात कही। फिर भी पुलिस ने उन्हें घर में नजरबंद रखा। जिसके चलते वह कार्यकर्ताओं संग धरने पर बैठ गए। इसके कुछ देर बाद ही पुलिस ने सपा प्रदेश अध्यक्ष को भी हाउस अरेस्ट कर लिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सपा का 15 सदस्यीय डेलिगेशन संभल जाने वाला था।

# कांग्रेस नेता हत्याकांड में पूर्व बसपा विधायक के पति सहित 25 को उम्रकैद

एजेंसी

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में बहुचर्चित हटा निवासी कांग्रेस नेता देवेंद्र चौरसिया की हत्या के मामले में पथरिया से पूर्व बीएसपी विधायक रामबाई सिंह परिहार के पति गोविंद सिंह, देवर कौशलेंद्र सिंह सहित 25 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। यह फैसला शनिवार की शाम हटा के अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक की न्यायालय ने सुनाया है।

अदालत ने एक आरोपी को सबूतों के अभाव में दोष मुक्त किया है, वहीं एक आरोपी फरार होने के कारण उसके मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। इस हत्याकांड में कुल 27 लोगों को आरोपी बनाया गया था। सुबह से ही हटा न्यायालय में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था और इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही भी बंद कर दी गई थी। गौरतलब है कि 15 मार्च 2019 को हटा में कांग्रेस नेता देवेंद्र चौरसिया की हत्या हुई थी। इस मामले में मृतक देवेंद्र चौरसिया के भाई महेश चौरसिया की रिपोर्ट पर हटा थाना पुलिस ने 27 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें पथरिया विधानसभा से विधायक रही रामबाई सिंह परिहार के पति गोविंद सिंह परिहार उनके देवर कौशलेंद्र सिंह परिहार सहित 27 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई थी।



### विलियमसन 9000 टेस्ट रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बने

**क्राइस्टचर्च।** स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन ने शनिवार को रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वह 9,000 टेस्ट रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने क्राइस्टचर्च में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। चोट से वापसी करने के बाद केन विलियमसन ने क्राइस्टचर्च टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में 86 गेंदों पर 61 रनों की पारी खेली। 36वें ओवर में क्रिस वोक्स द्वारा उन्हें आउट करने के बाद उनकी पारी का अंत हुआ। इससे पहले पहली पारी में कीवी बल्लेबाज ने 47.21 की स्ट्राइक रेट से 197 गेंदों पर 93 रन बनाए थे।

**संबोधन** | लोकसभा अध्यक्ष ने मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के 27वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में कहा

# परिवर्तन के वाहक व देश की विकास गाथा के नायक हैं युवा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि 21वीं सदी भारत की है और इस सदी में युवा हमारी विकास गाथा का नेतृत्व करेंगे। बिरला मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के 27वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे ।

बिरला ने कहा कि युवाओं में नई उमंग, नया उत्साह, सामर्थ्य, नई इनोवेशन करने की क्षमता और समय की मांग के अनुसार बदलाव लाने का आत्मविश्वास है। विश्व पटल पर भारत के बढ़ते कद के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश आगे बढ़ रहा है और हमारी युवा पीढ़ी इस परिवर्तन में सबसे आगे है।

नवाचार और प्रौद्योगिकी में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 21वीं सदी भारत और यहां के युवाओं की है, जो पूरी दुनिया के देशों में नवाचार क्रांति को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत की ज्ञान, सामर्थ्य और संस्कृति की समृद्ध विरासत को मजबूत भविष्य की आधारशिला बताते हुए उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम अर्थात दुनिया को एक परिवार मानने की विचारधारा की बात भी की। उन्होंने प्रौद्योगिकी, नवाचार और चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसे अन्य व्यवसायों के क्षेत्रों में दुनिया भर में भारतीयों के नेतृत्व की सराहना भी की, जो विभिन्न उद्योगों में वैश्विक उत्कृष्टता के नए आयाम गढ़ रहे हैं।

### प्रत्येक योगदान, चाहे कितना भी छोटा क्यों न हो, है महत्वपूर्ण

बिरला ने स्नातक छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने न केवल छात्रों को अकादमिक ज्ञान प्रदान करने बल्कि उन्हें दुनिया और देश के भीतर सभी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने के विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने स्नातक छात्रों के जीवन में विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान की बात करते हुए उनकी सराहना भी की । बिरला ने कहा कि प्रत्येक योगदान, चाहे कितना भी छोटा क्यों न हो, छात्रों की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण रहा है। लोक सभा अध्यक्ष ने छात्रों को परिवर्तन के वाहक के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें आत्मविश्वास, दृढ़ विश्वास और बेहतर भविष्य के दृढ़ संकल्प के साथ विश्वपटल पर अपनी राह ढूंढने की सलाह दी।



# प्रशासन ने हाईवे किनारे से हटवाया अतिक्रमण, गरजा बुलडोजर

बस स्टॉप से स्टेशन रोड तक अतिक्रमण कारियों को मंगलवार तक अतिक्रमण हटाने का दिया गया अल्टीमेटम



ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर सीतापुर हाईवे ओयल चौकी से बस स्टॉप तक आज नायब तहसीलदार व क्षेत्रीय लेखपाल तथा चौकी प्रभारी की मौजूदगी में नगर पंचायत की टीम के साथ अवैध अतिक्रमण पर शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा। कस्बे की नगर पंचायत द्वारा 12 नवम्बर को मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण हटाने के लिए एनाउंसमेन्ट कराया गया था परंतु किसी दुकानदार ने अतिक्रमण नहीं हटवाया था। सुबह से ही नगर पंचायत की टीम तैयार हो गई। सुबह 11:00 पर पहुंचे नायब तहसीलदार सुनील कुमार क्षेत्रीय लेखपाल अनुज मिश्रा व चौकी प्रभारी प्रवीर गौतम, अधिशाषी अधिकारी ऋषिकेष वर्मा , की मौजूदगी में नगर पंचायत की टीम द्वारा अवैध दुकानदारों के अतिक्रमण पर बुलडोजर चलने लगा बुलडोजर की कार्यवाही देख हाईवे के ज्यादातर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे का अतिक्रमण अपने हाथ ही हटाना सुरु कर दिया।

उधर नेशनल हाईवे पर अतिक्रमण हटवाकर ईओ ऋषिकेश वर्मा, लिपिक अम्बरीष मय स्टाफ बस स्टॉप से स्टेशन रोड पर अतिक्रमण कारियो को मंगलवार तक अल्टीमेटम दिया।

सुशांत सिंह की दुकान के थोड़ा आगे एक महोदय अतिक्रमण कारी नाले पर पड़े पत्थर पर सीढ़िया लगवाए अतिक्रमण किये हुए थे जिसको देख ईओ और भड़क गए और स्वयं हटवाने को कहा और अगर नही हटाओगे तो नगर पंचायत द्वारा बुलडोजर से हटवाया जाएगा।

### पुलिस चौकी के पास दुकानदारों ने किया विरोध

आपको बताते चले कि पिछली बार नगर पंचायत द्वारा नेशनल हाईवे के पास सिर्फ एकतरफ का ही अतिक्रमण पिछली बार हटाया गया था और फिर उसी साइड से अतिक्रमण हटने को शुरू हुआ। शुरू होते ही महेश मिठाई के संचालक जितेंद्र गुप्ता, सोनू शैलेन्द्र गुप्ता इत्यादि ने विरोध किया नायब तहसीलदार ने आश्वाशन दिया कि दोनों साइड अतिक्रमण हटाया जाएगा और दुकानदारों को मंगलवार तक का अल्टीमेटम दिया गया उसके बाद अपने नुकसान के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### अतिक्रमणकर्ता खेलते रहे आंख मिचोली का खेल

नगर पंचायत ओयल द्वारा जहां एक तरफ अतिक्रमण हटवाया जा रहा था उधर दूसरी तरफ अतिक्रमण करने वाले दुकानदार फिर अपनी दुकानें अतिक्रमण कर लगाने लगे थे जिसको देख ईओ ऋषिकेश वर्मा मय स्टाफ पुनः अतिक्रमण कारियो को सख्त अल्टीमेटम देते दिखे।

## लखनऊ स्थित बजाज भवन की चेतावनी पर संगठन के जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।



बजाज चीनी मिलों पर पिछले वर्ष के करोड़ों रुपए गन्ना बकाया भुगतान को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन संगठन ने बजाज भवन लखनऊ में घेराव की चेतावनी दी थी। इसे गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने संगठन के जिलाध्यक्ष को उनके घर में नजरबंद कर लिया। संगठन के नेताओं का आरोप है कि भारतीय किसान यूनियन का आंदोलन असफल करने के लिए पुलिस ने संगठन के जिला अध्यक्ष को घर में नजर बंद कर दिया। जिससे कि संगठन के पदाधिकारी आंदोलन में हिस्सा ना ले सके। इसे लेकर भारतीय किसान यूनियन खीरी के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन को पुलिस ने शनिवार की सुबह लगभग 4 बजे ही तमाम पुलिस बल के साथ उनके शहर की पंजाबी कालोनी स्थित उनके आवास पर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया।

## खबरें एक नजर में

### हादसे में युवक घायल

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। सड़क हादसे में घायल एक युवक को सीएचसी लाया गया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। शुक्रवार को भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटखेरवा निवासी शत्रोहन 35 पुत्र रामस्वरूप सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### छत से गिरकर वृद्धा घायल

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। अचानक छत से गिरकर एक बुजुर्ग महिला चुटहिल हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बनबुधेली निवासी नत्थूलाल की पत्नी रामकली 60वर्ष छत पर कोई काम कर रही थी। अचानक पांव फिसलने के कारण वह छत से गिर गई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां से डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### स्कूल गई छात्रा लापता

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भल्लिया बुर्जुग निवासी किशोरी की मां महराब जहां पत्नी शकील ने कोतवाली में दर्ज कराई तहरीर में बताया। कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री सादिया गुरुवार को गोला स्थित एक इंटर कालेज में पढ़ने गई थी। इसके बाद स्कूल से वापस नहीं लौटने पर परिवारजनों को चिंता हुई। इधर उधर काफी तलाश के बाद उसका पता नहीं चला। जिसके बाद छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले में छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### वाहनों की चेकिंग, लगवाई रेडियम पट्टी

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। यातायात माह के समापन के दिन भी हैदराबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात के गुर सिखाए। साथ ही घने कोहरे में सुरक्षित सफर करने के लिए रेडियम पट्टी लगाई। हैदराबाद थाना प्रभारी शिवाजी दूबे के मार्ग दर्शन में आने जाने वाले वाहनों की तलाशी की। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी भी दी। टू व्हीलर, फोर व्हीलर चालकों को यातायात नियमों के बारे में बताया। सुरक्षित यात्रा करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इसी कड़ी में पुलिस ने सड़क पर गुजरने वाले वाहनों पर रेडियम पट्टी व रिफलेक्टर पटिटयां लगाई।

### जमीनी विवाद में महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सौठन निवासी हरीराम की पत्नी लीलादेवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि ग्राम निवासी कृपाशंकर पुत्र बैदू, रोहित कुमार, मोहित कुमार पुत्रगण कृपाशंकर उसकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर उक्त लोग उसे लाठी डंडो से मारने पीटने लगे। जब उनकी पुत्रियां बीच बचाव करने आईं तो उन्हें मारा पीटा। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### तीन एकड़ जमीन का बैनामा कराया, दिए एक लाख, दो लाख की बेइमानी

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। तीन एकड़ खेत का बैनामा कराने के बाद बकाया रकम देने से इंकार करने व इसके बाद जबरन खेत पर कब्जा करने के एक मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बलवंत सिंह पुत्र लक्खा सिंह निवासी ग्राम हरैया पोस्ट भैठिया थाना गोला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि उसने लगभग तीन वर्ष पूर्व अपना ग्राम स्थित एक एकड खेत मनीष जायसवाल पुत्र श्रीपाल जायसवाल निवासी अलीगंज रोड को करीब तीन लाख रुपये में बैनामा किया था। जिसमें विपक्षी ने एक लाख रुपये नगद दिया। जबकि दो लाख रुपये बैंक खातें में देने का आश्वासन दिया था। लेकिन जमीन का बैनामा होने के बाद विपक्षी उसका बकाया रकम नहीं दे रहा है। उसका खेत विपक्षी अवतार सिंह बलविंदर सिंह पुत्रगण दयाल सिंह निवासी ग्राम वसलीपुर जकील अहमद पुत्र अज्ञात निवासी भूतनाथ रोड थाना गोला ने एक राय होकर उसके खेत पर जबरन जोतवा दिया। विरोध करने पर विपक्षी हमलावर होते हुए अवैध असलहों व लायसेंसी असलहों से उसे व उसके परिवारजनों को मार देने की धमकी देने लगे। इसे लेकर वह काफी डरा सहमा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पोल्ट्री फार्म में लगी आग



निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।

कस्बे से सटे चिरकुआ रोड पर स्थित संदिग्ध परिस्थितियों में पोल्ट्री फार्म में लगी आग से पोल्ट्री फार्म जल कर राख हो गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे के पोल्ट्री फार्म खाली था जिसके चलते वहां मुर्गी पालन के लिए लगाएं गे ढांचे को ही नुकसान पहुंचा है।

पीड़ित अय्यूब अली ने बताया कि जब यह हादसा हुआ वह घर के बगल मे सगे संबंधी की शादी के चलते उनके घर पर थे। लोगों से हादसे की सूचना उन तक पहुंची। जिसके बाद वह आनन फानन में परिवार सहित मौके पर पहुंचे और पाया कि पोल्ट्री फार्म का ढांचा पूरी तरह से जल चुका था और उसमें रखा सामान भी राख हो गया था। लेकिन जब तक उन्होंने आग पर काबू पाया। सारा सामान जल चुका था। पीड़ित ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि आग लगने से हुए नुकसान की भरपाई की जाए। क्योंकि उसके पास अपनी जीविका चलाने का और कोई साधन नहीं है। इस आगजनी से करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। क्षेत्रीय लेखपाल कमलेश त्रिपाठी ने बताया कि घटनास्थल का मौका मुआयना कर नुकसान का आंकलन किया गया है।

## छात्र-छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।



थाना प्रभारी खमरिया की जन जागरूक पहल शुक्रवार को यातायात माह के दौरान सीता राम मनवार पब्लिक इन्टर कॉलेज खमरिया में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात जागरूकता कार्यक्रम मे थाना प्रभारी खमरिया विवेक उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी।

थाना प्रभारी ने कहा कि 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर छात्राओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हमारे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। सड़क पर चलने वाले व्यक्ति के लिए एक छोटी सी लापरवाही मौत का कारण बन जाती है।

**बिना लाइसेंस नहीं चलाएं गाड़ी:-** विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों के लिए आवश्यक है कि जब तक लाइसेंस न बन जाए वाहन ना चलाएं। नियमों के अनुसार ही वाहन चलाएं। हमारे जीवन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए ही नियम बनाए गए हैं। आज बड़ी संख्या में युवा सड़क हादसे में अपना बहुत कुछ गंवा बैठते हैं। हमारे छात्रों के लिए सबसे आवश्यक है अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना अनावश्यक स्टंट करना इन सब से दूर रहे। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ़ सहित थाना खमरिया स्टाफ़ मौजूद रहा।

### दो पहिया वाहन पर हेलमेट जरूर लगाएं

दो पहिया वाहन पर हेलमेट का उपयोग बेहद आवश्यक है। जब भी कोई हादसा होता है तो सबसे पहले सिर में चोट आती है। अक्सर हेड इंजरी मौत का कारण बनता है। वहीं अगर चार पहिया चालक सीट बेल्ट का इस्तेमाल करते हैं तो हादसे उन्हें काफी सुरक्षा मिलती है।

## शनिवार से खंभारखेड़ा चीनी मिल चालू न होने पर हल्लाबोल करेंगे किसान

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने चेतावनी दी है। कि शनिवार को खंभारखेड़ा चीनी मिल पहुंचेंगे। उन्होने कहा कि शनिवार को यदि चार बजे तक खंभारखेड़ा चीनी मिल चालू नहीं की गई। तो देर शाम से चीनी मिल गेट पर किसान बड़ी तादाद में हल्ला बोल करते हुए शारदा में जल सत्याग्रह करेंगे। बजाज ग्रुप के चेयरमैन कुशाग्र बजाज, सरकार एवं सरकार के गन्ना विभाग के अधिकारी अपनी लड़ाई में किसानों को बलि का बकरा ना बनाए। किसान भोले भाले हैं न कि नामर्द हैं, अपने हक के लिए लड़ना जानते है, चालू करें आज चार बजे तक चीनी मिल और किसानों के पिछले सत्र का बकाया गन्ना भुगतान करना सुनिश्चित करें। इसका संदेश कुशाग्र बजाज तक पहुंचा दिया गया है।

## सफाई नायक के सेवानिवृत्त होने पर हुई ससम्मान विदाई

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।



नगर पंचायत के मैरिज हाल में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सफाई नायक शिव शंकर के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें ससम्मान विदाई दी गयी। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने कहा कि जो लोग स्वच्छ, साफ एवं कुशल रूप से कार्य करते हुये बेहतर सेवाएं दे रहे हैं निश्चित रूप से समाज में उनकी सराहना की जायेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी रिजीव निगम ने शिव शंकर को माल्यार्पण कर श्रीराम चरित्र मानस देकर दीर्घायु की कामना किया। इस दौरान सभासद व कर्मचारियों ने माला पहनाकर गिफ्ट भेंट किए। विदाई के बाद एसडीएम राजीव निगम ने सेवानिवृत्त हुए शिव शंकर को अपनी गाड़ी जी अगली सीट पर बैठाकर खुद गाड़ी चलाकर ढोल नगाड़ों के साथ विदाई दी इस अवसर पर लिपिक अखिलेश अवस्थी, सभासद रामनरेश गुप्ता, राहूल गुप्ता, प्रभात शुक्ला, धुर्व कुमार, सलाउद्दीन अंसारी, सुरेंद्र सिंह एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में जबरन रकम दिए बैनामा कराने की मुख्यमंत्री से शिकायत

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। जबरन शराब के नशे में बंधक बनाकर जमीन का बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए संजय पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम दलेलनगर पोस्ट कंचनपुर थाना गोला ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में बताया कि उसकी कृषि भूमि ग्राम दलेलनगर में है। विपक्षी अमर सिंह, धर्म सिंह पुत्रगण रघुनाथ निवासी ग्राम दलेलनगर पोस्ट कंचनपुर थाना गोला बहाने से उसे बुलाकर ले गए और जबरन शराब पिलाई। इसके बाद एक दिन उसे अपने साथ रखा इसके बाद 23 नवंबर 24 को लखीमपुर तहसील ले जाकर शराब के नशे में धोखे से प्रार्थी की उक्त भूमि को अपनी मां रामबेटी पत्नी रघुनाथ निवासी ग्राम दलेलनगर पोस्ट कंचनपुर के नाम पर बिना प्रतिफल दिए बैनामा करा लिया। इसके बाद शाम को उसे छोड़ दिया। यहीं नही आरोप है कि विपक्षियों ने उसकी मूल बैक पासबुक व आधारकार्ड भी ले लिया। उसने इस मामले की लिखित शिकायत गोला कोतवाली में करते हुए मुकदमा दर्ज कराने की गुहार की। लेकिन गोला पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## दरोगा की अभद्र टिप्पणी पर ब्राह्मण संगठनों में आक्रोश

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।



थाना पसगवा में तैनात दरोगा राघवेंद्र सिंह द्वारा ब्राह्मण परिवार से की गई बदसलूकी व समस्त ब्राह्मण समुदाय के विरुद्ध की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जनपद के ब्राह्मणों में बेहद आक्रोश है। आक्रोश के चलते ब्राह्मण परिवार सेवा समिति के अध्यक्ष पंडित अवधेश मिश्रा व महामंत्री शरद शुक्ला के नेतृत्व में ब्राह्मण सेवा समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक खीरी कार्यालय पहुंचकर दरोगा के निलंबन की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। वही उक्त दरोगा के विरुद्ध संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है, जिसमें तमाम ब्राह्मण भाई मौजूद रहे।


वाइरल रिकार्डिंग के मुताबिक जनपद खीरी की विकास खण्ड पसगवां की ग्राम पंचायत मुल्लापुर की ग्राम प्रधान ने पसगवां थाना में तैनात उप निरीक्षक से एक लड़ाई झगडे के मुकदमें की जानकारी के लिए फोन किया तो थोड़ी देर तक ठीक ठाक बात करते रहे किन्तु अचानक साहब टून में आ गए और ऐलानिया ब्राह्मणों को अपशब्द कहते हुए अमर्यादित बात करते सुना जा रहा है।

दरोगा राघवेंद्र सिंह कहते है क्योंकि मैं जात का ठाकुर हू मैं बहुत ही बदतमीज किस्म का आदमी हू बता दिया है, अच्छे के लिए बहुत अच्छा हू मैं ब्राह्मणों के पैर छूता हू लेकिन पैर पकड़कर पटकना भी पसंद करता हूं, मैंने कह दिया अगर 10 बजे नही आए तो तो रात दो बजे तुम्हारे घर में घुसूंगा औरत व बच्चों को बेइज्जत करूगा और उठाकर ले जाऊंगा, जहां जिससे कहना है कह लेना मै अब अपनी ताकत दिखाऊंगा। दारोगा राघवेंद्र की उक्त टिप्पणी व घटिया मानसिकता से विशेष समाज काफी आहत हैं। इस संबंध में महिला प्रधान ने बताया कि एक संवैधानिक पद पर तैनात दरोगा जी किसी विशेष जात की इस तरह बेइज्जत करेंगे तो कानून व्यवस्था कैसे सही रहेगी। वायरल आडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

> संबंधित मामले में गणेश प्रसाद साहा पुलिस अधीक्षक खीरी ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही सब इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है जांच जारी है।

## चोरों ने मंदिर को बनाया निशाना, चांदी का मुकुट पार

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।



लखीमपुर खीरी में चोरों ने एक मंदिर को निशाना बनाते हुए मंदिर से चांदी मुकुट पार कर फरार हो गए। पूरा मामला निघासन कोतवाली के इलाके खैरहनी गांव का है जहां गांव के पूरब बरमबाबा स्थान पर स्थित बगलामुखी माता मंदिर से चोर चांदी का मुकुट चोरी कर फरार हो गए। मंदिर के पुजारी बाबा नंगादास ने बताया कि बीते शुक्रवार अपरान्ह करीब डेढ़ बजे दो बाइक सवार युवक वहां पहुंचे थे ,इनमें से एक बाइक स्टार्ट किए उस पर बैठा रहा। दूसरा मंदिर के अंदर चला गया। दोपहर होने से मंदिर के दोनों पट ढुलकाकर उन पर पर्दा डाल दिया गया था। थोड़ी देर बाद वह युवक वापस आकर बाइक पर बैठ गया और दोनों युवक मौके से फरार हो गए, उन्होंने जब मंदिर में जाकर देखा तो करीब एक किलो वजन का चांदी का मुकुट गायब मिला। इस पर उन्होंने तुरंत लोगों को जानकारी दी। सूचना पाकर यूपी 112 से पुलिसकर्मी पहुंचे और जानकारी ली। बाबा ने बताया कि ये दोनों युवक एक दिन पहले भी यहां आए थे और मंदिर में घूमकर चले गए थे। बाबा नंगादास ने निघासन कोतवाली में चोरी की तहरीर दी है।

### इससे पहले भी गांव में हो चुकी है बड़ी चोरी

बीते 6 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने गांव के रहने वाले रिटायर्ड अध्यापक हरद्वारी के घर को निशाना बनाते हुए 60 हजार की नगदी,12 जिंदा कारतूस समेत 10 लाख का सामान पार कर फरार हो गए थे।

> इस संबंध में क्षेत्राधिकारी महक शर्मा ने बताया विवेचना इंस्पेक्टर द्वारा की जा रही है जो भी जानकारी मिलगी आप लोगों को अवगत करा दी जाएगी।

## ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरण किए गए प्रमाण पत्र

एसडीएम, बीडीओ और सीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकृतियों को वितरण किए प्रमाण पत्र

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।



विकास खण्ड निघासन के ब्लॉक सभागार ने उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण एवं शालापूर्व शिक्षा को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मजबूत किए जाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम के अन्तिम दिन उपजिलाधिकारी निघासन राजीव निगम ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण के साथ-साथ बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा की महत्ता पर जोर देते हुए कहा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती की महत्वपूर्ण भूमिका राष्ट्र निर्माण में है जिसे वह शाला पूर्व शिक्षा के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करके अपनी भूमिका का निर्वहन करे थी उन्होंने कहा कि हम लोग भी आपके केंद्रों पर जाकर बच्चों मनोबल मजबूत करेंगे। क्षेत्राधिकार निघासन महक शर्मा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में केंद्र पर बच्चों के पोषण व पढ़ाई पर निष्ठा से कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा गया कि हम भी एक ऐसे परिवार से हैं जहां पर मेरी मां एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ती के रूप में काम कर रही थी उनके द्वारा बताई गई बहुत सारी बातों का मुझे ज्ञान भी प्राप्त हुआ और उनकी मेहनत और लगन के बलबूते आज मैं इस मुकाम पर हू काम कोई छोटा या बड़ा नहीं होता बस उसमें करने की लगन होनी चाहिए। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों की मां के रूप में बच्चों को प्यार दुलार के साथ शिक्षा प्रदान करने के लिए कहा गया उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि आपके द्वारा धरातल पर सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिलने चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ पूजा त्रिपाठी ने पोषण एवं स्वास्थ्य के अन्तर्गत माता एवं नवजात शिशुओं की देखभाल, कायाकल्प के अंतर्गत 18 इंडिकेटर व आधारभूत संरचना, गर्भवती महिलाओं एवं शिशु का आहार , शिशु की वृद्धि निगरानी पर प्रशिक्षण प्रदान किया। मुख्य सेविका कृष्णा कुमारी द्वारा शालापूर्व शिक्षा की आवश्यकता और महत्व , समावेशी शिक्षा और आईसीडीएस विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली छह सेवाओं के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रभारी बाल विकास परियोजना रमियाबेहड़ मंजू शुक्ला द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पूरक पोषण,प्री-स्कूल अनौपचारिक शिक्षा,पोषण एवम् स्वास्थ्य शिक्षा प्रतिरक्षा एवं स्वास्थ्य जांच के विषय में प्रशिक्षित किया गया। ब्लॉक लेवल ट्रेनर श्री मधुरेश शुक्ला द्वारा शाला पूर्व शिक्षा संबंधित गतिविधियों व निपुण पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। डॉ नीरज चौरसिया द्वारा सैम मैम बच्चों के प्रबंधन व ई कवच पर फीडिंग के विषय में प्रशिक्षण गया। मुख्य सेविका माया देवी द्वारा अनुपूरक पोस्ट हर पुष्टाहार के वितरण संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया निघासन ब्लाक कोऑर्डिनेटर श्री इंद्रजीत राठौर द्वारा पोषण ट्रैकर के समस्त बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।




ब्लॉक स्तरीय कीड़ा (खेल) प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी शशांक प्रताप सिंह के निर्देशन में रामलीला मैदान में संपन्न हुआ जिसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ने फीता काट एवं झंडी दिखाकर किया। 12 न्याय पंचायतो के प्राथमिक बालिका वर्ग में सिदरा संविलियन विद्यालय बैदा प्रथम अशघना मूड़ा ग़ालिब द्वितीय अक्षरा मुकुंदपुर तृतीय रहे एवं बालक वर्ग में शशांक राधोला प्रथम उवैस द्वितीय तथा अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ प्राथमिक बालिका वर्ग ने सिदरा फरेंदा प्रथम गुंजन द्वितीय प्रतिभा गौतम तृतीय रहे बालक वर्ग की100 मीटर दौड़ में रामपुर मदारी से अयान प्रथम अमित संविलियन विद्यालय बैंदा द्वितीय उवैस धमोला तृतीय स्थान पर रहे उच्चतम माध्यमिक विद्यालय की 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में गायत्री प्रथम पड़रिया रोमी बढ़खर द्वितीय तथा निधि कस्तूरबा गांधी आवासीय तृतीय रही तथा 200 मीटर दौड़ प्राथमिक स्तर में नैंनसी रविंद्र नगर प्रथम साधना खेतारा द्वितीय एमन तृतीय रहे सुलेख प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर अविरल लौकी खेड़ा प्रथम विद्या बड़वारी उधौ द्वितीय तथा आदर्श पड़रिया तृतीय रहे तथा उच्चतम प्राथमिक विद्यालय वर्ग में महक यूपीएस गुलौली प्रथम अनुराग संविलियन विद्यालय लौकी खेड़ा द्वितीय राजकमल संविलियन बौधी खुर्द तृतीय रहे योगासन बालक वर्ग में पलिया प्रथम संविलियन विद्यालय पड़रिया द्वितीय रहे। बालिका वर्ग के योगा में संविलियन विद्यालय पलिया प्रथम लोकगीत में पलिया प्रथम बैंदा द्वितीय रहे सभी न्याय पंचायतो में प्राथमिक वर्ग में न्यायिक पंचायत राजापुर बेनी प्रथम फरेंदा द्वितीय पिपरिया कसान तृतीय रही तथा उच्चतर प्राथमिक वर्ग में न्यायिक पंचायत राजपुर बैनी प्रथम मुडा ग़लिब द्वितीय फरेंदा न्याय पंचायत तृतीय रही। निर्णायक कमेटी में विनीत शुक्ला, सुरेंद्र वर्मा, श्याम कुमार पांडे, अंबिका प्रसाद मिश्रा, रिचा मिश्रा, प्रिया पांडे, पल्लवी अर्शी, सुल्ताना मोहम्मद फरीद आदेश कुमार सचिन दीक्षित मौजूद रहे। मंच संचालन आशीष मिश्रा लोकेंद्र लवानिया विनीत यादव मोहम्मद खालिद ने किया। कार्यक्रम आयोजन में मुख्य भूमिका अतीक खान लेखाका 'रिजवान मनीष राठौर अमित अवस्थी का योगदान रहा। अंत में पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

## पलिया खण्ड विकास अधिकारी संगीता यादव को निर्विरोध चुना गया प्रदेश उपाध्यक्ष

पलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश पीडीएस संघ के चुनाव में अखिलेश सिंह अध्यक्ष और चंदन देव पांडे महामंत्री निर्वाचित हुए हैं। साथ ही अन्य पदाधिकारी भी चुने गए हैं। सभी ने इन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है।

उत्तर प्रदेश पीडीएस संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अखिलेश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर, लखीमपुर खीरी के विकासखंड पलिया में तैनात संगीता यादव को उपाध्यक्ष पद (निर्विरोध), महामंत्री पद पर चंदन देव पांडेय, कोषाध्यक्ष पद पर डॉक्टर नेहा शर्मा व आडिटर पद पर गगन दीप (निर्विरोध) निर्वाचित हुए हैं।संघ से जुड़े लोगों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। खंड विकास अधिकारी पलिया संगीता यादव का उपाध्यक्ष चुने जाने पर विकासखंड पलिया में ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा किया गया भव्य स्वागत इस दौरान विकासखंड के अधिकारी व कर्मचारी व ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी सभी की उपस्थिति में खंड विकास अधिकारी पलिया को दी गई बधाई।

# 2025 में होने वाले महाकुंभ में आध्यात्मिकता की नई गाथा लिखने को संगम नगरी तैयार

## उत्तर प्रदेश पर्यटन के तत्वावधान में आयोजित महाकुंभ-2025 प्रील्यूड का प्रमुख उद्देश्य संगम नगरी प्रयागराज व वहां के तीर्थ स्थलों की झलक पेश करना : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन की ओर से महाकुंभ-2025 प्रील्यूड कार्यक्रम का आयोजन आज शुक्रवार को नई दिल्ली के होटल अशोक में हुआ। उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा आयोजित महाकुंभ-2025 प्रील्यूड का प्रमुख उद्देश्य संगम नगरी प्रयागराज और वहां के तीर्थ स्थलों की झलक पेश करना रहा। यह विशेष आयोजन आध्यात्मिकता, संस्कृति और परंपराओं की उस महायात्रा का आरंभ है, जो 2025 में विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में सामने आएगी। प्रिल्यूड का उद्देश्य महाकुंभ-2025 के आयोजन से पूर्व उसकी महत्ता, मूल्यों और तैयारियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाना है।

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा, महाकुंभ, भारत की समृद्ध और विविध संस्कृति तथा मानवता का उत्सव है। हम प्रयागराज में आयोजित होने वाले आगामी महाकुंभ- 2025 के लिए पूरे विश्व के लोगों को आमंत्रित करते हैं। यह आयोजन वर्तमान के भू-राजनीतिक अशांत समय में वैश्विक एकता और सहयोग की भावना का प्रतीक है। हम महाकुंभ को सांस्कृतिक आदान-प्रदान





के एक अनूठे अवसर के रूप में देखते हैं। यदि आप भारत घूमना चाहते हैं, तो अवश्य महाकुंभ का हिस्सा बनें। हम सभी यात्रियों के अनुभव को अद्वितीय बनाने के लिए आवास, परिवहन और महाकुंभ मेला क्षेत्र और उसके आसपास के निर्देशित दौरों के लिए हर प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तत्परता से काम कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा, भारत, वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के मूलमंत्र को चरितार्थ करता है। महाकुंभ-2025 विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम होने वाला है। 12 वर्ष बाद संगम नगरी प्रयागराज में यह सनातनी योग आया है, जिसका वैज्ञानिक कारण भी है। इस दिव्य, भव्य एवं नव्य महाकुम्भ में कई विश्व कीर्तिमान स्थापित होने जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में वर्ष 2019 में आयोजित कुंभ का भव्य आयोजन किया था, जिसमें 25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान, ध्यान, भ्रमण किया। इस आयोजन की साक्षी पूरी दुनिया बनी थी। इस बार महाकुंभ मेले में विभिन्न तिथियों पर लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

### महाकुम्भ की तैयारी में तेजी से हो रहा पांटून पुलों का निर्माण

**लखनऊ/प्रयागराज,समृद्धि न्यूज।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ के लिए पांटून पुलों का निर्माण जोरों पर है। 13 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पूर्व निर्धारित समयसीमा के अंदर सभी पुलों का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए पीडब्ल्यूडी की टीम युद्ध स्तर पर काम कर रही है। फिलहाल 5 पांटून पुलों को क्रियाशील कर दिया गया है, जबकि 10 दिसम्बर तक कुल 19 पुलों को क्रियाशील कर दिया जाएगा। शेष 11 पुलों के निर्माण कार्य में ड्रेजिंग का काम पूरा होने के बाद तेजी



आएगी। 3 दिसम्बर तक 9 पुल होंगे क्रियाशील प्रयागराज पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर ए.के द्विवेदी ने बताया कि सभी पुलों का निर्माण कार्य तय समय के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है। पुलों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह पुल निर्माण परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि अब तक 5 पांटून पुलों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इन्हें आवागमन के लिए शुरू कर दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### कल होगी अपना दल (एस) पार्टी की जनसभा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अपना दल सोनेलाल पार्टी का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 2 दिसंबर को रिमझिम मैरिज गार्डन सिविल लाइंस ललितपुर में होगा। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल कार्यक्रम में शामिल होंगी। कार्यक्रम को लेकर जानकारी अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव युवा मंच संजीव सिंह राठौर ने दी। कार्यक्रम को लेकर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी ताकत और तैयारी से जुट चुके हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पाल, राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राम लखन पटेल, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेखा पटेल, पार्टी राष्ट्रीय सचिव के के पटेल , प्रदेश अध्यक्ष अल्प संख्यक मंच अहमद मंसूरी व अन्य प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारी ललितपुर पहुँच चुके है।

### सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर भिड़ंत, तीन की हालत गंभीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकारी के मुताबिक महिगवां थाना क्षेत्र के सोनवा गांव में ग्राम प्रधान अशोक कुमार गिरि और गंगा शरण गिरि उर्फ मुन्ना के बीच में सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले हैं। शनिवार सुबह हुई इस घटना में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। वहीं, ग्रामीणों ने इसकी सूचना महिगवां थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल ग्राम प्रधान अशोक गिरि, भाई संजय गिरि और विपक्ष के गंगा शरण गिरि उर्फमुन्ना को इलाज के लिए बीकेटी क्षेत्र के रामसागर मिश्र श्री श्यामा संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। जहां तीनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया है। मामूली रूप से घायल ग्राम प्रधान अशोक का भाई वरुण गिरि, विपक्ष के रंजीत गिरि पुत्र गंगा शरण गिरि तथा तथा अन्य तीन महिलाएं भी चोटिल हुई हैं। गांव में तनाव के चलते पुलिस बल तैनात किया गया है। बता दें कि सोनवा गांव में कुएं के पास सरकार जमीन है, जिसको लेकर पहले से विवाद होता चला आ रहा है। दोनों पक्षों द्वारा उस जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करते हैं।

### पूर्वी विधानसभा में तीन नई सड़क व इंटरलॉकिंग कार्य का शुभारम्भ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वी विधानसभा के इस्माइलगंज प्रथम और द्वितीय वार्ड में विधायक ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने तीन स्थलों पर नई सड़क और इंटरलॉकिंग कार्य का शुभारम्भ किया। इसी वार्ड में तीन स्थलों पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर सड़क, इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य का नारियल फोड़ कर पूरे विधि विधान के साथ विकास कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान इस्माइलगंज वार्ड के पार्षद पति हरीश अवस्थी, पार्षद प्रत्याशी कृष्णवीर सिंह बंटू, इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के पार्षद रामकुमार वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। विधायक ने इस्माइलगंज प्रथम वार्ड में रत्न विहार में एस.एस. पाण्डेय के आवास से वैभव स्कूल तक सड़क एवं नाली निर्माण, इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत रजत कॉलेज मोड़ से ट्रांसफार्मर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण एवं इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत शिवम अवस्थी के मकान से गोविन्द विहार मोड़ तक इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य कार्य का शुभारम्भ किया। विकास कार्यों का शुभारंभ करने के बाद विधायक ने डी.के. मैरिज लॉन, हरिहर नगर में जनता से संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और विधानसभा में कराए जाने वाले प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी।

### बीकेटी परिषदीय विद्यालय में मीना मंच का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब स्थित हरधौर पुर परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मीना मंच के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान एक छात्रा का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इसके अलावा कहानी, नाटक और खेल प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। माह के अंतिम शनिवार को मीना मंच आयोजित किया जाता है। इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इस बार मीना मंच के दौरान कक्षा 8 की छात्रा काजल राजपूत का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। काजल को बच्चों ने हैप्पी बर्थडे टू यू बोलकर बधाई दी। सभी बच्चों को कौशलेंद्र सिंह एवं सहायक अध्यापिका मंजू रस्तोगी ने केक, बिस्किट और टॉफी वितरित की। अध्यापिका मंजू रस्तोगी ने बताया कि यूनिसेफमीना मंच के द्वारा बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लिंग के आधार पर बालक–बालिका में समानता के उद्देश्य से कार्यक्रम को आयोजित करता है। राज्य के शिक्षा विभाग की ओर से अब तक 36 हजार 22 मीना मंचों का आयोजन किया जा चुका है।

### पेंशनरों ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ईपीएस–95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें न्यूनतम पेंशन बढ़ाने व फ्री मेडिकल सुविधा प्रदान करने के लिए ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय परिवहन मंत्री ने कहा कि वह इस संबंध में पहले भी प्रयास कर चुके हैं और वह फिर से केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखेंगे और व्यक्तिगत रूप से बात भी करेंगे। समिति के प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर, संगठन मंत्री पी के श्रीवास्तव, मुख्य समन्वयक उमाकांत सिंह विसेन एवं के बहल शामिल रहे।

### बजाज हिंदुस्तान शुगर लि. का ऑफिस पर गन्ना किसानों का हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गन्ना किसानों का भुगतान नहीं होने से नाराज किसानों ने लखनऊ में बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड के कार्यालय का घेराव किया। बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और जमकर हंगामा किया। इस दौरान भाकियू प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह ने कहा–लखीमपुर, सीतापुर और अन्य पूर्वी जिलों में अभी तक गन्ना किसानों को एक भी रुपया नहीं दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश में बजाज की 14 शुगर मिलें हैं। इनमें पश्चिमी यूपी की चार–पांच शुगर मिलों में आंशिक भुगतान किया गया है, लेकिन लखीमपुर, सीतापुर और अन्य पूर्वी जिलों में अभी तक एक भी रुपया नहीं दिया गया। हरिनाम सिंह ने कहा प्रधानमंत्री डिजिटल इंडिया की बात करते हैं, लेकिन यहां किसानों को अपने हक के लिए सड़कों पर आना पड़ता है। इसके बाद किसानों ने गन्ना ट्रैक्टर–ट्रॉलियों से उतार कर कार्यालय परिसर में रख दिया।

### किंडरगार्टन क्रिकेट एंड सॉकर मैच में टाइगर व डॅव टीम ने बाज़ी मारी




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बच्चों एवं युवाओं में शारीरिक एवं मानसिक विकास को विकसित करने के उद्देश्य से आज राइम एंड रिदम इंटरनेशनल स्कूल द्वारा सेक्टर– के–614 आशियाना, लखनऊ स्थित खेल प्रांगण में आयोजित किंडरगार्टन क्रिकेट एंड सॉकर मैच टाइगर व डॅव टीम ने बाज़ी मारी। कोयल सक्सेना के संयोजन एवं बलराम सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित किंडरगार्टन क्रिकेट मैच में बालक वर्ग में लॉयन, टाइगर, चीता और पैंथर टीमों ने मैच खेला, जिसमें टाइगर टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की, इसी तरह बालिका वर्ग के किंडरगार्टन सॉकर मैच में ईगल और डॅव टीम ने सॉकर मैच खेला, जिसके अंतर्गत डॅव टीम विजेता रही। समारोह में मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा सक्सेना, विशिष्ट अतिथि पूजा मल्होत्रा और आयुषी अवस्थी ने सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एकता वोगरा, विधिका दास सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सपा को न न्यायपालिका पर न देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा

### संभल मामले में कृषि मंत्री ने सपा को घेरा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ, अयोध्या ।** उत्तर प्रदेश स्थित राम नगरी अयोध्या पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संभल जाने पर लगी रोक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा किए गए प्रदर्शन पर कहा कि सपा वाले हमेशा धरने पर बैठते रहते हैं। उनके धरने को कोई नोटिस में नहीं लेता है। जहां उनकी इच्छा होती है, वहीं धरने पर बैठ जाते हैं। उनका आईना ही दूसरा है।

सूर्य प्रताप शाही ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे पर रोक नहीं लगाई है। निचली अदालत की कार्रवाई को रोका है। सर्वे रिपोर्ट को बंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा है। अदालत उसके बारे में फैसला करेगी। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सपा को ना तो न्यायपालिका पर भरोसा है ना तो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा है, ना चुनाव आयोग पर भरोसा है, ना ही उन्हें राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर



भरोसा है। कृषि मंत्री ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि वह जो कुछ कहे वह सब कुछ सही है। पहले कांग्रेस में चलता था खाता ना बही सीताराम केसरी जो कहें वही सही, यही हाल समाजवादी पार्टी का भी है। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर सूर्य प्रताप शाही ने कहा मिल्कीपुर की जनता लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर पश्चाताप कर रही है। जब उसे अवसर मिलेगा वह भाजपा के कमल के फूल को खिलाएगी। बता दें कि हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव में मिल्कीपुर सीट शामिल नहीं थी। दरअसल, साल 2022 के विधानसभा चुनाव में अवधेश प्रसाद से हारने वाले पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने कोर्ट में याचिका डाली है। इसी को चलते मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव नहीं हुए थे।

### संभल में पीड़ितों पर दबाव डाल रहा प्रशासन : रविदास



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों और घायलों से मिलने जा रहा था। सुरक्षा कारणों से सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा को पुलिस ने रोक दिया तो वो वहीं धरने पर बैठ गए। रविदास मेहरोत्रा ने बातचीत की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से जानबूझकर पीड़ितों और उनके परिवारों पर दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम यह चाहते हैं कि हम संभल जाएं, क्योंकि वहां आज जांच आयोग आया हुआ है। लेकिन डीएम और एसपी अपने हिसाब से बयान दिलवा रहे हैं, लोगों पर दबाव डालकर। हमें लगता है कि उत्तर प्रदेश में अघोषित रूप से आपातकाल जैसा माहौल है। मेहरोत्रा ने आगे कहा कि हम लोकतंत्र सेनानी हैं और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संघर्ष करने को तैयार हैं। भाजपा की नफरत फैलाने वाली राजनीति को हम स्वीकार नहीं कर सकते। जब तक संभल के लोगों को न्याय नहीं मिलेगा, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस बीच, सपा अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा, प्रतिबंध लगाना भाजपा सरकार के शासन, प्रशासन और सरकारी प्रबंधन की नाकामी है। ऐसा प्रतिबंध अगर सरकार उन पर पहले ही लगा देती, जिन्होंने दंगा–फसाद करवाने का सपना देखा और उन्मादी नारे लगवाए तो संभल में सौहार्द–शांति का वातावरण नहीं बिगड़ता। भाजपा जैसे पूरी की पूरी कैबिनेट एक साथ बदल देते हैं, वैसे ही संभल में ऊपर से लेकर नीचे तक का पूरा प्रशासनिक मंडल निलंबित करके उन पर साजिशन लापरवाही का आरोप लगाते हुए सच्ची कार्रवाई करके बर्खास्त भी करना चाहिए और किसी की जान लेने का मुकदमा भी चलना चाहिए। भाजपा हार चुकी है। बता दें कि संभल में हुई हिंसा की न्यायिक जांच के लिए सीएम योगी ने बीते दिनों आदेश दिए थे। राज्य के गृह विभाग के आदेश के अनुसार, हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। समिति के दो अन्य सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद और पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन हैं।

# धर्म की आड़ में अपने राजनीतिक स्वार्थ में जुटी सरकारें : मायावती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस.पी. प्रमुख मायावती ने आज उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड राज्य के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा जिला अध्यक्षों सहित पार्टी के अन्य सभी जिम्मेदार लोगों के साथ उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद पहली बैठक की। इस दौरान मायावती ने कहा कि धर्म की आड़ में अपनी राजनीति स्वार्थ में देश व प्रदेश की सरकार काम कर रही है। उन्होंने कार्यताओं आगामी आम चुनाव के लिए तैयारी बनाने की बात कही है।

उन्होंने कहा कि देश व समाज को संकीर्ण जातिवादी एवं साम्प्रदायिक तत्वों की जड़ से निकालने के लिए खासकर दलित व अन्य अम्बेडकरवादी बहुजनों को एकजुट होकर सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्ति के लिए संघर्ष को और मजबूत और तीव्र करने की जरूरत है। मायावती ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की तरह ही वर्तमान में भाजपा की भी गरीब विरोधी व धन्नासेठ समर्थक नीतियों एवं कार्यकलापों के विरुद्ध लोगों में वही आक्रोश व्याप्त है, जिस पर से लोगों का ध्यान बांटने के लिए यह पार्टी भी किस्म-किस्म के नये जातिवादी एवं साम्प्रदायिक हथकण्डों का इस्तेमाल



करती रहती है और चुनाव में इसका लाभ भी ले लेती है। विशेषकर चुनावों के समय में जनहित व जनकल्याण के किए गए लुभावने वादों को सरकार बन जाने पर उनको ईमानदारी से निभाने के बजाय उन्हें पूरी तरह से भुला देने आदि की तरह इसी प्रकार की अन्य नकारात्मक एवं घिनौनी राजनीति से आम जनहित व देश का कुछ भी भला नहीं होता है बल्कि जन समस्या यथावत बरकरार है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं यूपी सरकार द्वारा भी संवैधानिक दायित्वों को निभाने के संवैधानिक कार्यो से अधिक धर्म को आड़ बनाकर अपनी राजनीति साधने में देश में कोई पीछे नजर नही आती है। यही कारण है कि आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य यूपी व पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में भी महंगाई की जबरदस्त मार झेल रहे सर्वसमाज के करोड़ों लोग गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा व पिछड़ेपन आदि का अंधकार जीवन जीने को लगातार मजबूर हैं, यह अति-दुखद।

# पूर्ववर्ती सरकारों के छल से छीना गया मछुआ समाज का अधिकार : निषाद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी द्वारा माँ शाकुंभरी देवी शक्तिपीठ, जनपद सहारनपुर से संवैधानिक अधिकार यात्रा की शुरुआत की गई है। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व श्री निषाद ने भूरादेव महाराज और माँ शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ के दर्शन कर देश व प्रदेश की प्रगति व कुशलक्षेम की प्रार्थना और व मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

श्री निषाद ने यात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा की निषाद पार्टी की स्थापना देश व प्रदेश के मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए की गई थी। निषाद पार्टी प्रदेश सरकार में सहयोगी पार्टी और जबसे वह मंत्री बने हैं, प्रदेश के मछुआ समाज के हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं, मत्स्य विभाग की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मछुआ समाज को प्रथमकिता से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकार यात्रा प्रदेश के सभी 18 मण्डल, 200 विधानसभा में जाएगी, तीन चरणों में



यात्रा अपने अंतिम पड़ाव नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंदौर स्टेडियम में समापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मछुआ समाज की सभी उपजातियों को एकजुट करने के लिए यात्रा निकाली जा रही है, क्योंकि उत्तर प्रदेश सेंसर मैनुएल 1961 के तहत प्रदेश में मझवार व तुरैहा को अनुसूचित जाति का अधिकार मिलना चाहिए। श्री निषाद ने भारत के संविधान में सूचीबद्ध मझवार और तुरैहा नाम से अंकित अनुसूचित जाति का लाभ निषाद समेत अन्य 17 उपजातियों को नहीं मिल पाने के मुद्दे को अपनी प्राथमिकता मानते हुए, समाज को एकजुट करना शुरू किया, और तत्कालीन सपा की सरकार ने समक्ष पूर्ववर्ती केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मछुआ समाज के साथ हुए अन्याय और पक्षपात पूर्ण रवैये को रखने का काम किया, किस तरह सन 1990 में तत्कालीन केंद्र सरकार ने संसद में बिना किसी बहस कराये संविधान में सूचीबद्ध मझवार और तुरैहा को बाहर किया गया है।

### सीएम योगी से मिले रामदास आठवले सरकार में मांगी हिस्सेदारी

**लखनऊ ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार डॉ. रामदास आठवले ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 5-कालिदास मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात कर यूपी में आरपीआई को हिस्सेदारी देने की माँग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सकारात्मक आश्वासन दिया। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामदास आठवले ने कहा, आरपीआई केंद्र में एनडीए का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश में आरपीआई को अपना दल, निषाद पार्टी, सुहेलदेव समाज पार्टी की तरह एनडीए गठबंधन में शामिल कर प्रतिनिधित्व देना चाहिए, इससे 2027 में भाजपा की और ज्यादा सीटें आयेंगी। क्योंकि बाबा साहेब को मानने वाला एक बड़ा वर्ग उत्तर प्रदेश में है और आरपीआई बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। आरपीआई के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि आरपीआई से बड़ी संख्या में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लोग जुड़ रहे हैं। मार्च 2025 तक प्रदेश के हर जिले में आरपीआई की कार्यकारिणी बन जाएगी एवं 2026 तक एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य हमने लिया है।

# दुनिया को प्रेरणा दे रहा बुद्ध के शांति का मार्ग

### भगवान बुद्ध के उपदेश विश्व शांति के लिए प्रासंगिक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश शांति का मार्ग अपनाने पर जोर देते हैं, उनके उपदेश आज की तनावभरी जिंदगी तथा विश्व शांति के लिए और अधिक प्रासंगिक है।

श्री मौर्य ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री न केवल शांति का संदेश दे रहे हैं बल्कि उसपर अमल भी कर रहे हैं। दुनिया ने युद्ध दिया और भारत ने बुद्ध दिया। जहां तथागत के शिष्य होंगे वहां शांति होगी, विपश्यना होगी। प्रत्येक



परिवार में भगवान बुद्ध का एक अनुयायी होना चाहिए। अगर शांति, विकास, रोजगार चाहिए तो बुद्धं शरणं से उत्तम कोई दूसरा मार्ग नहीं है। श्री आज मौर्य लखनऊ की ग्राम पंचायत मवई पड़ियाना स्थित शाक्यमुनि बुद्ध विहार एवं भिक्षु प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित श्रामेरण प्रशिक्षण शिविर एवं धम्म देशना मेडिटेशन के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध, त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण का पर्याय हैं। आज पूरा विश्व महात्मा बुद्ध के विचारों पर चलने की अपील कर रहा है। पूरा संसार भारत को शांतिप्रिय एवं सद्भावना का दूत मानता है। तथागत भगवान बुद्ध के जीवन और दिखाए गए सत्य, अहिंसा, प्रेम व करुणा के मार्ग से विश्व-शांति एवं राष्ट्र-निर्माण की प्रेरणा दुनिया को हमेशा मिलती रहेगी। केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों जैसे सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कौशाम्बी और संकिसा का निरन्तर विकास कर रही है। कौशाम्बी में विपश्यना केन्द्र निर्माण की तैयारी प्रगति के अंतिम चरण में है मठ और स्तूपों के विकास के साथ पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### सेंट्रल बार एसोसिएशन और लखनऊ बार एसोसिएशन के 101 अधिवक्ताओं का सम्मान




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कानपुर रोड आशियाना स्थित स्मृति उपवन बंगला बाजार में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में शनिवार शाम आज के बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश नीरज सिंह एवम विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश अखिलेश अवस्थी एडवोकेट व लखनऊ महामंत्री बार एसोसिएशन बृजभान सिंह भानु एडवोकेट , पूर्व महामंत्री लखनऊ बार एसोसिएशन कुलदीप नारायण मिश्रा अधिवक्ता, पूर्व महामंत्री सेंट्रल बार अखिलेश जायसवाल अधिवक्ता, पार्षद भारतीय जनता पार्टी एवम अधिवक्ता आशीष हितैसी एवम अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा,रणवीर सिंह ,विनय दुबे द्वारा सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। आज के कार्यक्रम संयोजन में अधिवक्ता सूरज जैसवानी, योगेंद्र पाल सिंह भल्ला एवं अभिनव सिंह थे।सांस्कृतिक संध्या के मंच से आज 101 अधिवक्ताओं का सम्मान हुआ इसके संयोजक गोविंद कनौजिया एडवोकेट रहे अधिवक्ताओं ने सम्मान पाकर हर्ष महसूस किया। तत्पश्चात मंच से शशांक द्वारा मैजिक शो करके दर्शकों को अचंभित किया। एक से बढ़कर एक मैजिक शो दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया।

सुविधा

### एक किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं को सरचार्ज में मिलेगी शत-प्रतिशत छूट

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू

### 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक लागू रहेगी योजना : शर्मा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत योगी सरकार की कल्याणकारी योजना एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 को लागू करने की घोषणा शनिवार को मऊ जिले में प्रवास के दौरान तमसा नदी के पावन तट पर घाट निर्माण एवं सौंदरीकरण व प्रकाश व्यवस्था कार्यों का उद्घाटन कार्यक्रम में की। योजना के तहत सभी श्रेणी के



विद्युत उपभोक्ताओं को अपने विलंबित भुगतान अधिकार में छूट मिलेगी।

उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि योजना का लाभ लेने के लिए जल्दी आए और एकमुश्त भुगतान कर अपने बकाया बिलों में ज्यादा छूट का लाभ उठाएं। उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना तीन चरणों में लागू होगी। यह योजना 15 दिसंबर,2024 से 31 जनवरी, 2025 तक अर्थात् कुल 47 दिनों तक लागू रहेगी। योजना का प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कुल 16 दिन, दूसरा चरण 01 जनवरी से 15 जनवरी तक कुल 15 दिन, तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी तक कुल 16 दिन रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय 30 सितंबर,2024 तक के विद्युत् बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। उपभोक्ताओं को 30 सितंबर, 2024 तक के बकाया विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किस्तों में भी भुगतान का विकल्प मिलेगा। उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर,2024 तक योजना के प्रथम चरण में अपने विलंबित बिलों का एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में सर्वाधिक छूट मिलेगा।

एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के प्रथम चरण में विलंबित बिलों के एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में शतप्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। किसानों को उनके निजी नलकूप में 31 मार्च, 2023 तक के उनके बकाए विद्युत बिलों के विलंबित भुगतान अधिभार में छूट का लाभ लेने के लिए 07 मार्च, 2024 से पंजीकरण कराए जा रहे हैं, जिन्हें अभी इस छूट का लाभ मिलता रहेगा

#### पहले पंजीकरण वाले उपभोक्ताओं को मिलेगा सर्वाधिक लाभ

योजना में पहले चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को शत–प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। छूट की दर चरणों के अनुसार घटती जाएगी, जिससे पहले पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। इसके बाद उपभोक्ता अपने बकाया बिल का भुगतान एकमुश्त या किश्तों में कर सकते हैं। विलंबित भुगतान अधिभार में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त भुगतान पर प्रथम चरण में 100 प्रतिशत छूट, द्वितीय चरण में 80 प्रतिशत, और तृतीय चरण में 70 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, किश्तों में भुगतान पर प्रथम चरण में छूट क्रमशः 75 प्रतिशत, 65 प्रतिशत और 55 प्रतिशत होगी। वाणिज्यिक, औद्योगिक, और निजी संस्थानों के लिए यह छूट क्रमशः 60 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, और 40 प्रतिशत होगी।

### ताजिकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सहयोग के लिए लखनऊ विवि को मिला आमंत्रण

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय को भारत में ताजिकिस्तान गणराज्य के दूतावास से जनवरी 2025 में ताजिकिस्तान का दौरा करने के लिए एक प्रतिष्ठित आमंत्रण प्राप्त हुआ है। इस दौरे का उद्देश्य ताजिक उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ स्थायी द्विपक्षीय शैक्षिक और सांस्कृतिक सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना है। ताजिकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा 29 नवंबर 2024 को जारी एक पत्र के अनुसार, सरकार ने लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 26 सितंबर 2024 को प्रस्तुत शैक्षिक सहयोग प्रस्ताव के समर्थन की सहमति व्यक्त की है। इस पहल का उद्देश्य दोनों देशों के शैक्षिक संस्थानों के बीच संबंधों को मजबूत करना और आपसी विकास व स्थिरता को बढ़ावा देना है।

# पुलिस ने पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

- साइबर क्राइम रोकने के लिए पुलिस लोगों को कर रही जागरूक
- विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के बताए तरीके



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच रायबरेली पुलिस इसे लेकर सघन जागरूकता अभियान चला रही है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि साइबर अपराध आज के समय की सबसे चुनौती है जिससे जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बचा जा सकता है।

यही कारण है कि यहां सभी शैक्षिक संस्थानों में हर रोज़ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में फीरोज गांधी डिग्री कालेज में आयोजित कार्यशाला के दौरान एक छात्रा ने अपने साथ हुई साइबर धोखाधड़ी का ज़िक्र भी किया। उसने बताया कि वर्क फ्रॉम होम के नाम पर उससे साइबर ठगों ने पैसा जमा करा लिया उसके बाद गायब हो गए।

### साइबर अपराध के प्रति जागरुकता में ही बचाव

वहीं जगरूकता कार्यक्रम के दौरान फीरोज गाँधी डिग्री कालेज की प्रोफेसर ने बताया कि आने वाला समय एआई और मेटावर्स का है। ऐसे में नई उम्र के बच्चों का प्रभावित होना संभावित है ऐसे में जगरूकता कि अवश्यकता सबसे ज्यादा इन्हीं बच्चों को है। जगरूकता कार्यक्रम को संचालित कर रहे साइबर थाना के प्रभारी विंध्य विनय सिंह ने इस दौरान छात्र छात्राओं को आगाह किया कि वह अनजाने लिंक, अंजान लोगों की फेंड रिक्वेस्ट और अंजान लोगों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चैटिंग की भूल न करें। वहीं ऐप डाऊन लोडिंग को लेकर भी सावधान रहें और वेरीफाइड माध्यम से ही इन्हें डाउनलोड करें।

### साइबर ठगी होने पर यहां करें शिकायत

साइबर ठगी होने पर तत्काल शासन के साइबर सेल के टोल फ्री नंबर 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराएं। अब से पहले 155260 टोल फ्री नंबर भी संचालित था। जिसे बदल कर अब 1930 कर दिया गया है। साथ ही स्थानीय साइबर सेल में भी शिकायत करें।

## दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में मिली लाश

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महराजगंज हैदरगढ़ मार्ग कुबना पुल के पास दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में एक व्यक्ति की लाश मिली जिसे एंबुलेंस द्वारा मृत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया मोहम्मद इस्लाम पुत्र मोहम्मद सैफ ग्राम पुरे हिंगा खातिमपुर पोस्ट कोटवा मऊ उम्र लगभग 58 वर्ष को कुबना पुल के पास दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में मिला जिसे 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां अधेड़ की पहले ही मौत हो गई थी। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जानकारी करने पर पता चला की दुर्घटना कैसे हुई यह नहीं पता मृतक की जेब में आधार कार्ड मिला है जिससे कि उसकी पहचान हो सकी है एंबुलेंस द्वारा मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया था।

# तेज रफ्तार कार ने सात लोगों को रौंदा, अनेक वाहनों में मारी टक्कर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कचेहरी रोड पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक बेकाबू नीले रंग की एक्सयूवी कार ने सात लोगों को रौंदते हुए लगभग आधा दर्जन गाड़ियों में ठोकर मार दी। गनीमत यह रही कि किसी को ज्यादा चोट नहीं आई। घटना से आक्रोशित लोगों ने चालक को पकड़ा और जमकर पीटा। बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही इंदिरा नगर चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। वहीं घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

शुक्रवार देर शाम को सुपर मार्केट की ओर से आ रही नीले रंग की एक्सयूवी कार ने हाथी पार्क में एक गाड़ी से टकरा गई। जिसके डर से चालक ने गाड़ी की स्पीड तेज कर दी

- गुस्साए लोगों ने चालक को पकड़कर पीटा

और डिग्री कॉलेज तक आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों में टक्कर मार दी। अचानक हुई घटना से चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और सात लोगों को गंभीर चोटें आई है।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कार चालक शराब के नशे में था। हालांकि भीड़ ने चालक को पकड़कर जमकर पिटाई भी कर दी। इसी दौरान पुलिस भी पहुंच गई और कार समेत चालक को हिरासत में ले लिया। एक्सीडेंट में बाइक से घर लौट रहे सम्राट नगर निवासी महेश कुमार साहू पुत्र भवानी को ज्यादा चोट आई है। वहीं घायलों में खोया मंडी निवासी गौरव त्यागी, अर्चना त्यागी, डिग्री कॉलेज निवासी सक्षम प्रकाश मिश्रा, प्रतिमा मिश्रा, दीप्ति मिश्रा,हार्दिक मिश्रा इन सब का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। चौकी प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कोई अनहोनी नही हुई। एक युवक भर्ती है। बाकी सबका इलाज कराकर घर भेज दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### बोलेरो से टकराकर दो बाइक सवार युवक घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बीते शुक्रवार देर रात्रि 9:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर रामपुर के निकट बारात में जा रही एक बोलेरो के पीछे, इसी बारात में जा रहे बाइक सवार टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की थाना क्षेत्र खीरों से बारात बछरावां थाना क्षेत्र के ग्राम सब्जी जा रही थी। बाइक में सवार रोहित कुमार पुत्र गंगा प्रसाद उम्र 30 वर्ष एवं राममिलन पुत्र राम किशोर उम्र 32 वर्ष निवासी गुलाब राय का पुरवा थाना की खीरों अपनी बाइक से चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास होते हुए जा रहे थे। जैसे ही वह रामपुर गांव के निकट पहुंचे कि आगे चल रही बोलेरो ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिसके चलते पीछे से चल रहे बाइक सवार दोनों युवक टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### मधुमक्खियों के झुंड में फंसे किशोर घायल अवस्था में पहुंचाये गए अस्पताल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कनावा गांव में मधुमक्खियों के झुंड में दो किशोर फस गए और मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गए आनन फानन में परिवारिक जनों द्वारा इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल किशोर विमलेश कुमार पुत्र इंद्रेश कुमार उम्र 12 वर्ष एवं मोनू पुत्र जयप्रकाश राम उम्र 10 वर्ष उस समय मधुमक्खियों के झुंड में हमले का शिकार हो गए जब वह अपने खेतों की तरफ जा रहे थे, जैसे ही मधुमक्खियां ने दोनों के ऊपर हमला किया वैसे ही दोनों किशोर अपने आप को मधुमक्खियों से बचाने के चक्कर में भागते-भागते नहर में पानी में कूद गए तत्पश्चात वह किसी तरह अपने घर के पास पहुंचे तो परिवारिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लेकर पहुंचे जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को ठीक–ठाक देखते हुए उन्हें घर भेज दिया गया है।

### शादी के बहाने विधवा से बनाया शारीरिक संबंध, बेटी से भी किया दुष्कर्म

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव की विधवा महिला के साथ शादी करने के बहाने यौन शोषण करने व उसकी नाबालिग बेटी को हवस का शिकार बनाने का मामला सामने आया है। जानकारी होने पर गांव के लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पीड़ित महिला ने बताया कि शाहजहांपुर के एक व्यक्ति से फोन पर बातचीत हुई। उसने शादी करने की बात कही। महिला उसके झांसे में आ गई। युवक एक साल पहले महिला को एक बेटे व दो नाबालिग बेटियों को साथ लखनऊ ले गया। आरोप है कि युवक ने उसके साथ शादी नहीं की और यौन शोषण करने के साथ प्रताड़ित करने लगा। उसके बच्चों को भी पीटा। महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसकी 17 वर्षीय बड़ी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म करता रहा। दो दिन पहले महिला युवक को अपनी जमीन व बैंक खाते के कागजात लेने के बहाने गांव ले आई। उसका बेटा लखनऊ में ही है। बृहस्पतिवार की रात महिला की बेटी ने गांव के लोगों को आपबीती बताई तो मामले का खुलासा हुआ। गांव के लोगों ने पुलिस को फोन कर युवक को उनके हवाले कर दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि महिला का युवक से लिव इन रिलेशन का मामला है। जांच की जा रही है।

### सांड से टकराकर अधेड़ घायल



**रेहराबाजार/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रेहराबाजार, सादुल्लाहनगर रोड पर नया नगर बाजार में लड़ रहे दो छुट्टा मबेशी, सांड के चपेट में आने से बाइक सवार 55 वर्षीय बुर्जुग का पैर टूट गया। बाइक चालक अल्ताफ हुसैन निवासी ग्राम अचलपुर चौधरी थाना सादुल्लानगर ने बताया कि अपने गांव के ही फूफा नजरू के साथ बाइक से रेहरा बाजार कुछ काम के लिए गए थे वहां से लौट रहे थे ।रास्ते में नया नगर बाजार में दो बेसहारा पशु (सांड) आपस में लड़ रहे थे ।अचानक हम लोग उसके चपेट में आ गये। जिससे बाइक के पीछे बैठे हमारे फूफा नजरू का पैर टूट गया। हमें भी चोटें आयीं ।नजरू को जनपद बस्ती में एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है ।थाना ध्यक्ष /सीओ प्रशिक्षु रेहराबाजार डा जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि चोटिल नजरू को परिजन इलाज के लिए ले गये है। मौके पर पुलिस भेजा गया है।

### घासी पोखरा बजार में नाली निर्माण से कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल, दुकानदार नाराज

**सादुल्लाहनगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड रेहरा बजार से सादुल्लाहनगर मुख्य मार्ग घासी पोखरा बजार में हो रही नली निर्माण से दुकानदार साथियों में कहीं खुशी कहीं गम का माहौल बना हुआ है । दुकानदार साथियों को खुशी इस बात की है कि नाली बनने से बरसात में पानी रूकने एवं जल भराव की समस्या से निजात मिल जायेगा और जल भराव से होने वाले नुकसान एवं दुर्घटना में कमी आयेगी। जनप्रतिनिधियों से जनता एवं दुकानदार द्वारा नाली की मांग कई वर्षों से हो रही है मुख्य मार्ग होने के कारण नाली जरूरी है नाली बनने से दुकानदार साथियों को परेशानी का भी समाना भी करना पड़ रहा है क्योंकि नाली बनने में महीनों लग जाते हैं और ग्राहकों को दुकानदार के सामने गड्ढों से बचकर दुकानदार के यहां समान लेने जाना पड़ता है और कुछ दुकानदारों एक तरफ नाली बनने से नाराज़ भी हैं वो कह रहे हैं नाली का निर्माण दोनों तरफ से होना चाहिए जिससे भविष्य में सबको फैयदा मिलता है। अभी केवल तीन सौ मीटर नाली निर्माण की सूचना है। नाली के साथ इंतजार रहेगा सड़क निर्माण का जिससे होने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। भविष्य में रोड के दोनों तरफ हो सकता है नाली का निर्माण।

# विद्युत उपभोक्ता पहुंचा ऊर्जा मंत्री के द्वार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महराजगंज पावर हाउस की कार्यशैली से नाराज उपभोक्ता पहुंचा ऊर्जा मंत्री के द्वार जाकिर हुसैन निवासी मोन तहसील महराजगंज ऊर्जा मंत्री एवं नगर विकास मंत्री लखनऊ को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विद्युत वितरण खंड महराजगंज रायबरेली के बेलगाम निरंकुश कर्मचारी ने अल्प शिक्षित ग्रामीण उपभोक्ता को रक्त की अश्रु धारा से रुलाने का संशय कार्य किया है सर्वप्रथम विद्युत कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ता को माह अक्टूबर 2024 का विद्युत बिल क्रमांक 910 988091 559 का कूट रचित विद्युत बिल रुपए 30960 का थमाया गया और और बताया गया कि तत्काल प्रभाव से विद्युत बिल का भुगतान करे अन्यथा कनेक्शन काट दिया जाएगा। ग्रामीण ने काफी दौड़ धूप की तो वरिष्ठ अधिवक्ता से ज्ञात हुआ कि संबंधित विद्युत बिल कूट रचित है जो की मानसिक एवं आर्थिक शोषण से शोषित करने हेतु विभाग ने प्रेषित किया है ।विभाग में संदर्भ दर्ज करवाने के उपरांत औपचारिक विभागीय जांच करने के उपरांत संबंधित बिल को उपरोक्त धनराशि से घटाकर 6701 का प्रेषित कर दिया और संदर्भ को अंतिम रूप देकर बंद कर दिया गया परंतु इस कार्यशैली से ग्रामीण का जो मानसिक शोषण किया गया उसका मूल्य विभाग किस प्रकार निर्वहन करेगा ।विभाग के प्रति विश्वास घात धोखा धड़ी तथा मानसिक शोषण के संदर्भ विभागीय कर्मचारियों के प्रति उचित कार्यवाही करने की कृपा करें ।अथवा अपने प्रति हुए अन्याय के संदर्भ में उपभोक्ता माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ लखनऊ में अपनी याचिका दायर करने हेतु बाध्य है ।

# बेखौफ चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

- कस्बे में घट चुकी है कई चोरी की घटनाएं अब तक नहीं हुआ किसी का खुलासा

शुक्रवार की बीती अज्ञात चोर ने दो दुकानों के शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर रखा कीमती समान पार कर दिया चोर दुकान का ताला तोड़कर आराम से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे और पुलिस चौराहे पर आराम फरमाती रही दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात चोरों का चोरी की घटना को अंजाम देते समय चोर वीडियो में कैद हो गया, पुलिस सीसीटीवी फुटेज से चोरों की तलाश करने में जुटी हुई है।

मुराई बाग चौकी क्षेत्र के डलमऊ रोड पर स्थित नारायण हीरो एजेंसी एवं बगल में स्थित दीपक मोबाइल शॉप मे शुक्रवार की बीती रात दो अज्ञात चोर शटर का ताला तोड़कर घुस गये,चोरो ने काफी देर तक इधर कीमती समान की खोज बीन करते रहे, कुछ देर बाद एजेंसी में रखे काउंटर का ताला एक लोहे की राड से तोड़ दिया हीरो एजेंसी मे लगे सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात चोरों की करतूत कैद हो गई इसी दौरान एजेंसी के बगल में स्थित दीपक मोबाइल शॉप से चोरो ने कीमती मोबाइलो को पार कर दिया है। मुराई बाग चौराहे से मात्र कुछ कदमों की दूरी पर दोनों ही दुकानें स्थित है।मुराई बाग चौराहे के पास रात में कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस भी तैनात रहती है। घटना के दौरान पुलिस को टूटे हुए तालों की भनक भी नहीं लगी इससे यह प्रतीत होता है कि मुराई बाग चौराहे पर लगी पुलिस कितनी सजग हैं। डलमऊ पुलिस की कार्यशैली से व्यापार मंडल के पदाधिकारी में जमकर आक्रोश व्याप्त है। मुराई बाग चौराहे के पास स्थित दुकानों पर अज्ञात चारों चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने का मामला कोई नया नहीं है। इसे पहले भी पुलिस की देखरेख में डलमऊ के व्यापारी लुटेते रहे, लेकिन आज तक एक भी चोरी का खुलासा डलमऊ पुलिस नही कर सकी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि हीरो एजेंसी से कोई चोरी नहीं हुई है मोबाइल की दुकान से रिपेयरिंग होने वाले मोबाइल चोरी हुए हैं जांच की जा रही है कार्यवाही होगी घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

### पत्नी के वियोग में युवक ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बगाही मजरे बिशुनपुर गांव में एक युवक ने वर्तमान समय की चल रही परिस्थितियों में पति एवं पत्नी के प्रेम को साकार रूप देते हुए पत्नी के वियोग में जहरीले पदार्थ का सेवन किया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की युवक सूरज पुत्र कन्हई उम्र 30 वर्ष ने उस समय जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जब वह अपनी पत्नी को विदा कराने उसके मायके जाने के पश्चात वापस आया था, परंतु उसकी पत्नी उसके साथ नहीं आई, जिससे उसे आत्मीय पीड़ा पहुंची और वह इस कष्ट एवं दर्द को सहन नहीं कर सका और घर पहुंचते ही उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, हालत बिगड़ती देख पारिवारिक जन तत्काल उसे लेकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचे जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

# यातायात माह का समापन, सम्मानित हुए स्कूली बच्चे

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



एक नवंबर से चल रहे यातायात माह जागरूकता कार्यक्रम का समापन शनिवार को कर दिया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय रायबरेली में पुलिस अधिकारियों ने लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति फिर से जागरूक किया और जागरूकता कार्यक्रम में अच्छे कार्य करने वाले स्कूली बच्चों को सम्मानित किया।

हर वर्ष एक नवंबर से 30 नवंबर तक यातायात जागरूकता माह का आयोजन किया जाता है। इन 30 दिनों में ट्रैफिक पुलिस के अलावा प्रशासनिक अफसर व स्कूली बच्चे जगह-जगह वाहन चेकिग कर चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए जान जोखिम में न डालने की सलाह देते हैं। पूरे माह यातायात निरीक्षक अजय सिंह तोमर व उनकी टीम ने विभिन्न स्कूलों के अलावा प्रमुख चौराहों व बाजार में जाकर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। साथ ही जगह-जगह वाहन चेकिग करते हुए नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों की गाड़ियों का चालान व सीज भी किया। बहरहाल शनिवार को सिविल लाइन चौराहा में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### समापन पर नियमों के पालन करने की अपील

इस दौरान सीओ सिटी/ट्रैफिक अमित सिंह,एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह ने कहा कि यातायात नियम का पालन करने से जान बच सकती है। लोग अपंग होने से बच सकते हैं। हर दिन देश में लाखों लोग हादसे का शिकार होते हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह ट्रैफिक नियमों की अनदेखी ही उजागर होती है। कम रफ्तार, नियमों का पालन ही सुरक्षित जिदगी देता है। कार्यक्रम का संबोधन टीआइ अजय सिंह तोमर ने किया। उन्होंने भी मौजूद लोगों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया। माह भर में जागरूकता के प्रति अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों को सीओ सिटी व एआरटीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# शिक्षा से ही हो सकता है मानव का सर्वांगीण विकास

- राजेंद्र एकेडमी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



राजेंद्र एकेडमी के संस्थापक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि सत्य नारायण , उदघाटन कर्ता राम प्रताप वर्मा विधायक उतरौला केबड़े भाई शिवा कांत वर्मा तथा संदीप बर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर फीता काट कर उद्घाटन किया। पुर्व जज ने बताया कि शिक्षा से ही मानव का सर्वांगीण विकास हो सकता है। इस पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के लिए मान्यवर स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद चौधरी के सुपुत्र विद्यापति चौधरी का विशेष योगदान है, इन्होंने ग़रीब, मजदूर, किसान के बेटों के लिए ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का मंदिर बनाया जो संपूर्ण समाज के लिए एक मिशाल है।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष संदीप कुमार बर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा एक बड़ी चुनौती है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाएं शिक्षा से वंचित रह जाती है किंतु अब ऐसा नहीं होगा क्योंकी इस क्षेत्र में राजेंद्र एकेडमी खुल जाने से बालिकाओं को काफी सुविधा मिलेगी। ओम प्रकाश गौतम, नरेंद्र दुबे, राम सिंह, शशि चन्द्र तिवारी, गोपाल चौधरी, मिश्री लाल, आदि उपस्थित रहे।

# अभियान खत्म सड़कों के घाव पर अब तक नहीं लगा मरहम

**सादुल्लानग/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** सरकार की पहल पर शहर से लेकर गांव तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान चलाया गया ।जो कागजों तक सिमट कर रह गया।

बुधनी बाजार– मीरपुर संपर्क मार्ग करीब 300 मी सड़क पर जगह–जगह गड्ढे है ।गड्ढे तो गड्ढे डामर का पता ही नहीं है ।उजड़ी गिट्टियों पर चलना राहगीरों के लिए खतरे से खाली नहीं है। बाइक एवं साइकिल सवार के साथ पैदल राहगीर आए दिन गिट्टियों में धंस कर चोटिल होते रहते हैं ।गांव के लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों से कई बार सड़क मरम्मत की गुहार लगाई ।बावजूद कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिस कारण गांव वासियों को इस मार्ग पर आवागमन करने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लग ही नहीं रहा कि कभी सड़क बना था। इस सड़क पर अब तक मरहम नहीं



लगा। वहीं ग्रामीण कामता,साधन,राम अजोर, सोनू,गंगाराम,आरजू, उदयभान, आशीष,रजत,दीपक आदि का कहना है की बुधनी से मीरपुर जाने वाली सड़क का आगमन में बहुत मुश्किल है ।यह सड़क मीरपुर ग्राम का मुख्य मार्ग है। यह सड़क बने लगभग एक दशक बीत गए। जिससे इस मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीणों को हर दिन चोटिल होते रहते हैं। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सड़क मरम्मत करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि जांच कर संबंधित विभाग को रिपेयरिंग के लिए पत्र लिखा जाएगा।

# राधेश्याम गुप्ता को राष्ट्रीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पत्रकारों ने दी बधाई

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय पत्रकार एसोसिएशन, रजिस्टर्ड भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर राधेश्याम गुप्ता की नियुक्ति पर पत्रकारों और साथी पत्रकार संगठनों ने उन्हें बधाई दी। राधेश्याम गुप्ता को इस महत्वपूर्ण पद पर चयनित होने पर क्षेत्र के पत्रकारों अनिल कुमार गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, विष्णु गुप्ता, रमेश कुमार शर्मा, अनूप शुक्ला, तौकीर हुसैन, पंकज श्रीवास्तव, सुशील, मुकीम ने उनकी कार्यक्षमता और मीडिया जगत में उनके योगदान को सराहा।

राष्ट्रीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. बी. पी. त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री आशीष कुमार गुप्ता और प्रदेश संगठन मंत्री अनिल कुमार शर्मा ने भी राधेश्याम गुप्ता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पं. बी. पी. त्रिपाठी ने कहा कि राधेश्याम गुप्ता का चयन एसोसिएशन की कार्यशैली को और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, आशीष कुमार गुप्ता ने राधेश्याम गुप्ता के नेतृत्व में एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद जताई। प्रदेश संगठन मंत्री अनिल कुमार शर्मा ने भी राधेश्याम गुप्ता को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में एसोसिएशन के कार्यों में और गति आएगी। इस दौरान क्षेत्रीय पत्रकारों ने राधेश्याम गुप्ता के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके मीडिया क्षेत्र में योगदान को अहम बताया। राधेश्याम गुप्ता ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका चयन एसोसिएशन के उद्देश्यों को मजबूती से आगे बढ़ाने का एक अवसर है। इस सम्मानित पद पर चयन होने के बाद राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि वह पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और एसोसिएशन की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। राधेश्याम गुप्ता का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में चयन न केवल उनकी मेहनत और कड़ी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह एसोसिएशन के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत है। उनके नेतृत्व में एसोसिएशन की कार्यशैली और प्रभावशीलता में वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार पोलियो जैसे गंभीर बीमारी से बच्चों को बचाने के लिए 08 दिसंबर 2024 से विशेष पल्स पोलियो अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान में बूथ दिवस 08 दिसंबर के दिन बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा। उसके बाद 09 दिसंबर से घर–घर जाकर पोलियो टीमों द्वारा बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई जाएगी।

# टेबलेट पर शिक्षा लेने के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा सम्मानित

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



नीति आयोग से परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को टैब लैब पर तालीम देने के लिए कांसेजीनियस के दिशा निर्देश में योजना संचालित है।यह योजना 70 विद्यालयों चल रहा है।

टैबलेट पर बच्चों को तालीम देने का मुख्य उद्देश्य भाषा गणित एवं विज्ञान में बेहतर शिक्षा प्रदान करना है ।रेहरा बाजार के पीएम श्री कंपोजिट स्कूल सहजौरा में भी टैबलेट स्थापित किया गया है। इस लैब में कक्षा तीन से आठ तक विद्यार्थियों को तालीम दी जा रही है योजना के तहत अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को सम्मानित भी किया जा रहा है विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्दुल रज्जाक का कहना है।कि विद्यालय के कक्षा 5 की बेटी ब्यूटी गणित विषय में लगातार मेहनत करते हुए बेहतर प्रदर्शनकिया है। वही कक्षा तीन की बेटी काजल हिंदी विषय में अच्छा प्रदर्शन किया है इन छात्रों को विद्यालय प्रधानाध्यापक सहित नोडल शिक्षक अफजल सहायक अध्यापक श्रीराम, राम करन, संध्या सिंह ने सम्मानित किया है। साथ ही साथ बच्चों को उनके कठिन परीक्षा एवं समर्पण की सराहना की है। अन्य विद्यार्थियों को भी इन विद्यार्थियों से सीख लेते हुए टैबलेट के अनुसार तालीम हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में समाप्त हुआ। इस प्रशिक्षण में बलरामपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में कौशल और ज्ञान प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर, डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# फर्जी वीजा के जरिए धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**




बलरामपुर पुलिस ने कुवैत जाने के लिए फर्जी वीजा तैयार कर लोगों से ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना कोतवाली उतरौला के अंतर्गत इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों पर कई लोगों से वीजा बनवाने के नाम पर लाखों रुपये ठगने का आरोप है।

शकील अहमद, निवासी ग्राम रेहरा, थाना तुलसीपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मोहम्मद ताहिर खान, ताहिर अली, और उनके सहयोगियों ने कुवैत का वीजा बनवाने के नाम पर उनसे 4.35 लाख रुपये हड़प लिए। इसके अलावा मेडिकल कराने के नाम पर 50,000 रुपये और मेडिकल में फेल हो जाने पर 1 लाख रुपये और मांगे गए। आरोपियों द्वारा दिए गए वीजा को जब दूतावास से सत्यापित कराया गया, तो सभी वीजा फर्जी पाए गए। पुलिस की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी मोहम्मद ताहिर खान दुबई में रहकर इस ठगी के नेटवर्क का संचालन कर रहा था। उसकी योजना के तहत अन्य आरोपियों ने लोगों को लखनऊ ले जाकर मेडिकल परीक्षण भी कराया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में ताहिर अली पुत्र मुनव्वर अली, निवासी नयानगर विशुनपुर, थाना कोतवाली उतरौला, मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद रईश उर्फ जमीर अहमद खां व मोहम्मद अहमद पुत्र मोहम्मद हनीफ, निवासी मझौवा कुर्थुवा शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### पूछताछ में हुआ खुलासा

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे कुवैत का फर्जी वीजा बनाने और मेडिकल कराने के नाम पर ठगी करते थे। मुख्य आरोपी मोहम्मद ताहिर खान, जो दुबई में है, के निर्देश पर उन्होंने यह अपराध किया। शकील अहमद और अन्य पीड़ितों से वीजा और मेडिकल के नाम पर बड़ी रकम वसूली गई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहम्मद ताहिर खान के बैंक खातों को सीज करने और वीजा रद्द कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही आरोपी को प्रत्यर्पित कर भारत लाने की योजना बनाई जा रही है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की वीजा प्रक्रिया के लिए केवल आधिकारिक और सत्यापित स्रोतों पर ही भरोसा करें। अगर कोई व्यक्ति इस प्रकार की ठगी का शिकार होता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बलरामपुर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में ठगी के मामलों पर अंकुश लगाने में बड़ी सफलता मिली है। कुवैत जाने के नाम पर ठगी का यह मामला कई और पीड़ितों की उम्मीदों को भी राहत देगा।

## खेलने की उम्र में ब्याह

इक्कीसवीं सदी के भारत में यदि हर पांच में से एक लड़की का विवाह 18 साल से कम उम्र में हो जाए तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। पिछले एक वर्ष में दो लाख बाल विवाह कानून की सख्ती से रोके गए। निश्चित रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन ही है। जिससे बच्चियां ताउम्र पढ़ाई से वंचित हो जाती हैं और उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। सही मायनों में बाल विवाह कुपोषण एवं गरीबी का ऐसा चक्र पैदा करता है जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। चौंकाने वाले आंकड़े हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार व त्रिपुरा में 40 फीसदी लड़कियों के विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यही वजह है कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। दरअसल, यह शुरुआत उन राज्यों को लेकर की गई है, जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। तथ्य यह भी कि समाज में गरीबी और बाल विवाह में सीधा रिश्ता है। एक अध्ययन के अनुसार 75 फीसदी बाल विवाह गरीब परिवारों में होते हैं। जो कालांतर गरीबी के नये दुश्चक्र को जन्म देते हैं। निश्चित रूप से हमारे समाज में गरीबी व रूढ़िवाद के चलते इस कुप्रथा को बल मिलता है। अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि संपन्न, शिक्षित और प्रगतिशील समाजों में बाल विवाह के मामले सामान्यतरू नजर नहीं आते। वहीं दूसरी ओर लिंगभेद की सोच भी इन विवाहों को बढ़ावा देती है। अभिभावक विषम परिस्थितियों के चलते अल्पवयस्क लड़कियों का विवाह करके जल्दी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्वतंत्रता से पूर्व देश में वर्ष 1929 में बाल विवाह निषेध कानून बनने के बावजूद इस कुप्रथा पर अंकुश क्यों नहीं लग पाया। पहले धारणा थी कि असुरक्षाबोध के चलते बाल विवाह को बढ़ावा मिलता रहा है। कम से कम स्वतंत्र भारत में बाल विवाह की सोच नहीं रहनी चाहिए थी। निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान बाल विवाह उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयास किए गए। हालिया बाल विवाह मुक्त अभियान की शुरुआत से पहले भी सरकार ने इस दिशा में पहल की थी। इससे पहले वर्ष 2006 में बाल विवाह कानून में सुधार किया गया। इसमें लड़कों के विवाह की उम्र 21 व लड़कियों के विवाह की उम्र 18 वर्ष कर दी गई थी। वहीं वर्ष 2021 में राजग सरकार ने 2006 के कानून में सुधार करके लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल करने का प्रस्ताव किया था। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट भारत में 40 फीसदी के करीब लड़कियों के 18 साल से कम उम्र में विवाह होने की बात कहती है। वहीं नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे हर रोज चार हजार से अधिक बाल विवाह होने का उल्लेख करते हैं। बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में असम सरकार की सफलता का अकसर जिक्र होता है, जहां आंकड़ों में तेजी से गिरावट आई है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक बाल विवाह की दर को पांच फीसदी से नीचे लाया जाए। निस्संदेह, बाल विवाह जहां बच्चियों के मौलिक अधिकारों का हनन है, वहीं उनकी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को भी कमतर करता है। इससे जहां लड़कियों के अधिकारों का अतिक्रमण होता है, वहीं उनके शोषण का भी खतरा रहता है। पढ़ाई बीच में छूट जाने से उनके सपने मर जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कम उम्र में शादी और बच्चे होने से उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूरी पढ़ाई न होने तथा नौकरी न कर पाने की स्थिति में वे आर्थिक रूप से पतियों पर आश्रित हो जाती हैं। जिससे उनका स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता।


# एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियां

**प्रियंका सौरभ**

एशिया में चीन के बढ़ते सैन्य प्रभुत्व ने क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य को काफी बदल दिया है, जिससे उसके पड़ोसियों में चिंता पैदा हो गई है। उन्नत सैन्य क्षमताओं, रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और मुखर क्षेत्रीय दावों के साथ, चीन ने पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है। इसने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, जिससे भारत जैसे देशों को अपने हितों की रक्षा करने और शांति बनाए रखने के लिए रणनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व द्वारा उत्पन्न चुनौतियां क्षेत्रीय विवाद और विस्तारवाद हैं।

एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियां दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा पर चीन के क्षेत्रीय दावे क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देते हैं, जिससे अक्सर सैन्य टकराव होते रहते हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन के नाइन-डैश लाइन के दावे के कारण कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ विवाद पैदा हो गया है, जिससे नेविगेशन की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति कमजोर हो गई है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सैन्य संपत्तियों के निर्माण की अनुमति दी है, जिससे पड़ोसी देशों के पास उसकी सैन्य उपस्थिति बढ़ गई है। जिबूती में एक सैन्य अड्डे और श्रीलंका और पाकिस्तान में रणनीतिक बंदरगाहों के निर्माण से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएं प्रभावित होती हैं। चीन का नौसैनिक विस्तार और सैन्य आधुनिकीकरण इंडो-पैसिफिक में शक्ति संतुलन के लिए सीधी चुनौती है, जहां जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे देश चिंतित हैं। इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति और ताइवान स्ट्रेट और मलक्का स्ट्रेट के पास लगातार सैन्य अभ्यास ने क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में चिंता बढ़ा दी है। चीन की सैन्य ताकत अक्सर उसके आर्थिक प्रभाव के साथ-साथ चलती है, जिसका उपयोग वह क्षेत्रीय प्रभुत्व को सुरक्षित करने और छोटे देशों की रणनीतिक स्वायत्तता को सीमित करने के लिए करता है।

श्रीलंका में चीन की ऋण-जाल कूटनीति, हिंद महासागर में इसकी सैन्य उपस्थिति के साथ मिलकर, इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे आर्थिक निर्भरता सैन्य उत्तोलन में तब्दील हो सकती है। चीन का सैन्य निर्माण उसके पड़ोसियों के लिए एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जिससे वे चीनी आक्रामकता का सामना करने में झिझकते हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा को बाधित कर सकता है। भारत और चीन के बीच 2017 का डोकलाम गतिरोध क्षेत्रीय दावों पर ज़ोर देने के लिए चीन द्वारा सैन्य मुद्रा का उपयोग करने का उदाहरण है, जिससे अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ भारत के संबंधों पर असर पड़ा। चीन के



**एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियां दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा पर चीन के क्षेत्रीय दावे क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देते हैं, जिससे अक्सर सैन्य टकराव होते रहते हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन के नाइन-डैश लाइन के दावे के कारण कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ विवाद पैदा हो गया है, जिससे नेविगेशन की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति कमजोर हो गई है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सैन्य संपत्तियों के निर्माण की अनुमति दी है, जिससे पड़ोसी देशों के पास उसकी सैन्य उपस्थिति बढ़ गई है। जिबूती में एक सैन्य अड्डे और श्रीलंका और पाकिस्तान में रणनीतिक बंदरगाहों के निर्माण से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएं प्रभावित होती हैं। चीन का नौसैनिक विस्तार और सैन्य आधुनिकीकरण इंडो-पैसिफिक में शक्ति संतुलन के लिए सीधी चुनौती है, जहां जापान, ऑस्ट्रेलिया व भारत जैसे देश चिंतित हैं। इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति और ताइवान स्ट्रेट और मलक्का स्ट्रेट के पास लगातार सैन्य अभ्यास ने क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में चिंता बढ़ा दी है।**

सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए रणनीतिक गठबंधनों को मजबूत कर रही है। भारत ने विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक गठबंधन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता) में भारत की भागीदारी सैन्य सहयोग को मजबूत करती है और चीन के मुखर व्यवहार के लिए सामूहिक प्रतिक्रिया सुनिश्चित करती है। भारत को चीनी आक्रामकता को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए, खासकर साइबर युद्ध, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और मिसाइल रक्षा जैसे क्षेत्रों में। रूस से भारत की एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद और ब्रह्मोस मिसाइल विकास चीन की बढ़ती मिसाइल और वायु शक्ति के खिलाफ इसकी रक्षा को मजबूत करता है। आर्थिक आत्मनिर्भरता और रणनीतिक साझेदारी भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने, चीन के आर्थिक उत्तोलन के प्रति अपनी भेद्यता को कम करने में मदद कर सकती है। आत्मनिर्भर भारत पहल भारत को महत्त्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों के लिए चीन पर निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए अपनी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने और नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने पर भारत का ध्यान महत्त्वपूर्ण है। भारत ने चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता पर ध्यान केंद्रित करते हुए जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ नौसैनिक सहयोग को मजबूत किया है। भारत को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए सॉफ्ट पावर का उपयोग करते हुए चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ क्षेत्रीय सहमति बनाने के लिए राजनयिक प्रयासों में भी शामिल होना चाहिए। आसियान मंचों पर भारत की सक्रिय भूमिका और इसकी एक्ट ईस्ट नीति दक्षिण पूर्व एशिया के साथ घनिष्ठ सम्बंधों को बढ़ावा देती है, जिससे क्षेत्र में चीन के आर्थिक और सैन्य प्रभुत्व का मुकाबला होता है। चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए बहुपक्षीय सहयोग को प्रोत्साहित कर रही है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और भारत-प्रशांत देशों के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए बहुपक्षीय ढांचे को बढ़ावा देना चाहिए। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भारत की भागीदारी चीन के प्रभाव का मुकाबला करने सहित सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा देती है। भारत बाहरी दबाव के खिलाफ अपनी संप्रभुता का दावा करने में छोटे देशों का समर्थन करके क्षेत्रीय स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता को मजबूत कर सकता है। एमजीसी (मेकांग-गंगा सहयोग) जैसी परियोजनाओं के माध्यम से चीनी आर्थिक प्रभाव का विरोध करने में श्रीलंका और नेपाल को भारत का समर्थन स्वायत्तता को बढ़ावा देने का उदाहरण है। भारत को क्षेत्रीय तनाव कम करने के लिए रक्षा ख़र्च और सैन्य गतिविधियों में पारदर्शिता के महत्व पर जोर देना चाहिए। भारत का खुला रक्षा बजट और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भागीदारी क्षेत्रीय विश्वास में योगदान करती है और संघर्ष के जोखिम को कम करती है।

विचार

# सही रास्ता अपनाने की जरूरत

**योगेश कुमार गोयल**

केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए एड्स आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 01 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष टेक द राइट पाथ (सही रास्ता



अपनाएं) विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयॉर्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे 'गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था।

इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति एड्स कहलाती है।

अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सूई द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है। डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरुकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा

**विश्व एड्स दिवस एक दिसंबर पर विशेष)**

**अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सूई द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है। डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरुकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है।**

की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं।

अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरुकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं।

# भारत-नाइजीरिया संबंधों में विस्तार की असीम संभावनाएं

**डॉ. पार्वती वासुदेवन व डॉ. ए वासुदेवन**

नाइजीरिया संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 और 17 नवंबर को नाइजीरिया की यात्रा पर गए थे। 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने नाइजीरिया के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाया है। नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था अफ्रीकी महाद्वीप में सबसे तेजी से बढ़ती और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगर 21वीं सदी वास्तव में वैश्विक दक्षिण से संबंधित है तो भारत और नाइजीरिया के बीच संबंधों को शैक्षिक छात्रवृत्ति, कच्चे तेल और सैन्य प्रशिक्षण के चश्मे से परे देखा जाना चाहिए।

इन संबंधों में एक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब 2023 में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन ने उच्च तालिका में स्थायी स्थान के साथ अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का स्वागत किया। भारत और नाइजीरिया के पास मानव गतिविधियों के सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में एक-दूसरे को देने के लिए बहुत कुछ है। नाइजीरिया इस समय अफ्रीकी में तीसरा सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र है जो और आगे बढ़ना चाहता है। अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति हुई है। उदाहरण के लिए डांगोट रिफाइनरियों के आगमन के कारण पेट्रोलियम वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए तैयार नाइजीरिया के साथ भारत और बाकी दुनिया के साथ इसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों की प्रकृ ति अनिवार्य रूप से एकदम बदल जाएगी। यह कायापलट किसी सीमा तक उन विचारों द्वारा निर्देशित होगी जो अमेरिका में नए ट्रम्प प्रशासन की विशेषता होगी। भारतीय नजरिए से देखें तो मध्य पूर्व में तनाव, यूक्रेन-रूस संघर्ष और अपनी विस्तारवादी नीतियों के साथ चीनी कूटनीति के अनिश्चित आयामों के कारण दुनिया की भू-राजनीति पर असर की वजह से अफ्रीकी महाद्वीप के साथ नए संबंधों बनाने के लिए भारत विवश हुआ है। नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को श्अफ्रीकी भीम्य कहा जाता है। देश में वैज्ञानिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के बहुत मौके हैं। इसके पास जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग कर कौशल, आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक सुधार, सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र आतंकवादी समूहों- मुख्य रूप से बोको हरम की हिंसा पर लगाम लगाने के अवसर हैं।

फिर भी नाइजीरिया की प्रगति में एक और बाधा का वहां का कमजोर राजनीतिक और आर्थिक शासन है जिसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है। न्याय व्यवस्था भी अन्य संस्थानों की तरह शक्तिशाली अभिजात वर्ग की कैद में हैं। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि पिछले दस वर्षों में नाइजीरिया के आर्थिक संकेतकों में उच्च मुद्रास्फीति दर, कम वृद्धि और विदेशी मुद्रा भंडार के अपेक्षाकृत अल्प भंडार का बोलबाला है। इस वक्त वार्षिक मुद्रास्फीति 30 प्रति सैकड़ा से अधिक, वार्षिक वृद्धि लगभग 3 प्रश और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर है। विदेशी मुद्रा बाजार दर 1660 नायरा प्रति 1 अमेरिकी डॉलर से अधिक की होने के कारण आर्थिक विविधीकरण और नाइजीरिया की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल और इनपुट के आयात के लिए ज्यादा गुंजाइश नहीं देती है। इसके बावजूद जैसा कि ईंधन सब्सिडी के उन्मूलन से स्पष्ट है कि वर्तमान प्रशासन यह उम्मीद दिलाता है कि प्रतिबद्धता हो तो विरोध के बाद भी सुधार किए जा सकते हैं। बैंकों के दबदबे वाला वित्तीय क्षेत्र पहले से बेहतर स्थिति में है। यह नई तकनीकों को अपना सकता है तथा साइबर धोखाधड़ी और हमलों को दूर करने के लिए निश्चित उपायों के साथ भुगतान के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। भारत ने पिछले 10 वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक रिकॉर्ड बनाया है और 2030 से पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है।



# राशिफल

**मेषः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्याः- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**धनुः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

# नीतिगत क्रियान्वयन, भारत और सहकारिता आंदोलन

**के.वी. साझा**

आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए समावेशी विकास रणनीति सहकार से समृद्धि के देश में अब तक काफी कारगर नतीजे सामने आए हैं। स्वतंत्रता से पहले के दौर में अगर हम भारत में सहकारिता आंदोलन की उत्पत्ति को देखें तो पाएंगे कि इसकी शुरुआत किसानों की गरीबी कम करने की चुनौती से हुई थी, जिसका मुख्य कारण बार-बार पड़ने वाला सूखा और साहूकारों की सूदखोरी प्रवृत्ति था। एनएएफआईएस, 2021-22 के अनुसार यह काफी प्रसन्नता का विषय है कि ग्रामीण सहकारी ऋण संस्थानों के माध्यम से केंद्र सरकार की निरंतर और लक्षित वित्तीय समावेशी पहलों के कारण, ग्रामीण परिवारों की साहूकारों और जमींदारों पर निर्भरता अब घटकर मात्र 4.2 प्रतिशत रह गई है।

देश में सहकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने वाली प्रारंभिक शक्तियां भले ही अब कमज़ोर पड़ रही हों, लेकिन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस समय कई नई और जटिल उभरती चुनौतियां हैं, जिनके लिए सहकारी आंदोलन को नई दिशा और उस पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो सके। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सपना देखा है, उसी के अनुरूप देश 2047 तक





विकसित भारत के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।इन नई चुनौतियों में किसानों की आय बढ़ाने से लेकर एक कुशल ग्रामीण आपूर्ति श्रृंखला हासिल करना, स्थायी आधार पर खाद्य मुद्रास्फीति को कम करना, कृषि के अलावा अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना, कृषि उत्पादकता तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले प्रयासों को बढ़ाना और डिजिटल क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाना शामिल है।

सहकारी संस्थाएं अपने मजबूत स्थानीय ज्ञान, पूर्व की घटनाओं से अनुभव हासिल कर भविष्य की नई योजनाएं, संपर्क कार्यक्रम बनाने तथा इन्हें मजबूत करने की क्षमता और नए कारोबारी माहौल के अनुरूप ढलने के कारण इन चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष रूप से उपयुक्त हो सकती हैं। सहकारी संस्थाओं के लिए मददगार नीतियां बनाने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र महासभा की सामाजिक विकास में सहकारी समितियों पर रिपोर्ट (जुलाई 2023) से जानकारी प्राप्त करना उपयोगी हो सकता है, जो इस बात पर जोर देती है कि सहकारी समितियां बाजार संबंधी विफलताओं से निपटने, हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ाकर सतत विकास को सहारा देकर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। यह रिपोर्ट सहकारी समितियों के लिए एक उद्यमी प्रक्रियागत दृष्टिकोण की सिफारिश करती है, जो एक स्थानीय माहौल में आपस में जुड़े हुए नेटवर्क के माध्यम से सभी हिस्सेदारों को जोड़ती है।भारत के सहकारी क्षेत्र में दूध और चीनी के क्षेत्रों में मिली अपार सफलता केवल एकीकृत दृष्टिकोण के महत्व को ही प्रमाणित करती है। इसका एक और अन्य सफल उदाहरण भारत की सबसे पुरानी श्रमिक सहकारी संस्था- उरालुंगल लेबर कॉन्ट्रैक्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी का है, जो बुनियादी ढांचे से जुड़ी है और इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 साल पूरे कर रही है। यह वैकल्पिक उद्यमशीलता मॉडल का एक अनूठा उदाहरण है। यहां सहकारिता के दो विशिष्ट पहलुओं का उल्लेख करना आवश्यक हैः पहला, सहकारी समितियों के बीच सहयोग का महत्व- जब उरालुंगल को एक सड़क परियोजना हेतु लिए गए भारी कर्ज की किश्तें चुकानी थीं, तो उसने 38 प्राथमिक सहकारी समितियों का एक संघ बनाया और उनकी मदद से यह भारी राशि जुटा सकी, जिससे उसकी साख भी बनी रही और साथ ही उसका विस्तार भी हुआ। दूसरा, निजी फर्मों के विपरीत, संकट की स्थिति में एक श्रमिक सहकारी समिति द्वारा रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह के शानदार नेतृत्व में सरकार में एक नए सहकारिता मंत्रालय के गठन के परिणामस्वरूप सहकारी समितियों के लिए भारत में हाल की नीतियों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उभरती चुनौतियों की व्यापक और जटिल प्रकृति को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। इस तरह के कुछ बड़े प्रयासों में कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का गठन, इसे कंप्यूटरीकृत करना, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और पैक्स के लिए खुदरा पेट्रोल/डीजल आउटलेट/एलपीजी वितरण अधिकार, सहकारी क्षेत्र में गोदामों का व्यापक नेटवर्क, मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) का गठन, शामिल नहीं की गई पंचायतों में नए बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां और पैक्स के लिए मॉडल उप-नियम शामिल हैं।राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), सहकारी समितियों के लिए अपने बहुस्तरीय और गतिशील रूप से उत्तरदायी सहयोगात्मक ढांचे के साथ, मंत्रालय के मार्गदर्शन में, सतत प्रक्रिया के रूप में नीति क्रियान्वयन से जुड़े लोगों को सक्षम बनाता है जिसमें (अ) ग्रामीण सहकारी बैंकों को पुनर्वित्तपोषण का प्रावधान, कृषि, संबद्ध क्षेत्रों और ग्रामीण गैर-कृषि गतिविधियों के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऋण देने के लिए उनके संसाधनों में पूर्ति करना, (ब) सहकारी विकास निधि के माध्यम से विकासात्मक समर्थन और वित्तीय समावेशन निधि के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, (स) नीति और कार्यान्वयन समर्थन, जैसे पैक्स का कम्प्यूटरीकरण और 300 से अधिक ई-सेवाएं प्रदान करने वाले सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में पैक्स का कार्यान्वयन, और (द) वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षण जैसे प्रयास शामिल हैं।नाबार्ड सहकारी समितियों को एक-दूसरे के तुलनात्मक लाभों से लाभान्वित करने की सुविधा प्रदान कर इस आंदोलन को मजबूत करने के लिए सहकारी समितियों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। इस पहल में वित्तीय पक्ष से जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिंदु- सहकारी समितियों और उनके सदस्यों के मौजूदा बैंक खातों को विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों में समेकित करना और उन्हें एक केंद्रीकृत जिला/राज्य सहकारी के तहत रखना होगा, जिससे सहकारी प्रणाली के संसाधन प्रणाली के भीतर ही बने रहेंगे।भविष्य में कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में नीतिगत तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# सोने की माला खींचकर भाग रहे बदमाश को किया पुलिस के हवाले



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सुरवा कुटी गांव के निकट जैदपुर बाराबंकी मार्ग पर सोने का माला खींचकर भाग रहे बाइक सवार को राहगीरों और ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार जैदपुर बाराबंकी मार्ग स्थित सुरवा कुटी के पास का है। जहां पर शनिवार करीब 11 बजे पल्हरी से सवारी बैठाकर जैदपुर की ओर जा रहे ई रिक्शा सवार महिला के गले से माला को एक बाइक सवार युवक ने चलते ई रिक्शा पर झपट्टा मारकर खींच लिया।इसी दौरान वह युवक बाइक से लड़खड़ाकर वहीं पर गिर पड़ा।

इतने में महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए जिसके कारण वह चोर खेतों के रास्ते से भागने लगा।इसी दौरान स्थानीय व राहगीरों सहित खेतों में काम कर रहे किसानों द्वारा कुछ दूरी पर जाकर उसे पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दिया।वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची 112 पुलिस के हवाले कर दिया।आक्रोशित भीड़ ने उसे वाहन से बाहर खींचने का भी प्रयास किया लेकिन पुलिस द्वारा उक्त चोर को गाड़ी के अंदर ही रखा। काफी पूछताछ के बावजूद भी उक्त चोर द्वारा गले से खींचे गए वाले को फेंक देने की बात कही। फिलहाल पुलिस द्वारा पूरे मामले की विधिक कार्यवाही में जुटी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज की रहने वाली उषा देवी जो वर्तमान समय में लखनऊ जनपद के तिवारीगंज में रहती थी वह शनिवार करीब 11 बजे ज़ैदपुर थाना क्षेत्र में एक रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अपनी बेटी के साथ जा रही थी,तभी यह घटना हुई है।

## पराली लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजली तारों की चपेट में आकर जली

**सिरौलीगौसपुर।** क्षेत्र के मुंशी पुरवा मरकामऊ के पास में खेत से ट्रैक्टर ट्राली से पराली लाद कर घर जा रहा था की खेत के रास्ते मे ट्रैक्टर ट्राली बिजली के तारों के सम्पर्क में आ गया। जिससे ट्राली के ऊपर लदी पराली में आग लग गई देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया ।आसपास के ग्रामीण एकत्रित होकर पराली बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफल नही हुए ।तब तक सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुच गई और आग पर काबू पाया गया। शनिवार की दोपहर को मरकामऊ का किसान सहजराम यादव आपने खेत से धान की पराली लेने गया था ट्रॉली पर ऊपर तक पराली लाद कर घर जा रहा था कि खेत से निकली विद्युत लाइन का ध्यान ट्रैक्टर चालक ने नही दिया। और ट्राली पर लदे पुवाल विद्युत लाइन से स्पर्श हो गया और आग लग गई गनीमत रहा कि बड़ा हादसा नही हुआ।

# फॉर्मर रजिस्ट्री जे एप पर किसानों का अपलोड होगा बॉयोडाटा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

फार्मर रजिस्ट्री को लेकर एक ऐप पर किसान से सम्बन्धित बायोडाटा अपलोड किया जाएगा एक क्लिक पर उसकी पूरी जमीन का विवरण दिखने लगेगा। शनिवार को कोटवाधाम में अवधेश कुमार राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार लेखपाल ग्राम रोजगार सेवक अतिरिक्त पंचायत सहायक कृषि विभाग आदि ने पंचायत भवन पर कैम्प लगाकर आधार कार्ड से खतौनी जोड़ने का प्रयास किया गया किन्तु साइड न चल पाने के कारण ग्रामीण मायूस दिखे।मलपुर अरसण्डा में लेखपाल आंनद शर्मा के नेतृव में कैम्प लगाया गया। सैदनपुर पंचायत भवन में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मशूद रियाज, तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा लेखपाल आशुतोष मिश्रा पंचायत सहायक कृषि विभाग के लोगों ने दर्जनों लोगों के आधार कार्ड से खतौनी जोड़ने का काम किया गया। अमनियापुर गांव में लेखपाल मोहित कुमार आदि ने दो किसानों को जोड़ा। अगानपुर में राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार,रामकरण लेखपाल ,रोजगार सेवक अतिरिक्त पंचायत सहायक कृषि विभाग आदि के साथ आधार कार्ड से खतौनी जोड़ने में व्यस्त दिखे।

# सीमा पर के मन्दिरों,घरों में जलेगी श्रीराम ज्योति



**अयोध्या समृद्धि न्यूज।**

देश की पंजाब सीमा पर स्थित मन्दिरों और जो श्रद्धालु चाहेंगे उनके घरों में प्राण-प्रतिष्ठा द्वादशी की तिथि को श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित होगी। इस बार यह द्वादशी 11जनवरी को है। सीमा से औसतन पैंतीस किलोमीटर दूर स्थित तरनतारन जिले के पट्टी गांव में 1850ई. से भी पहले का श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर है।यहां के श्रद्धालुओं का जत्था दर्शन पूजन के बाद श्रीराम ज्योति लेकर अपने स्थान के लिए प्रस्थान कर गया है। जत्थे में सम्मिलित सुखदेव राज शर्मा व चन्दन शर्मा ने बताया कि प्रतिष्ठा द्वादशी को श्रीराम ज्योति आस पास के सभी मन्दिरों में पहुंचा दी जाएगी। जो लोग चाहें अपने घरों में भी ज्योति स्थापित कर सकते हैं।जत्थे में जतिन मैनी,अश्वनी धवन,पार्थ भल्ला,अमित कुमार आचार्य भी सम्मिलित हैं।

## श्रीरामतारण महामंत्र का अनुष्ठान, हवन

**अयोध्या।** बेंगलुरु के उत्तरादि मठ से पीठाधीश्वर सत्यात्मा तीर्थ स्वामी के नेतृत्व में आए उनके शिष्यों की टोली ने शनिवार को श्रीरामलला मन्दिर परिसर में श्रीरामतारण महामंत्र का अनुष्ठान और हवन किया।प्रातः छह बजे से प्रारम्भ अनुष्ठान में लगभग दो सौ लोग सम्मिलित हुए। पीठाधीश्वर के अनुसार लोक कल्याण के लिए अनुष्ठान का आयोजन किया गया। विजय विट्ठलाचार्य, पूर्णप्रयत्नाचार्य, रजत आचार्य आदि ने अनुष्ठान सम्पन्न कराया।

## श्रीराम प्रीमियर लीग 22 को

**अयोध्या।** श्रीराम प्रीमियर लीग (क्रिकेट प्रतियोगिता) 22 दिसम्बर रविवार को टाइनी टाट्स विद्यालय शहादतगंज में होगी।

इसमें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के साथ ही मन्दिर निर्माण में लगी एजेंसी एलएंडटी लिमिटेड,टाटा कन्सल्टिंग लिमिटेड और केनरा बैंक की टीम प्रतिभाग करेगी। केनरा बैंक के उप महाप्रबंधक विकाश भारती के अनुसार प्रतियोगिता प्रातः नौ बजे प्रारम्भ होगी।

# खाताधारक के पैसा जमा करने के बावजूद खाते में नहीं पहुंची धनराशि

**धुरियापार/उरुवा/गोरखपुर।**

गोरखपुर जिले के बेलघाट थाना अंतर्गत शाहपुर कस्बा में यूको बैंक में बीते दिनों राधिका देवी चक सरया पोस्ट ऊंचागांव निवासी ने बताया कि अपने खाता में दिनांक 18/11/24 को 43500रु जमा किया जो बैक द्वारा हमे जमा रसीद भी प्राप्त है,पर मैं अपने खाते से पैसा निकालने गई तो पता चला कि मेरे खाते में पैसा ही नहीं है। जानकारी होने पर बैंक में पासबुक प्रिंट कराया जिसमें यह पता चला कि पैसा जमा करने के बाद भी मेरे खाते में धनराशि जमा नहीं है। बैंक में पूछने पर कैशियर का कोई पता नहीं था। जो कि लगातार बैंक का चक्कर लगाती रही मेरे समस्या का कोई निदान न होने पर अनेकों बार परेशान होने के बाद क्षेत्र के भाजपा नेता गौरीशंकर मिश्रा उर्फ डिंकू जी से मिल कर अपनी आप बीती बातें बताई, जिनके नेतृत्व में शाखा प्रबंधक को एप्लीकेशन देकर न्याय की गुहार लगाई। जिस संबंध में शाखा प्रबंधक से इस विषय में बात करने पर पता चला कि इसके पहले भी इस तरह की शिकायत संविदा कर्मी कैशियर कलीम की मिल चुकी है, जिसके कारण उनको यहां काम से हटा दिया गया है। और इस प्रकरण में कैशियर से कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

## स्कूली छात्रा की बस से मौत मामले की मजिस्ट्रीयल जांच

**उरई (जालौन)।** अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि 25 नवंबर को सेकर्ड हार्ट सेंटनरी एकेडमी विद्यालय उरई की कक्षा 2 की छात्रा राधिका पुत्री कौशलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम वर्ध थाना एट जनपद जालौन की स्कूल बस चालक की लापरवाही से बस के कुचल कर मृत्यु हो गयी थी। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश संख्या 26 नवंबर के द्वारा उक्त प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जॉच हेतु अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट को नामित किया गया है। उक्त आदेश के अनुपालन में इस प्रकरण की मजिस्ट्रीयल जॉच अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट जनपद जालौन द्वारा सम्पादित की जा रही है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है।

# जिला जज ने बैरक का भ्रमण कर बंदियों की समस्याओं को समझा



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष, जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव ने आज जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरुद्ध बंदियों से पूंछतांछ करते हुये उनकी समस्याओं को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर सचिव, अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उरई अभिषेक खरे एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण में जिला जज ने पाकशाला का निरीक्षण किया जिसके उपरान्त महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान, बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता, सलाह इत्यादि के बारे में जाना-परखा। इसके बाद जेल चिकित्सालय का निरीक्षण किया, जिसमें एक बंदी टीबी व एक मानसिक रोग से पीड़ित मिले जिसके संबंध में जेल अधीक्षक को उनके उपचार हेतु निर्देशित किया गया। महिला बन्दियों के साथ रह रहे 06 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, खानपान, परिधान आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कई बंदियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बंदी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विशेश्वरगंज बहराइच

पत्रांक- 1421/आंकिक/निविदा सूचना/2024-25 दिनांक- 30.11.2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

पन्द्रहवें वित्त आयोग योजनान्तर्गत राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड विशेश्वरगंज जनपद बहराइच के अन्तर्गत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, एवं जिला पंचायत एवं लोक निर्माण विभाग में ए.बी.सी. श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं को मैन्यूअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

| क्र. सं. | योजना | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. (लाख रू. में) | विड सिक्योरटी रू. में | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत पुरैना के मजरा पुरैना में गोड़तवा तालाब से अल्ताफ के खेत होते हुए नहर तक नाला निर्माण कार्य | 3.00 | 15000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 2. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत चन्द्रावा में चौकीदार के घर से हौता तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 2.00 | 10000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 3. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत तेन्दुआ कबीर के मजरा धनुही में बीर इण्टर कालेज के परिसर में सोलर सिस्टम से संचालित स्वच्छ पेयजल की स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 4. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत गंगवल में अवधेश के घर के पास पेयजल हेतु आर.ओ की स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 5. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत प्रतापपुर तरहर के मजरा चपहिला में प्रेम मौर्या के घर से रामनरेश लोधी के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 6. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत जलालपुर के श्रीनन्द इण्टर कालेज में आर.ओ की स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 7. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत प्रतापपुर तरहर में आज्ञाराम के घर से नाम नेवास (ठेकेदार)के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.00 | 5000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 8. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत गांगूदेवर के मजरा पलटनपुरवा में पक्की सड़क से राम दवन के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.00 | 40000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 9. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत बालानगर कोड़री के मजरा भिट्टी पुरवा में राजू पाण्डेय के घर के सामने से जीवन लाल पाण्डेय के खेत तक नाली निर्माण कार्य | 3.00 | 15000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 10. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत बालानगर कोड़री में काली माता मन्दिर पर आर.ओ. स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 11. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | अस्पताल के बगल अनुसूचित आबादी को जाने वाली मार्ग पर पुलिस निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 12. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | प्रा. विद्यालय खरिहा दपौली में शुद्ध पेयजल हेतु स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 13. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत कन्छर के पू.मा. विद्यालय में पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 14. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत कन्छर के विशेश्वरगंज बाजार में सत्य नारायण शुक्ल शिक्षण संस्थान पर शुद्ध पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 15. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत लक्खारामपुर के मजरा मुन्ना सिंह पुरवा में बदलू यादव के घर से चकरोड तक नाली मरम्मत निर्माण कार्य | 4.00 | 20000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 16. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत पुरैना में रामजी गुप्ता के घर से सकती साहू के घर तक नाला निर्माण कार्य | 1.00 | 5000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 17. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत खरिहा दपौली के मजरा गोसाईपुरवा में गुल्ले गोसाई के घर से बिन्देश्वरी गोसाई के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.50 | 37500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 18. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत सरकाही के मजरा जौतापुर में मुलुक राज के घर के पास से तालाब तक नाली/नाला निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 19. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत चन्द्रावा के मजरा ढ़ोढे पुरवा में अशोक पाण्डेय के खेत के पास आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य | 2.50 | 12000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 20. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत चन्द्रावा के मजरा महमदपुर में प्रहलाद के खेत के पास मेन सड़क पर पुलिया निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 21. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत सुनगा के मजरा धौली में निरंकार तिवार के घर से गिट्टीर तिवारी के घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.00 | 10000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 22. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत अमराई के मजरा अमराई में गोकूल मिश्र के खेत के पास बेलवा तालाब पर पुलिया निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 23. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत बुढ़नी भलुहिया के मजरा मानगढ़ में जय जय राम के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 24. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत कन्छर थाना विशेश्वरगंज के सामने बने राजमार्ग पुल से बिसुही नदी तक नाला का निर्माण कार्य | 1.00 | 5000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 25. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत तकिया में गौडिया पर पुलिया निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 26. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत कन्छर में जूनियर हाईस्कूल पर सोलर सिस्टम से संचालित स्वच्छ पेयजल की स्थापना का कार्य | 2.50 | 25000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 27. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत तेन्दुआ कबीर के धनुही बाजार में जिला पंचायत की दुकानों के पास सोलर सिस्टम से संचालित स्वच्छ पेयजल की स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 28. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र विशेश्वरगंज पर सोलर सिस्टम से संचालित स्वच्छ पेयजल की स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 29. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत कांधभारी के मजरा जोगनी में नान बच्चा के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 30. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत सेमरैना में खानपुर मल्लोह पिच रोड से चौखड़िया सेमरौना पिच रोड के बीच में पुलिया निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 31. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत सेमरौना में सेमरौना से चौखड़िया सम्पर्क मार्ग पर कृष्ण मोहन तिवारी के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 32. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत सेमरौना में सेमरौना से चौखड़िया सम्पर्क मार्ग पर राम पति यादव के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 33. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत नेठिया के मजरा बभनुपरवा में दीनानाथ के घर से शिवानन्द शुक्ला के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.00 | 30000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 34. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत बड़ागांव के मजरा खटखटनपुरवा में लोकनाथ के घर से रक्षाराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 35. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत बालानगर कोड़री के काली माता मन्दिर पर स्वच्छ पेयजल हेतु आर.ओ. की स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 36. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत प्रतापपुर तरहर के मजरा बेहनन तिखड़िया में ननके कोरी के घर से चन्दर यादव के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.00 | 40000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 37. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत प्रतापपुर तरहर के मजरा मुरावन तिखड़िया में बाबादीन के घर से मनीराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.00 | 40000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 38. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत कुरसहा के मजरा इमरती में सुलभ शौचालय के पास पुलिया निर्माण कार्य | 1.50 | 7500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |

**नियम व शर्ते-**

1- कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय में जैसा कि निविदा नोटिस कालम 8 में इंगित पते से दिनांक 03.12.2024 से 10.12.2024 तक प्रातः 11.00 बजे से 4.00 के मध्य श्री मो. जमील, वरिष्ठ लिपिक से प्राप्त कर सकते हैं।

2- निविदायें खण्ड कार्यालय में दिनांक 11.12.2024 को दोहपर 12.00 बजे तक निविदा पेटिका में डाली जायेगी, जो उसी दिन अपराहन 2.00 बजे से निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

3- प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर जमा करना अनिवार्य होगा जो एन.एस.सी. अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में कार्यकारी खण्ड विकास अधिकारी, वि.ख. विशेश्वरगंज, बहराइच के पक्ष में बंधक होगी।

4- कार्य से सम्बन्धित अन्य विवरण/जानकारी खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

5- उपर्युक्त निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विशेश्वरगंज, जनपद-बहराइच**

# किड्जी श्रीआर एसलाल देवकी ग्लोबल स्कूल में हुई गायन प्रतियोगिता

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



**छात्राओं को शील्ड देकर किया गया पुरस्कृत**

प्रतियोगिता में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता दो भागों में विभाजित की गई थी,जूनियर लेवल एंड सीनियर लेवल जिसमें सभी हुनर मंद छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और सुरों का समां बांध दिया।

जिसमें इस प्रतियोगिता के जजों को प्रफुल्लित कर दिया इस प्रतियोगिता के निर्णायक जज कन्नौज के मितांशु चतुर्वेदी एवं देवांश चतुर्वेदी के द्वारा इस प्रतियोगिता का मुख्य जज की भूमिका निभायी गई इस जूनियर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आस्तिक ने प्राप्त किया हुआ द्वितीय स्थान वैभवी शुक्ला और तीसरा स्थान ईशान्वी शर्मा ने प्राप्त किया वहीं सीनियर लेवल में अंशिका भदोरिया ने प्रथम स्थान हासिल किया द्वितीय स्थान शौर्य चौरसिया और तिथि स्थान कृष्ण प्रिया पाल ने हासिल किया इस प्रतियोगिता में स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती बरखा अवस्थी, वाइस प्रिंसिपल श्रीमती प्रीतिमा शुक्ला और स्कूल प्रशासक श्री अनूप कुमार दुबे और स्कूल कोर्डिनेटर शुभम कमल मौजूद रहें। जिसमें विमल प्रकाश सर के द्वारा विजेता छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया और उन्होंने गायन को ईश्वर के द्वारा दी गई एक अनमोल कला का बखान भी किया और अंत में कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास से समाप्त हुआ।

## भूमि विवाद को लेकर भाईयों में मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जमीनी विवाद को लेकर भाइयो ने गाली गलौज की और एक दूसरे को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद दोनों भाइयों ने एक-दूसरे के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मझपुर्वा निवासी सरफराज अहमद पुत्र नाजमुद्दीन ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहां है कि शनिवार की दोपहर करीब 03 बजे उसका भाई जमीनी विवाद को लेकर उसके घर घुस आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी तरफउमर पुत्र नाजमुद्दीन ने दी गई तहरीर में कहां है कि शनिवार की दोपहर 03 बजे उसके भाई ने जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौच की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों का चिकित्सकीय परीक्षण व उपचार कराने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के लिए दुकान जाकर कपड़े मांगे

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

- कार्यकर्ताओं ने पंफलेट बांटकर अपील की
- पिछले साल भी ट्रस्ट ने अभियान के जरिये तमाम लोगों की मदद की थी: डॉ. डीके राय

सर्दी शुरू होते ही जरूरतमंदों को राहत देने के लिए समर्थ चैरिटेबल ने वस्त्र वितरण अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को कार्यकर्ताओं ने शहर में दुकान दुकान जाकर पंफलेट बांटकर लोगों से पुराने वस्त्र दान में देने की अपील की।

सचिव रजत त्रिपाठी ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद के लिए शहर के लोग आगे आएं। ट्रस्ट पुराने वस्त्र दान में लेकर जरूरतमंदों को वितरित करेगी। वस्त्र वितरण प्रभारी डाक्टर डी के राय ने कहा कि पिछले साल भी ट्रस्ट ने अभियान के जरिये तमाम लोगों की मदद की थी। उन्होंने कहा कि वस्त्र जर्जर हालत में न हों। इन्हें दुरुस्त करा कर ही दान करें। लोग अपने कपड़े त्रिपाठी चश्मा घर, तालग्राम तिराहा पर पहुंचा सकते या 9910045902 पर बता सकते है ट्रस्ट के लोग वस्त्र उनके घर से एकत्र कर लेंगे।इस दौरान अभय, शिवम, ध्रुव आदि साथ रहे।

## युवक पर छेड़छाड़ कर धमकी देने का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज। युवती ने मोहल्ले के युवक पर छेडछाड करने सहित धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला निवासी युवती ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसके मोहल्ले का युवक उसके साथ छेडछाड करता है। विरोध करने पर धमकी देता है। शनिवार की शाम करीब 04 बजे युवक अपने साथियों के साथ उसके दरवाजे पर आया और गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मृदुभाषिता व कड़ी मेहनत व्यापार में है सफलता की कुंजी : सैय्यद उसैव

समधन, समृद्धि न्यूज़।

- कोई भी व्यापार छोटा या बडा नही होता है जरूरत है बस मन लगाकर कार्य करने की

व्यापार को सफलता की उंचाईयों तक पहुंचानें के लिये कडी मेहनत व मृदुभाषिता बेहद जरूरी है। ग्राहकों द्वारा मांगी गई वस्तु को मानक के अनुरूप उपलब्ध कराना व्यापारी का दायित्व है। बीज एवं दबाओं की दुकान कस्वे में खुलनें से किसान भाईयों को दूर दराज के शहरों में नही जाना पडेगा। यह बात शनिवार को क्षेत्र के कस्वा समधन स्थित नवीन प्रतिष्ठान अनमता खाद्य एवं बीज भंडार का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरान्त बसपा विधानसभा प्रभारी सैय्यद उसैव अहमद ने कही। कहा कि कोई भी व्यापार छोटा या बडा नही होता है जरूरत है बस मन लगाकर कार्य करनें की। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक मिनहाज सिददीकी ने मुख्य अतिथि का फल मालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सभासद बदरूल सिद्दीकी, हाफिज सिराज, इश्तियाक शेख, हाजी जाबिर, जाकिर हुसैन, मोहम्मद नौसाद, मिन्हाज सिद्दीकी, सिंहपुर प्रधान पुष्पेंद्र कुमार, बृजनंदन यादव, गुड्डू ठाकुर, सौरभ ठाकुर, काजी इरफान अहमद आदि मौजूद रहे।

## न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन में छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई। शनिवार को कस्वा स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 17 प्राथमिक उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर पर कबड्डी खो- खो की प्रतियोगिता हुई। जिसमें कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की उच्च प्राथमिक स्तर पर दौड़ में जलालाबाद ने प्रथम प्राप्त किया। जबकि प्राथमिक स्तर पर खुदलापुर व घासीपुरवा के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान संकुल शिक्षक महेंद्र सिंह, प्रदीप गौतम, मोहम्मद हनीफ, अक्षय कुमार, नवनीत, मुकेश मिश्रा, ताबिश खां आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# वारन्टी अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर भेजा जेल

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा 02 वारन्टी अभि. को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। छिबरामऊ पुलिस द्वारा वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के तहत वारन्टी 1.कल्याण सिंह उर्फ उपेन्द्र पुत्र कोतवाल सिंह निवासी लडैता थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 32 वर्ष सम्बन्धित एनबीडब्ल्यू न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिबरामऊ जनपद कन्नौज 2.नन्दकिशोर पुत्र रामगोपाल वर्मा निवासी ग्राम रुद्रापुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 55 वर्ष सम्बन्धित एनबीडब्ल्यू न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिबरामऊ जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

**एक वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार:** छिबरामऊ कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना सकरावा पुलिस द्वारा न्यायालय में गैर हाजिर चल रहे वारण्टी अभियुक्त संजीव कुमार पुत्र राकेश निवासी ग्राम कुल्लूखेडा थाना सौरिख(हालथाना सकरावा) सम्बन्धित न्यायालय स्पेशल जज कन्नौज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधि0 में गिरफ्तार किया गया।

# अब आपके घर का कूड़ा भी आपको दिला सकता है सम्मान

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में गति लाने के उद्देश्य से नगर पालिका छिबरामऊ के द्वारा गीला और सूखा कूड़ा एकत्रित करने की अनोखी योजना शुरू की गई है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि पिछले दिनों नगर पालिका स्थापना उत्सव में जिलाधिकारी शुभारंभ शुक्ला के द्वारा औपचारिक तौर पर स्वच्छता के नन्हे सिपाहा योजना की शुरुआत की गई थी जिसके अनुपालन में प्रत्येक माह के अंत में लकी ड्रॉ निकाला जायेगा, जिसमें नागरिकों को स्वच्छता योद्धा और बच्चों को स्वच्छता के नन्हे सिपाही के रूप में सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नवम्बर माह का लकी ड्रॉ 7 दिसंबर को निकाला जायेगा तब तक नागरिक गली में आने वाली कूड़ा वैन में घर का कचरा डालते हुए सेल्फी या फोटो नगर सेवा ऐप पर अपलोड कर सकते है। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि नगर को स्वच्छ रखने के लिए पालिका कर्मी दृढ़ संकल्पित है लेकिन बिना नागरिकों के सहयोग के नगर को स्वच्छ एवं हरा भरा नहीं रखा जा सकता उन्होंने बताया कि इस योजना संबधित विस्तृत जानकारी के लिये नगर पालिका की हेल्पलाइन नंबर 01169312097 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# मिसाइल और तोप के माडल बनाकर दिखाई प्रतिभा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



माडल बनाने से बच्चों में सृजनात्मकता बढ़ती और विज्ञान में रुचि बढ़ती है। इसलिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बाल वैज्ञानिकों ने नवोन्मेषी प्रोजेक्ट प्रदर्शित किये। भोजन, स्वास्थ्य व स्वच्छता, परिवहन व संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडल व कंप्यूटेशनल सोच, अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन से जुड़े नवीन विषयों पर छात्र-छात्राओं की ओर से तैयार प्रोजेक्ट की प्रशंसा की गई। यह विचार शनिवार को जेपी एजुकेशन एकेडमी में प्रेरणा थीम के तहत आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने व्यक्त किये। इससे पहले पूर्व पालिकाध्यक्ष राधा गुप्ता ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित होती है। उन्होंने विज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्रों के करियर को नई दिशा देती हैं। प्रबन्धक इंद्र कुमार गुप्ता नेयुवा पीढ़ी से ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक मिश्रण के बारे में जानने और समझने के लिए संग्रहालयों और स्मारकों का भ्रमण करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने अपने धन्यवाद भाषण में कहा कि इस वर्ष सरकार द्वारा हमको अटल लैब के लिये एक पैनल 50 लैपटॉप और हाइब्रिड क्लास के संचालन की अनुमति मिली है। भविष्य में हम प्रयास करेंगे कि इससे अच्छी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। इसके बाद अखण्ड भारत, चोल वंश द्वारा बनवाया गया मंदिर, मीनाक्षी मंदिर, राम मंदिर सहित हुमायूं का मकबरा, विक्रम शिला विश्वविद्यालय, नई संसद भवन, वृंदावन सिटी, सहित चन्द्रयान विक्रम लैंडर, तोप, सहित लगभग 110 से अधिक मॉडल का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सजीव राष्ट्रीय चिह्न मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। जो नर्सरी क्लास के बच्चों द्वारा बनाया गया था। इसे शिक्षिका पूजा गुप्ता, रश्मि शाक्य, शिवानी के सहयोग से बच्चों ने तैयार किया था। गांगेय कोंडा मंदिर, चौसठ योगिनी मंदिर, विक्रम लैंडर, अखण्ड भारत द्वादश ज्योतिर्लिंग भी आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम का संचालन आरती शर्मा, कुलदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, शूटर अनिल कुमार पाल, अवधेश गुप्ता, राजीव द्विवेदी, दिलीप गुप्ता उत्कर्ष गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, अरुण परिहार, आशुतोष राजपूत, विजय मिश्र, विनोद सेंगर, शाकिर मंसूरी, अभिषेक दुबे, हर्ष गुप्ता आदि शिक्षक मौजूद रहे।



## एसपी ने थाने का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने थाना ठठिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें थाना कार्यालय के अभिलेख चेक किये गये तथा थाना कार्यालय, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, आरक्षी बैरक एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ- सफाई रखने, विवेचनाओं के निस्तारण तथा माल निस्तारण के निर्देश दिये। थाने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने- अपने बीट क्षेत्र मे अपराधियों की जानकारी रखने व उनसे सम्बन्धित बीट दर्ज कराने, शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा टॉप-10 अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण एवं उन पर सतर्क निगरानी रखने तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन व आत्मनिर्भर बनने के लिये जागरूक करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## एसपीएल आदर्श विद्यालय में हुई निबंध प्रतियोगिता

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर विंग के बच्चों ने प्रतिभाग किया, इसका शुभारंभ प्रबंधक रामपाल सिंह ने किया। बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता के विषय विज्ञान के चमत्कार पर अलग-अलग तरीके से अपने विचार लिखित रूप में व्यक्त किए, जिसमे बच्चों ने विज्ञान से लाभ जैसे-दैनिक जीवन के रूप में, कृषि के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में, चिकित्सा के क्षेत्र में, यातायात के क्षेत्र में आदि पर अपने अपने विचार लिखे। निबंध प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर नैतिकता, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक विकास के प्रति रुचि जगाने के साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनीता प्रजापति, शिवानी राजपूत, प्रियांशी दुबे, प्रिया पाण्डेय, सलोनी, सोनाली दुबे, दिव्या यादव, कृतिका चौहान, अंजली प्रजापति, सोनम, मनीष पाल, अमित कुमार, धीरेंद्र सिंह, यतेंद्र कुमार, दीपक यादव, ऋषभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गुमशुदा बालिका को किया बरामद



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षकअमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में आपरेशन मुस्कान के तहत 11 वर्षीय गुमशुदा बालिका को 03 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य अनीता पत्नी टिल्लू वाल्मीकि निवासी कस्सावान ने थाना छिबरामऊ पर अपनी 11 वर्षीय बच्ची अनामिका पुत्री टिल्लू वाल्मीकि निवासी मो. कस्सावान जो अपने घर से 10.00 बजे सुबह बिना बतायें कही गुम हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी। सूचना पर कोतवाली छिबरामऊ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीमें गठित कर गुमशुदा बच्ची की तलाश की और गुमशुदा को उसकी माँ अनीता पत्नी टिल्लू वाल्मीकि निवासी कस्सावान थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को सकुशल शुपुर्द किया गया बच्ची को सकुशल पाकर परिवारीजन द्वारा थाना छिबरामऊ पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### ओमनी की टक्कर से महिला घायल

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के विसैनेपुर्वा गांव में शनिवार की सुबह घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी लक्ष्मी देवी पत्नी महेन्द्र कुमार को ओमनी चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के पट्टी गांव के निकट शुक्रवार की सुबह एक बाइक चालक ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला घायल हो गई। मामले में महिला के पति ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पट्टी गांव निवासी राघवेन्द्र राजपूत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी पत्नी अनिवार्यता गत 29 नवबंर को स्कूटी से जा रही थी। तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात बाइक चालक ने उनके टक्कर मार दी। हादसे में उनका एक पैर टूट गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### डीएम ने प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर की समीक्षा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचन नामावलियों का विशेषत संक्षिप्त पुनरीक्ष- 2025 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान कहा है कि दावे/ आपत्तियों का निस्तारण की तिथि 24 दिसम्बर एवं निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को है। जानकारी दी गई कि 27 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि क्या शिकायत आई है। और क्या निस्तारण किया है। इस संबंध में राजनैतिक के प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाएं। इसके पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयर हॉउस का मासिक निरीक्षण कर वेयर हॉउस के साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रूम में जाकर व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# यातायात माह के समापन पर हुए जागरूकता कार्यक्रम

- विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के किया प्रति जागरूक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



बच्चें को पुरस्कृत करते एएसपी अजय कुमार

यातायात माह के समापन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। शनिवार को शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अजय कुमार द्वारा यातायात माह के समापन दिवस पर एक विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बच्चों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। यातायात प्रभारी आफाक खान द्वारा बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। बच्चों को यातायात नियमों की बेहतर समझ और जागरूकता के लिए पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और यातायात सुरक्षा को लेकर कई सवाल पूछे।

## घर में घुसकर मारपीट करने वालों को सश्रम कारावास

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** घर में घुसकर मारपीट कर गम्भीर चोट पहुँचाने बाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दस- दस वर्ष का सश्रम कारावास और जुर्माने के साथ जेल भेज दिया। छिबरामऊ क्षेत्र के एक ग्रामीण ने थाना छिबरामऊ पर घर में घुसकर मारपीट करके गम्भीर चोटे पहुँचाने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया। अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय एडीजे/ एफटीसी प्रथम द्वारा अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र रमेशचन्द्र शर्मा, अमित कुमार पुत्र रमेशचनद्र शर्मा निवासीगण ग्राम इब्राहिमगंज लकडी मण्डी थाना छिबरामऊ को दस- दस वर्ष के सश्रम कारावास व 14500- 14500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कर जेल भेज दिया गया।

# चेयरमैन ने बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



समधन, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पंचायत प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत बेहतर कार्य करने बाले सफाईकर्मियों को चेयरमैन आसमा बेगम नें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित करते हुये उत्साहबर्धन किया। इस दौरान उन्होंनें कहा कि नगर में बेहतर साफ-सफाई करनें बाले कर्मी बधाई के पात्र हैं। शनिवार को शासनादेश के अनुपालन में स्वच्छ शौचालय अभियान एवं स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता चलाई गई थी। जिसमें बेहतर कार्य करनें बाले सफाई कर्मियों को चेयरमैन आसमा बेगम नें सफाई कर्मचारी विनोद, प्रकाश, बबलू, मनोज कुमार, छोटेलाल सहित सफाई नायक सुनील कुमार, नरेश चन्द्र आदि को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, बकार हुसैन, हनीफ अली आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह योजना में 99 दम्पति हुए एक-दूजे के

तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज परिसर में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उमर्दा, हसेरन, सौरिख विकास खण्ड क्षेत्रों के 99 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। इसमें छह मुस्लिम जोड़ो ने भी निकाह कबूल किया। सभी विवाहित नवदम्पतियों को विधायक, डीएम व सीडीओ एवं अन्य अफसरों ने सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

आयोजित विवाह समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ऐसे लोगों की मदद करती है जिनके पास दहेज आदि के लिए खर्च नहीं होता है। स्थानीय प्रशासन के जरिए लोगों को चिन्हित कर सामूहिक विवाह आयोजन के जरिए उन्हे विवाह बंधन में बांधते है। प्रदेश सरकार नवदम्पतियों को अपना जीवन शुरू करने के लिए 35 हजार रूपए व दहेज का सामान भी उपलब्ध कराती है। जिससे वह अपने सुखमय भविष्य की शुरूआत कर सके। विवाह समारोह में उमर्दा के 49, हसेरन के 24 व सौरिख विकास खण्ड के 26 नवदम्पतियों ने विवाह रचाया। इसमें छह मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे। डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला के अलावा सीडीओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी, उमर्दा, हसेरन व सौरिख के खण्ड विकास अधिकारी, उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी नवदम्पतियों को अपना आशीर्वाद दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत परापांतर वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

विधायक निधि योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 01.12.2024 से 08.12.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

निविदा शुल्क-100 रू.

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परापांतर | बारात शाला निर्माण कार्य (ग्राम ब्यारजों में) | 9.99 | 2% | ईंटा, बालू, सीमेन्ट, गिट्टी, सरिया पेन्ट पुट्टी आदि | 10.46X7.50 मी. | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टैम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान — सचिव

# सेवानिवृत्त सुरेंद्र सिंह गौर को विद्यालय स्टाफ ने दी विदाई

- डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन ने किया सम्मानित
- कार्यक्रम में जुटे मनीषी, राजनीतिज्ञ, साहित्यकार व संतगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जवाहर लाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुसैनपुर में वरिष्ठ लिपिक सुरेन्द्र सिंह गौर के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित हुए सेवानिवृत्त विदाई समारोह में जिले के विद्वान, राजनीतिज्ञ, साधु-सन्त, साहित्यकार सहित सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। स्कूल का स्टाफ अपने प्रिय साथी के सेवावृित्त होने पर दुखी था। नम आँखों से विद्यालय परिवार ने अपने साथी को विदाई दी तथा सुखद जीवन की शुभकामनाएँ दीं। शनिवार प्रातः 11 बजे सेवानिवृत्त कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं ने माँ वीणा वादिनी की वंदना से की। सेवानिवृत्त होने वाले सुरेन्द्र सिंह गौर ने स्वयं आगन्तुकों की आगवानी की। हनुमान सेना के राष्ट्रीय संरक्षक समाजसेवी डॉ. जितेन्द्र यादव का स्वागत विद्यालय परिवार ने माला पहनाकर किया। संचालन युवा साहित्यकार वैभव सोमवंशी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चन्द्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू कर रहे थे। डॉ. जितेन्द्र यादव ने कहा इस कार्यक्रम का नाम विदाई समारोह रखा गया।

ज्यादातर लोग इससे सहमत नहीं हैं वास्तव में यह एक पड़ाव है। जिससे लोगों को गुजरना होता है। उन्होंने कहा सेवानिवृत्त होना अन्त नहीं है, बल्कि नई पारी की एक शुरुआत है। उन्होंने कवि की दो पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए कहा. युद्ध नहीं जिसके जीवन में वो भी बड़े अभागे होंगे, या तो प्रण को तोड़ा होगा, या फिर रण से भागे होंगे।



सुरेंद्र सिंह गौर को सम्मानित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन

उन्होंने कहा कि सुरेन्द्र सिंह गौर एक संघर्षशील, कर्मठ और जुझारू व्यक्ति हैं। इनके परिश्रम का कोई सानी नहीं है। जीवन के कीमती 40 वर्ष 15 दिन इन्होंने विद्यालय को दिये हैं और कभी किसी को शिकायत का मौका नहीं दिया। निश्चित रूप से इनकी कमी विद्यालय परिवार महसूस करेगा, लेकिन खुशी इस बात की है अब गौर साहब का मुझे और अधिक सहयोग मिलेगा। अध्यक्षता कर रहे चन्द्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने अपनी सुरेन्द्र सिंह गौर की तमाम स्मृतियाँ ताजा कीं और उनके व्यक्ति की प्रशंसा की। सुरेन्द्र सिंह गौर ने कहा कि 15 नवम्बर 1983 मेरा इस विद्यालय में पहला दिन था और नवम्बर माह की 30 तारीख को मैं रिटायर हो रहा हूँ। नवम्बर में ही मेरा जन्म हुआ और वह मंगलवार का दिन था। आज शनिवार का दिन है और दोनों ही दिन हनुमान भगवान के हैं। जो मेरे इष्ट देव हैं। मैंने इस विद्यालय में कैसा कार्य किया इसका मूल्यांकन मैं नहीं कर सकता। यह सब तो वो लोग ही बता सकते हैं। जिनके साथ मैंने काम किया। सदैव यही कोशिश की है किसी को दुख न दूँ। उन्होंने कहा अनुज डॉ0 जितेन्द्र यादव के सहयोग का मैं ऋणी रहूँगा। उन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। अब मैं विद्यालय से रिटायर हो गया हूँ और अपना समय समाजपयोगी कार्यों को दूँगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र, सहायक अध्यापक शिवकुमार पुष्कर, अनिल कुमार, उपेंद्र तिवारी, प्रमोद यादव, दिवेश कुमार यादव, शिव प्रकाश दीक्षित, उमेन्द्र प्रताप सिंह आदि ने आगन्तुकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर नवाबगंज की ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन, अरविंद प्रताप सिंह पूर्व विधायक, सर्वेश अम्बेडकर पूर्व मंत्री, चन्द्रपाल सिंह यादव सपा जिलाध्यक्ष, विजय यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, सत्यपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह, नदीम अहमद फारूकी, अनिल राजपूत, महेश पाल सिंह उपकारी, आचार्य सर्वेश शुक्ल, साधना शर्मा, प्रदीप कुमार उर्फ टीटू, संजीव यादव, राजीव यादव, संदीप चतुर्वेदी, महिपाल सिंह, लालाराम दुबे, सत्यभान सिंह चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाकियू, जय जवान जय किसान गुट, निर्भान सिंह उर्फ बापू सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरान्त प्रीतिभोज का आयोजन हुआ।

# मानसिक रुप से विक्षिप्त महिला फांसी पर झूली

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

मानसिक रुप से विक्षिप्त होमगार्ड की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनाके बाद से परिजनों का रोक-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव रामपुर जुगराजपुर निवासी लक्ष्मी पत्नी विपिन उम्र 28 वर्ष ने सुबह अपनी साड़ी से कमरे में कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे लक्ष्मी की मौके पर मौत हो गई। कमरे में पहुंची उसकी ननद श्वेता ने जब देखा, तो परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों ने तत्काल ही मृतक लक्ष्मी को नीचे उतारा। 108 एंबुलेंस द्वारा परिजन लक्ष्मी को राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर प्रमित राजपूत ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया।



सीएचसी में मौजूद मृतका के परिजन

मृतका का पति विपिन होमगार्ड है। जो की तहसील अमृतपुर में ड्यूटी करता है।

मृतका का मायका नेहरा देव थाना लोनार जिला हरदोई में है। मृतका की 8 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। विपिन के एक पुत्र है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी, जबकि उसका साथी गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे अलीगंज सरकारी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली क्षेत्र के गाँव अजमतपुर कुआँखेड़ा निवासी जितेन्द्र शाक्य उम्र 24 वर्षीय पुत्र सोनपाल शाक्य अपनी बहन ललिता पत्नी अनुराग निवासी हरसारी अलीगंज गया था। वहाँ से साथी गौरी शंकर पुत्र तोताराम निवासी परौली के साथ बहन के घर से अलीगंज घूमने जा रहा था। हरसारी के निकट पहुँचते ही अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार जितेन्द्र शाक्य की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि साथी गौरी शंकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल गौरी शंकर को अलीगंज सरकारी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया। काफी देर तक साले जितेन्द्र के घर न लौटने पर बहनोई अनुराग ने साले को फोन किया। वहीं पर खड़े राहगीर ने फोन उठाकर बताया कि जितेन्द्र की मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची अलीगंज पुलिस ने जॉच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी ज्योती सहित दो बच्चे सैजल, आराध्या का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शव घर आते ही कोहराम मच गया।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

# दंपति सहित चार लोगों के साथ मारपीट करने में छः लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मामूली बात को लेकर हुए विवाद में आरोपितों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दंपति सहित चार लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में छः लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। मेरापुर थाना क्षेत्र की अचरा चौकी के गांव नगला दिशी (फतेहपुर परिउली) निवासी छोटेलाल पुत्र कन्हई लाल ने गांव के ही गौतम, गोविन्द, बृजेश, जीवालाल, गुड्डू व हनी के विरुद्ध मारपीट व गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 28 नबम्बर रात 9 बजे बच्चे की चप्पल को लेकर उक्त सभी आरोपित गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जब छोटेलाल के पुत्र गंगा दयाल व हरीबाबू तथा गंगा दयाल की पत्नी सुमन ने बचाने का प्रयास किया, तो उक्त आरोपितों ने इन सभी लोगों के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट कर सिर फोड़ दिये। मुकदमे के विवेचक अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा ने मुकदमे की जांच पड़ताल शुरु कर दी।



एसटीएम से वार्ता करते जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर व अन्य

# जीएसटी की छः टीमों ने तम्बाकू गोदामों पर मारे छापे

**कायगमंज, समृद्धि न्यूज।** जीएसटी टीम के ज्वाइंट कमिश्नर एस.एन. ने जनपद मैनपुरी, कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, लखनऊ की टीमों के साथ सुबह करीब 10 बजे कायमगंज तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह के कार्यालय में बैठक की। काफी देर तक चली बैठक के बाद करीब 3 बजे अधिकारी छापामारी करने के लिए क्षेत्र में निकले। इस दौरान टीम ने जौरा स्थित मेसर्स गोपाल टुबैको इंडस्ट्री, ए.के.ट्रेडर्स, लालपुर स्थित सिद्धि शास्त्रीय ट्रेडर्स, कमलेश ट्रेडिंग कंपनी, आराध्या ट्रेडर्स आदि गोदामों में छापेमारी की। इस दौराम टीम ने किसी को भी अंदर नहीं आने दिया। इसके अलावा कई गोदामें बंद मिली। जिनका ताला तोड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन ताला नहीं टूटा। जिस पर टीम वापस लौट गयी। हालांकि टीम ने किसी भी प्रकार की जानकारी मीडिया को नहीं दी। इस दौरान उप जिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह परिहार ने छः टीमें गठित की। इस मौके पर सीओ जय सिंह परिहार, तहसीलदार विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार मनीष वर्माष, मंडी सचिव सहित कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कम्पिल थाना अध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, मेरापुर थाना अध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, शमशाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार सहित सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में विज्ञान व बाल मेले का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जय नारायण वर्मा रोड फतेहगढ़ में जीव वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चन्द्र बसु के जन्मदिवस पर विज्ञान मेले व बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विज्ञान मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि नरेन्द्र पाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया तथा बाल मेला का उद्घाटन बाल मेला के मुख्य अतिथि सर्वेश विभाग प्रचारक ने श्रीफल तोड़कर किया। जिला विद्यालय निरीक्षक व विभाग प्रचारक ने विद्यालय के भैया बहिनों के द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडलों का, चिड़ियाघर का अवलोकन कर भैया बहिनों की सराहना की। तत्पश्चात भैया बहिनों के द्वारा लगाए गए बाल मेला के स्टॉल का अवलोकन भी किया। भैया बहिनों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शुक्ल ने आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान डॉ. जगदीश चन्द्र बसु का चित्र तथा अंगवस्त्र भेंट कर किया तथा उन्हें विद्यालय परिवार की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ चतुर्वेदी, व्यवस्थापक ओम प्रकाश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष जवाहर लाल वर्मा ने भैया बहिनों को शुभकामनाएं दी।



बाल मेले के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें व शिक्षकगण

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य बंधु एवम् आचार्या बहिनें उपस्थित रहीं तथा सम्पूर्ण मनोयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान कृष्णनवी, रितिका, वैष्णवी आदि छात्राओं ने लजीज व्यंजनों के स्टाल लगाये। जिसे मौजूद शिक्षकों स्वाद लेकर सराहा।

## खबरें एक नजर में

### गैंगेस्टर के आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने मुन्ना उर्फ बली मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद उर्फ लाला निवासी शेखपुर कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 20 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज के तत्कालीन थानाध्यक्ष विनय कुमार ने 24 मार्च 2004 को मुन्ना उर्फ बली मोहम्मद के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत दर्ज किया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व साशकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने मुन्ना उर्फ बली मोहम्मद को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### जानवर चराने गई नाबालिक किशोरी के साथ की छेड़छाड़

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गंगापार स्थित एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी 10 वर्षीय पौत्री गांव में जानवर चराने के लिए गई थी। जहां पर पड़ोसी गांव पन्ना नगला निवासी चैया पुत्र नेपाल, मुनीम पुत्र राजेंद्र ने मेरी पौत्री को पतेल की झाड़यों में खींचकर लेकर गए तथा मेरी पौत्री के साथ छेड़छाड़ की और दुष्कर्म करने की नीयत से उसकी सलवार व अंडरवियर उतार दिए। विरोध करने पर युवकों ने उसका मुंह व गला दबा दिया। किसी तरह उन युवकों के चंगुल से छूटकर वह भागी। शाम 6.00 बजे लगभग घर आकर उसने सारी घटना अपनी दादी को रोकर बताई। पीड़ित की शिकायत पर थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### किशोरी को भगा ले जाने में युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने गांव के ही राजेश उर्फ नन्हें लाल पुत्र भगवती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 27 नवम्बर को दिन के 3 बजे मेरी 16 वर्षीय पुत्री को उक्त आरोपित राजेश उर्फ नन्हें लाल बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन की पर पुत्री का पता नहीं चल सका। मेरापुर पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच उपनिरीक्षक रवि सोलंकी के सुपुर्द की है।

### दिव्यांग कैंप का हुआ आयोजन, नहीं आये चिकित्सक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार नवाबगंज ब्लाक में दिव्यांग प्रमाणपत्र हेतु कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 40 बच्चों ने ऑनलाइन कराते हुए 20 बच्चों ने फार्मजमा किये और काफी देर तक इंतजार करते रहे। ड्यूटी टीम का कोई भी डाक्टर कैंप में नहीं आया। चिकित्सकों के न होने पर जब अभिभावक नाराज हुए तब मौके पर मौजूद विकलांग कल्याण विभाग के कम्प्यूटर आपरेटर सौरभ प्रधान ने बच्चों को लोहिया एवं सीएमओ ऑफिस के लिए रेफर कर दिया। कैंप में विशेष शिक्षक अवधेश कुमार ने अभिभावक व बच्चों को सहयोग प्रदान करते हुए उन्हें परामर्श दिया और कैंप में योगदान दिया।

### घर के बाहर खेल रही बालिका की कार से कुचलकर मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर चबूतरे पर खेल रही बालिका को कार ने कुचल दिया। जिससे उसकी हालत नाजुक हो गयी। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती किया। जहाँ चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम वजीरपुर निवासी इंद्रभान की डेढ़ वर्षीय पुत्री रुक्मणी घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान अमैयापुर की तरफसे कार आ गयी। कार ने बालिका को कुचल दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी। सूचना पर पंहुची पुलिस ने कार व चालक को कब्जे में लेने के उपरांत ही घायल बालिका रुक्मणी को पुलिस ने सीएचसी राजेपुर में भर्ती किया। परीक्षण के उपरांत डॉ0 प्रमित राजपूत ने उसे मृत घोषित कर दिय। मां लक्ष्मी देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी जली

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला अम्बेडकर नगर निवासी रामलड़ैते शर्मा परिवार के साथ खेतों में फसल की निराई करने गए थे। शनिवार शाम अज्ञात कारणों से उनके घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल हो गई। मोहल्ले वालों ने फोन के माध्यम से रामलड़ैते को सूचना दी। जब तक स्वजन घर पहुंचे तब तक आग से गृहस्थी का सामन सहित लगभग पांच हजार की नगदी भी जल गई। पीड़ित ने हल्का लेखपाल को मामले की सूचना दी।

# जिलाधिकारी को निरीक्षण में शिक्षा व्यवस्था मिली खराब, जतायी नाराजगी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों से ब्लेकबोर्ड पर सवाल हल करवाते डीएम

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा संविलियन प्राथमिक विद्यालय ग्वालटोली फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता खराब देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी और सुधार करने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शनिवार को जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने फतेहगढ़ स्थित ग्वालटोली स्थित संविलियन प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

वहां मौजूद बच्चों ने कई सवाल बोल पर हल करवाये। जिस पर अधिकांश बच्चे सवाल हल नहीं कर सके। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी और शिक्षकों को सख्त निर्देश दिये कि कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त समय दें। जिससे उनकी शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हो सके। विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गयी व बेसिक शिक्षा अधिकारी को ईओ नगर पालिका से समन्वय करके साफ सफाई कराने के लिये निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से मिल रहे मिड-डे-मील की क्वालिटी के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# बर्खास्त शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दूसरी शिक्षिका के कागजों पर नौकरी कर रही शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर उसके खिलाफ बीएसए ने मुकदमा पंजीकृत कराया है। जानकारी के अनुसार शिक्षिका नेहा यादव जनपद मैनपुरी के प्राथमिक विद्यालय कुचेला में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है। उसकी नियुक्ति 12460 शिक्षक भर्ती में हुई थी। शिक्षिका ने फर्जी कागज लगाकर नौकरी प्राप्त कर ली थी। इसका खुलासा तब हुआ जब मानव संपदा आईडी जनरेट की गयी। जिस पर बेसिक शिक्षाधिकारी ने उसे बीते दिन बर्खास्त कर दिया था। साथ ही शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी है। शिक्षिका के खिलाफ आज मुकदमा दर्ज कर लिया गया। बताते चलें कि ब्लाक मोहम्मदाबाद के पुनपालपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पर तैनात थी फर्जी शिक्षिका नेहा यादव।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीएचसी में मौजूद मृतक के परिजन

थाना राजेपुर में लगातार हादसों का सिलसिला जारी है। सड़क के किनारे पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा कोई भी संकेतक चिन्ह नहीं लगाए गए हैं। जिसके कारण आए दिन घटनाएं घटित हो रही हैं।

बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के गांव दहेलिया निवासी युवक राजू पुत्र पूसेलाल उम्र 21 वर्ष जो घर से बाइक लेकर चला था, लेकिन किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को फोन पर सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस के द्वारा युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां ड्यूटी पर तैरना डॉक्टर प्रीति राजपूत के द्वारा युवक राजू को मृत घोषित कर दिया गया तथा पुलिस को सूचना भेज दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं मृतक दो भाई बताया जा रहा है। थाना अध्यक्ष ने बताया तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ईओ ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



बोये गये चारे को देखते ईओ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधिशाषी अधिकारी ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इसके साथ ही साथ गायों के लिए बोये गये चारे व भूसा आदि का भी निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार अधिशाषी अधिकारी लव कुमार ने शनिवार को नगर पंचायत खिमसेपुर की कान्हा गौशाला कार्य जो कि प्रगति पर है, का निरीक्षण किया। उसके साथ गायों के लिए बोया गया हरा चारा, गायों का दाना तथा चारा भूसा आदि का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईओ ने कहा कि सर्दी में व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। किसी भी गौवंश को सर्दी आदि न लगे इसका भी ध्यान रखा जाये। इस दौरान बड़े बाबू रामभुवन यादव, जितेंद्र सहित नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

### रिश्तेदार के साथ दवाई लेने गई बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जा नगला निवासी राजेश पुत्र शालिग्राम ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया 08.11.2024 को समय करीब शाम 4.00 बजे मेरी पुत्री प्रांशी घर पर थी तथा उसने कहा कि वह रिश्तेदार अंकित वर्मा पुत्र हंस राम वर्मा निवासी पट्टी नगला थाना नयागांव जिला एटा के साथ दवा लेने जा रही है। शाम करीब 6 बजे प्रांशी ने फोन किया कि अंकित उसे बेवर रोड स्थित एक मेडिकल कॉलेज के पास छोड़कर चला गया है। जिस पर मैं तुरंत प्रांशी के पास पहुंचा, तो उसने बताया अंकित वर्मा पुत्र हंसराज गांव पट्टी नगला नयागांव एटा एवं उषा देवी पत्नी हंसराज, पुष्पा देवी पत्नी बृजेश कुमार, गांव वनके नगला भोगांव जिला मैनपुरी मुझे यहां पर छोड़ गए। करीब 20 मिनट बाद प्रांशी को उल्टी होने लगी, तो पीड़ित प्रांशी को गायत्री अस्पताल फर्रुखाबाद में ले जाकर भर्ती कराया। उसके बाद आगरा एवं उसके बाद सैफई भर्ती करवाया गया। दिनांक 21.11.2024 को समय पुत्री की मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### साइकिल से टक्कर लगने पर विरोध करने पर मारपीट कर किया घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर देवराजपुर निवासी राजपाल पुत्र शंकर लाल ने थाना कमालगंज में तहरीर देकर बताया दिनांक 30.11.2024 को सुबह 11.00 बजे पीड़ित अपने गांव में दरवाजे से पैदल जा रहा था, तभी ग्राम बिचपुरी निवासी रमन पुत्र नामालूम ने इकिल से टक्कर मार दी। विरोध करने पर लाठी-डंडों एवं हाथापाई व मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित के कई चोटें आयी हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य कैंप




स्वास्थ्य कैंप का उद्घाटन करते आयोजकगण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान मे कटरी क्षेत्र में बदलते मौसम के मददेनजर 240 मरीजों का निःशुल्क उपचार व दवाईयाँ वितरित की गयी। कई गम्भीर मरीजों को अस्पताल रेफर किया गया। सीपी मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पीटल की टीम ने डॉ0 शिवम त्रिपाठी ने 240 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया। जिसमे बुखार, खांसी, जुकाम, सर्दी, वीपी सुगर के अलावा हड्डी से सम्बन्धित न्यूरो व ईएनटी के मरीजों की बहुत तादात रही। सभी मरीजों को परीक्षण के साथ-साथ दवाई भी वितरित की गईं। गम्भीर मरीजों को हॉस्पीटल भेजा गया।

जहाँ डॉ. मंगल पांडेय ने मरीजों का उपचार व दवाईयां दी। शिविर में ग्राम अजमतपुर पट्टिया, चैनी नगला, खजुरिया, दोषपुर, खान आलमपुर सहित कई गाव के लोगों ने निःशुल्क कैम्प का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जितेन्द्र गुप्ता, डा0 शिवम त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस दौरान पुष्पेन्द्र गुप्ता, प्रभात गुप्ता, अदील खान, अनिल, मंगल यादव, नितिन, अरुण सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### जगह पर कब्जा करने का विरोध करने पर मारपीट कर किया घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर माझगांव निवासी सुंदरलाल पुत्र मैकूलाल ने थाना कमालगंज में तहरीर देकर बताया दिनांक 13.11.2024 को उसने 02 डि0 प्लाट गांव के चंद्रशेखर, कमलेश, रामआसरे, रामकुमार पुत्रगण गंगाराम उक्त लोगों से खरीदा था। इसके कागज मेरे पास मौजूद हैं। अब चंद्रशेखर की पत्नी मुझे प्लाट पर कब्जा नहीं करने दे रही है। कब्जा करने पर गाली- गलौज एवं मारपीट पर उक्त लोग उतारू हो जाते हैं एवं मारपीट करते हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# नेशनल शोतोकन कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जीते मेडल

▸ नेशल चैम्पियनशिप के लिए चयनित अर्पिता व प्रबल हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

6जी डिस्ट्रिक्ट नेशनल शोतोकन कराटे प्रतियोगिता का आजोजन गायत्री इंटरनेशनल स्कूल निकट गुड़गांव देवी मंदिर में हुआ। मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन मनोज अग्रवाल, डीपीओ अनिल चंद्र व महिला थाना एसएचओ पूनम, किशोर न्याय बोर्ड से सुमन राठौर, एक्टर प्रतिष्ठा ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले अबुनाजीर, दिशा भारद्वाज, अध्या, सांवी, आयुष


प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

यादव, अन्वी, वंश, अहिल, अदनान, काव्य, अलीशा, अर्णव, आयुष, शिवांश, आदित्य गुप्ता के नाम शामिल है। वहीं सिल्वर मेडल्स प्राप्त करने वाले दिशू, जन्नत, अदनान, आराध्या, अनिकेत, वैभव, अयांश, अर्पिता, अंश, प्रिंस, आयुष, अर्णव के नाम शामिल है। ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वाल खिलाड़ी अर्णव सिंह, गर्व गुप्ता, अग्रिम, आन्या, इनायत, आर्यन सिंह, कार्तिक यादव, प्रबल, धैर्य, रुद्र, मृतुजया, दिव्यांशु, शौर्य गुप्ता, गरिमा, इति यादव, ड्रास्टी, श्रुति, आर्यन, अमृताश, अथर्व आदि के नाम शामिल हैं। महिला थाना एसएचओ पूनम ने कहा कि आज के समय में सभी छात्राओं को जरूर ही कराटे सिखाना चाहिए, जिससे वो अपनी रक्षा कर सके। उन्होंने आत्म रक्षा के लिए बच्चों को जागरूक किया। सभी अतिथियों ने बच्चो की मेहनत को सराहना की। डीपीओ अनिल चंद्र ने कहा बच्चो ने छात्रों ने काफी मेहनत की है। बच्चो को और मेहनत करनी चहिए, जिससे यह आगे बढ़कर अपने जिले नाम रोशन कर सके। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन कोच को बधाई दी और बच्चो कहा कि ऐसे ही और मेहनत करें, ताकि आज डिस्ट्रिक्ट स्तर प्रतियोगिता में अपना नाम किया है आगे बढ़कर नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर भी अपना नाम कर सके।

सुमन राठौर ने कहा कि कुछ बच्चे आज विजेता हुए हैं और कुछ विजेता नहीं हुए हैं, लेकिन वह भी जीतने का प्रयास करें और आगे जरुर विजेता बनेगें। प्रतियोगिता में अभया, कृष्ण गुप्ता, पाखी सक्सेना, उमंग तिवारी और रेफरी पुष्कर भारद्वाज और टेबल ऑफिसर शौर्य प्रताप, दीक्षा रहे। संचालन हर्षित मिश्र ने किया। नेशनल प्रतियोगिता में चयनित होने पर अर्पिता और प्रबल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# समकेतिक शिक्षा के अन्तर्गत खेल प्रतियोगिता आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समकेतिक शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मिशन कम्पाउड स्थित मैदान पर सम्पन्न हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ 100 मीटर दौड़ में जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार ने हरी झण्डी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में बढ़पुर, मोहम्मदाबाद, कमालगंज एवं नगर क्षेत्र के बच्चों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका में व्यायाम शिक्षक कुलदीप यादव, अंकित यादव, शैलेन्द्र कनौजिया, सपना यादव, अभिषेक पाल ने सम्पन्न करायी।

समापन अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी बढ़पुर सुरेश चन्द्र पाल ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम की व्यवस्था शिक्षक अजय कुशवाहा, जानकी प्रसाद, समवीर, ज्ञानसिंह, अखिलेश, अमित कुमार, रुचि राठौर, सरिता मिश्रा ने करायी। इस अवसर पर निष्कर्ष कटियार, अनुज वर्मा, उत्कर्ष यादव, लक्ष्मी वर्मा, डीजी कनौजिया, सरोज यादव, प्रीती सेंगर, रुचि आदि लोग मौजूद रहे। 100 मीटर दौड़ में अंशिका सक्सेना प्रथम, दिव्या द्वितीय, शिवा तृतीय रही। 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में कृष प्रथम, सचित द्वितीय, अभी राठौर तृतीय रहे।


दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

कुर्सी दौड़ में बादल प्रथम, अंशिका द्वितीय, मनु तृतीय रही। कुर्सी दौड़ जूनियर में अभिनंदन प्रथम, अंश द्वितीय, श्वेता पाल तृतीय रही। रस्साकसी में सत्यम व मोहम्मद यासिर, आफताब, वरुण विजेता रहे। जूनियर वर्ग में पलक दीक्षित, अंजली, चंचला, रमा विजेता रही। सुलेख प्रतियोगिता में रंजीत प्रथम, शिवा शर्मा द्वितीय तय्यवा तृतीय रही। गणित प्रतियोगिता में सागर पाल प्रथम, हर्षित द्वितीय, अभियंत्र तृतीय रहे। कला प्रतियोगिता में आनंद प्रथम, गायत्री द्वितीय, रुपेश तृतीय रहे। संस्कृति प्रतियोगिता में इलमा प्रथम, अभय मिश्रा द्वितीय, निधि तृतीय रही।

# 50 लाख से अधिक के विकास कार्यो की डीएम ने की समीक्षा

▸ उप्र प्रोजेक्ट कार्पोरेशन व रोड रेस्टोरेशन के कार्य की गुणवत्ता खराब पाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में चल रही 53 योजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने अमृतपुर आईटीआई में लैंड स्कैपपिंग करने व पौधारोपण करने के लिये कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया।


बैठक लेते डीएम

सीएंड डीएस को नगर पालिका भवन फर्रुखाबाद के टीले की मृदा का परीक्षण कराने के निर्देश दिये गये। नगर पंचायत संकिसा के विद्युत संयोजन को 03 दिन में पूर्ण कराने के निर्देश अधि0 अभी0 विद्युत को दिये। यूपी सिडको का कार्य असंतोषजनक पाया गया। अग्निशमन केंद्र अमृतपुर के आवासीय परिसर में पाई गई कमियों को दूर कराने के निर्देश दिये गये। उप्र प्रोजेक्ट कार्पोरेशन का कार्य खराब पाया गया।

एसटीपी इकाई द्वारा कराये गये रोड रेस्टोरेशन के कार्य की गुणवत्ता खराब पाई गई। डीएम ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये। डीएम ने कार्य मे सुधार करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, डीडीओ, व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## आलू की आमद कम होने से मण्डी में मारामारी की स्थिति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को आलू मण्डी में भाव 1101 रुपये से लेकर 1251 रुपये रहा। आलू मण्डी में 800 पैकेट आलू की आमद रही। आलू के भाव में 100 रुपये पैकेट उछाल आया। निबल छोटा साइज का आलू 1101 से 1151 रुपए पैकेट और बड़ा साइज़ का अच्छा आलू 1201 से 1251 रुपए पैकेट में बिका। ज्यादातर मात्रा में खरीददार पहुंचने के चलते आलू में एकदम उछाल आया। आलू की मात्रा कम होने के कारण व्यापारियों में छीना झपटी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी और कम आमद के चलते आलू की मारा मारी रही। इन दिनों में मण्डी में आलू खूब बिक रहा है। फर्रुखाबाद मण्डी में 3 से 5 किलो कटौती के नाम पर आलू लिया जाता था। जबकि कानपुर जैसी मण्डियों में 50 किलों का ही पैकेट लिया जा रहा है। अतिरिक्त आलू कटौती के नाम पर नहीं लिया जा रहा है। आलू कम होने के चलते आलू किसान जागरुक हुए और मन चाहे जैसे दाम में आलू बेंचा। वहीं खेतों में आलू की खुदाई शुरु हो गयी है। अगैती आलू की खुदाई में छोटे साइज का आलू निकल रहा है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनायी गई वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में जगदीश चन्द्र बसु जयंती धूमधाम से मनाई गई।

मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार कटियार व प्रदीप अवस्थी ने मां सरस्वती एवं जगदीश चंद्र बसु के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पअर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ता कृष्ण कुमार कटियार ने जगदीश चंद्र बसु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने भारत के लिए ही नहीं अपितु पूरे विश्व के लिए विज्ञान की उपलब्ध के लिए याद किया जाता है। जगदीश चंद्र बसु भारतीय वैज्ञानिक और आविष्कारक थे। उनका जन्म 30 नवंबर 1858 बंगाल की


कार्यक्रम में मौजूद छात्र

मैंगन सिंह अब बांग्लादेश में है हुआ था और उनकी मृत्यु 23 नवंबर 1937 को बिहार के गिरिडीह में हुई थी। उन्हें भारतीय विज्ञान में एक नई क्रांति का जनक माना जाता है। उन्होंने पादप शरीर विज्ञान, वायरलेस संचार में एक नई क्रांति अविष्कार किया। इलेक्ट्रॉनिक्स दुनिया का पहला पेटेंट हासिल किया। उनके सम्मान में चंद्रमा पर क्रेटर का नाम रखा गया है। संचालन प्रदीप अवस्थी ने किया। इस अवसर पर रामानन्द पांडेय, वीरेश परमार, शिवमोहन मिश्र, प्रदीप सेंगर, शिवकुमार यादव, प्रदीप शर्मा, संजीव शाक्य, आलोक सिंह, रजनीश, गोविंद, बृजपाल सिंह, अर्पणा अवस्थी, आर्तिका, अमृता शर्मा, पल्लवी राजपूत, रीतू आदि लोग मौजूद रहे।

# पब्लिक स्कूल एसो. की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

▸ विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरुस्कृत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को पब्लिक स्कूल एसोसिएशन की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ अरविंद कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विभिन्न विद्यालयों के 600 से अधिक बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए। कक्षा 6 की बालिका वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में एसएस पब्लिक स्कूल की वैष्णवी प्रथम स्थान पर रही। विजेताओं में बालक वर्ग



खेलकूद कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व बच्चे

में गौरव, हर्षित, पीयूष आदि बच्चों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिताओं में 100, 200 और 400 मीटर दौड़, ऊंची कूद, कुर्सी दौड़ और खो-खो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। निर्णायक की भूमिका में उमेश कुमार शुक्ल सचिव एथलेटिक्स संघ, अरुण कुमार, कुलदीप कुमार, अभिषेक कुमार, विमलेश कुमार, पुष्कर मिश्रा एवं देवेश कुमार बेसिक शिक्षा विभाग से रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ0 प्रभात अवस्थी, नवनीत मिश्रा, संजय यादव, मनीष मिश्रा, मुन्ना लाल तिवारी, देव कुमार शर्मा आदि 30 से अधिक विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य, निदेशक के साथ ही साथ अनेक अध्यापक/अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहे। संचालन मीडिया प्रभारी देवेश नारायण अवस्थी ने किया।

# राजकीय विद्यालय हमीरपुर के छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय किराचन राजेपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने कंपोजिट विद्यालय हमीरपुर परतापुर ब्लॉक राजेपुर के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

कुल उपस्थित 30 छात्रों में से 11 छात्र-छात्राएं विभिन्न रोग जुकाम, खांसी, मस्से, मम्प्स, कान में सर बहना, गले में गांठ, दांतों में कैविटी इत्यादि से पीड़ित पाए गए। जिन्हें उचित होम्योपैथिक दवाओं का वितरण किया।

डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने सभी छात्रों और शिक्षकों के समक्ष दांत और हाथ साफ करने की सही चिकित्सकीय विधि का सजीव प्रदर्शन कर हाथ साफ करने के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी


छात्रों का परीक्षण करते डॉ. सुरेन्द्र सिंह

छात्रों से अपनी व्यक्तिगत एवं अपने परिवेश की साफ -सफाई रखने, नियमित योग, व्यायाम करने, घर और विद्यालय में बने हुए पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी। बाजार में प्रचलित खुले, रंगों से युक्त फास्ट फूड जैसे चाउमीन, मोमोज, फिंगर इत्यादि तले भुने दूषित खाद्य पदार्थो से परहेज करने की सलाह दी। इस मौके कक्षसेवक ब्रजेश कुमार उपस्थित रहे।

## पुलिस भर्ती पारिश्रमिक भुगतान के लिए डीआईओएस ने एएसपी को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस भर्ती परीक्षा में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के पारिश्रमिक भुगतान किये जाने को लेकर १७ नवम्बर को शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष व जिला संयुक्त मंत्री ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा था। इसी संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर पुलिस भर्ती परीक्षा में लगे शिक्षकों के पारिश्रमिक भुगतान दिलाये जाने की मांग की है। १५ परीक्षा केंद्रों पर मानदेय प्रदान किया गया, जबकि तीन परीक्षा केंद्र रामानंद बालिका इंटर कालेज, रखा बालिका इंटर कालेज, एनएकेपी बालिका पीजी कालेज में लगे ड्यूटी के दौरान शिक्षकों को भुगतान नहीं मिला है। जिसको लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। अपर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि शीघ्र भुगतान करा दिया जायेगा। शिक्षक नेता संतोष दुबे व सतेन्द्र सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।

# व्यापारी स्वयं अपना नाली के ऊपर रखे सामान को हटाये: सदानंद शुक्ला

▸ किसी भी सूरत में व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर के फुटपाथों पर नाली के ऊपर किये गये अतिक्रमण को नगर पालिका की टीम ने चौक तिरपौलिया से लेकर रेलवे स्टेशन तक हटवाया। इस दौरान व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला अपनी टीम के साथ मौजूद रहे और किसी भी व्यापारी के समान को नीलाम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि पहले व्यापारियों को चेतावनी दी जाए इसके बाद कार्यवाही की जाए। सदानंद शुक्ल की टीम ने नगर पालिका की टीम के आगे चलकर चेतावनी दी और व्यापारियों से अतिक्रमण क्षेत्र में रखा हुआ सामान हटा लेने की बात कही। एक दो जगह पर नगर पालिका की टीम व्यापारियों के बीच कहां सुनी हुई, लेकिन व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने दोनों पक्षों को समझ कर बात को समाप्त कर दिया। पिछले दिवस से नगर के फुटपाथों पर नाली के ऊपर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने का अभियान शुरू किया गया है। गत वर्ष बस अड्डे से लेकर चौक तक अतिक्रमण हटाया गया था। शनिवार को चौक से लेकर रेलवे रोड तक सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान व्यापार मंडल मिश्रा गुड के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और ना ही उसके ऊपर अवैध तरीके से कार्यवाही होने दी जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि पूरी ईमानदारी के साथ अतिक्रमण को हटा लें और चिन्हित की गई जगह के आगे दुकान का कोई भी सामान ना रखें। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, सेनेटरी ऑफिसर, सफाई नायक व मौजूद रहे। व्यापारी अनुपम रस्तोगी, लालू कनौजिया, राजू गौतम, ज्ञानेश दीक्षित, सौरव शुक्ला, श्याम सुंदर गुप्ता मौजूद रहे।

## पल्स पोलियो अभियान 8 दिसम्बर से, घर-घर पिलायी जायेगी बच्चों को दवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 8 दिसम्बर से शूरू हो रहा है जो 16 दिसम्बर तक चलेगा। इसके अंतर्गत शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसी को लेकर सिविल अस्पताल लिंजीगंज में सभी सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव ने बताया कि पोलियो वायरस मुंह के रास्ते से नर्वस सिस्टम में पहुंच जाता है। इससे लकवा और यहां तक कि मृत्यु तक हो सकती है। सिविल अस्पताल लिंजीगंज के प्रतिरक्षण अधिकारी अक्षय सेंगर ने भी इस संदर्भ में जानकारी दी। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन से धीरज, यूनिसेफ से सल्तनत, अनुपम मिश्र, सुषमा लाल आदि मौजूद रहे।

# 60 वर्ष से ज्यादा उम्र का भाजपा में नहीं बन पायेगा जिलाध्यक्ष

▸ संगठन महापर्व अभियान की बैठक सम्पन्न, बूथ अध्यक्षों के गठन पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन पर्व अभियान में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश ने समीक्षा की। साथ ही साबरमती फिल्म देखी। प्रथम सत्र की बैठक में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा पूरे जिले में संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत नए संगठन के गठन के लिए सर्वप्रथम बूथ अध्यक्षों एवं समितियां का गठन आवश्यक होता है।

जिसके अंतर्गत सभी मंडलों में चुनाव प्रक्रिया द्वारा बूथ अध्यक्षों एवं समितियां का गठन किया गया है। जिन भी मंडलों में बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति का गठन नहीं हुआ है वह एक दिसंबर तक सभी कार्य पूर्ण करके बूथ अध्यक्ष के चुनाव वाली फाइल पार्टी



बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता

को उपलब्ध करा दे। 1 दिसंबर से 15 दिसंबर के मध्य सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के लिए पार्टी ने गाइडलाइन दी है। जो कार्यकर्ता दो बार मंडल अध्यक्ष पद पर रह चुका है, वह पुनः मंडल अध्यक्ष पद पर आवेदन नहीं कर सकेगा। कार्यकर्ता की आयु 45 वर्ष से ऊपर है, वह मंडल अध्यक्ष पद पर नामांकन नहीं कर सकेगा। भाजपा के संविधान के तहत किसी भी पद पर कार्य करने वाला व्यक्ति का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है। 15 दिसंबर से जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया आरंभ होगी। 15 दिसंबर से ही भाजपा जिलाध्यक्ष के पद पर इच्छुक कार्यकर्ता अपना आवेदन पार्टी को दे सकता हैं। इसके लिए पार्टी ने तय किया है 60 वर्ष से ऊपर का कोई भी कार्यकर्ता भाजपा का जिलाध्यक्ष नहीं बन सकेगा। इस अवसर पर डॉ. भूदेव सिंह राजपूत, ठा. वीरेंद्र सिंह राठौड़, डॉ. बीके गंगवार, फतेहचंद वर्मा, सुनील रावत, डीएस राठौर, डॉ. रजनी सरीन, ममता सक्सेना, अतुल दीक्षित, अमरदीप दीक्षित, अभिषेक बाथम, विजय गुप्ता, धर्मेंद्र राजपूत, मनोज गंगवार, राजकुमार वर्मा, विकास पांडे, सत्य वर्धन सिंह राठौड़, रामवीर सिंह चौहान, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन के लिए 16 मरीज चयनित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवा धर्म समिति के द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन डाक्टर समसुल अली मीरा बाग दरवाजा शमशाबाद में सम्पन्न हुआ। ब्लाक शमशाबाद के विभिन्न मरीजों ने अपना परीक्षण कराया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पति नदीम फारुखी ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया।

शिविर में डॉ. राजेश बाबू दुबे, अनिल अवस्थी, डॉ. समसुल अली आदि लोग मौजूद रहे। समिति के व्यवस्थापक अवीनाश सारस्वत नीरज ने व्यवस्था देखी और अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जवाहर लाल रोहितगी स्मारक नेत्र


मरीजों का नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक

चिकित्सालय कानपुर से आये चिकित्सक डॉ. राजकुमार शर्मा, रेनू शर्मा, अंकित शर्मा ने मरीजों का परीक्षण किया। 66 मरीजों की ओपीडी रही। 16 मरीज मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयनित हुए। नि:शुल्क व्यवस्था के साथ सभी मरीजों को कानपुर भेजा जायेगा। जहां आपरेशन के साथ-साथ दवाइयां भी दी जायेगी। इस मौके पर संजीव वर्मा, गोविन्द शुक्ला, शैलजा आदि लोग मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में अभियुक्त पर दोषसिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रंजिशन घर में घुसकर मारपीट करने व छप्पर में आग लगाने तथा जानमाल की धमकी देने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त सुधीर को दोषी करार दिया। सुनवाई के लिए 2 दिसम्बर की तिथि नियत की गई है। नीरज पाठक निवासी सिविल लाइन मडैया कोतवाली फतेहगढ़ ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि सुधीर व गांव वालों में कुछ कहासुनी हो गयी थी। बगल में मेरी चक्की लगी हुई है। जिससे सुधीर रंजिश मानने लगा। 27 जून 2007 को दोपहर 12 बजे नाजायज असलाहों से लैस होकर सुधीर, गुड्डू, उमेश, लालाराम, सतीश, आत्माराम घर में घुस आये और गाली–गलौज करते हुए बाइक तोड़ डाली। उपरोक्त सभी लोगों ने मेरे परिजनों पर हमला कर दिया, लाठी–डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा मेरे छप्पर में आग लगा दी। आरोपियों ने जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, जो मिस हो गया। आसपास के लोगों को आता देख आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त सुधीर को धारा 323, 452, 436, 427, 504, 506 के आरोप में दोषी करार दिया। सुनवाई के लिए 2 दिसम्बर की तिथि नियत की गई है।

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान


स्कूटी सवार महिला को हेलमेट पहनाते एएसपी व टीएसआई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात सत्येन्द्र कुमार द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों तथा वैध लाइसेंस, वैध फिटनेस, प्रदूषण, बीमा के वाहन चलाना, मादक पदार्थों का सेवन न करना, सड़क पर स्टंट न करना, सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट लगाकर वाहन चलाना, ट्रिपलिंग न करना आदि के बारे में जागरूक किया गया और यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गये तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को हेलमेट देकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया। साथ ही लगभग 40 हेलमेट वितरित किये गये। इस मौके पर यातायात पुलिस मौजूद रही।

## आईटीआई में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। तीन कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह की देखरेख में रोजगार मेला सम्पन्न हुआ। 175 रिक्तियों के सापेक्ष 48 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। साक्षात्कार में 14 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। 17 अभ्यार्थियों का चयन अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु किया गया। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, रंजीत कुमार सुमन, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत अब सपना नहीं, चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को नई दिल्ली में %विकसित भारत 2047 - विजन ऑफ न्यू इंडिया 3.0% कॉन्क्लेव में कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं बल्कि चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस लक्ष्य को हासिल करके रहेंगे।

धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आम आदमी की आय को 8 गुणा करना होगा। उन्होंने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण कार्य को करने में सरकार की नीतियां मददगार होंगी। सरकार की नीतियों ने एक ऐसे वातावरण का निर्माण कर दिया है कि जहां हर भारतीय अपनी प्रतिभा को निखार सकता है। उन्होंने कहा कि आज 50 करोड़ लोग बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ गए हैं। बिना बिचौलिए के लाभार्थियों के बैंक खातों में पैसा पहुंचता है। एक साल में चार एयरपोर्ट नए बन रहे हैं। मेट्रो सिस्टम बन रहा है। प्रतिदिन 14 किलोमीटर राजमार्ग और 6 किलोमीटर रेलवे लाइन तैयार हो रही है।संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष के व्यवधान पर चिंता जताते हुए धनखड़ ने कहा कि संसद प्रजातंत्र का मंदिर है और हमें वहां जनता की पूजा करनी चाहिए। संसद लोगों की आकांक्षाओं को साकार करने का स्थान है। यदि ऐसे मंदिर की हम गरिमा नहीं रख पाते, वहां विचार-विमर्श नहीं होता है तो वह अशांति और व्यवधान का अड्डा बन जाता है। उन्होंने कहा कि व्यवधान कोई उपाय नहीं बल्कि एक राग है। धनखड़ ने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपनी आत्मा को टटोलें और शपथ का ध्यान करें। भारत के संविधान के प्रस्तावना को सामने रखें और संसद को शत प्रतिशत उत्पादक बनाएं। उन्होंने कहा कि राजनीति के अंदर परिवर्तन के बिना कुछ नहीं होता है और देश में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। देश के सर्वोच्च पद पर एक जनजातीय महिला विराजमान हैं और केंद्र सरकार का नेतृत्व एक अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छह दशकों के बाद किसी प्रधानमंत्री को लगातार तीन बार जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।

## नौसेना ने अरब सागर में श्रीलंकाई ध्वज लगी दो नौकाएं पकड़ीं

**कोलंबो।** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में श्रीलंकाई ध्वज वाली दो मछली पकड़ने वाली नौकाओं को सफलतापूर्वक रोक लिया। जांच के दौरान यह संदेह सच निकला। भारतीय नौसेना ने दोनों नौकाओं के चालक दल के सदस्यों और बरामद ड्रग को श्रीलंका की नौसेना को सौंप दिया। श्रीलंका के समाचार पत्र डेली न्यूज की खबर के अनुसार 24 और 25 नवंबर को चलाए गए ऑपरेशन के परिणामस्वरूप लगभग 500 किलोग्राम क्रिस्टल मेथ ड्रग जब्त किया गया। भारतीय नौसेना ने क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भारत और श्रीलंका के बीच मजबूत समुद्री साझेदारी को रेखांकित करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए ड्रग और चालक दल के सदस्यों को श्रीलंकाई नौसेना को सौंप दिया। श्रीलंकाई नौसेना के अनुसार भारतीय नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान और रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट की हवाई निगरानी की वजह से यह सफलता मिली।

# भारत व सिंगापुर के सैनिकों का संयुक्त अभ्यास 'अग्नि वारियर' हुआ संपन्न

एजेंसी



**नयी दिल्ली ।** भारतीय सेना और सिंगापुर सशस्त्र बलों का द्विपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास ÷अग्नि वारियर - 2024÷ शनिवार को महाराष्ट्र की फील्ड फायरिंग रेंज देवलाली में संपन्न हो गया। सेना के अनुसार 28 नवम्बर को शुरू हुआ तीन दिन के अभ्यास में सिंगापुर सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने भाग लिया, जिसमें सिंगापुर आर्टिलरी के 182 सैनिक शामिल थे और भारतीय सेना की ओर से आर्टिलरी रेजिमेंट के 114 सैनिकों ने भाग लिया।

इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत एक बहुराष्ट्रीय बल के रूप में संयुक्तता हासिल करने के लिए अभ्यास और प्रक्रियाओं की आपसी समझ को बढाना था। अभ्यास में दोनों सेनाओं की तोपों द्वारा संयुक्त अग्नि शक्ति नियोजन, निष्पादन और नई पीढ़ी के उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के दौरान आर्टिलरी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अदोश कुमार, स्कूल ऑफ आर्टिलरी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सरना और सिंगापुर सशस्त्र बलों के मुख्य तोपखाना अधिकारी कर्नल ओंग चिउ पेरंग मौजूद थे। गणमान्य व्यक्तियों ने पेशेवर कौशल और विशेषज्ञता के उच्च स्तर को प्रदर्शित करने के लिए भाग लेने वाले सैनिकों की सराहना की। इस अभ्यास में व्यापक संयुक्त तैयारी, समन्वय, एक-दूसरे की क्षमताओं की समझ, प्रक्रियाएं और भारतीय और सिंगापुर तोपखाने प्रक्रियाओं के बीच आम इंटरफेस का विकास शामिल था। यह सिंगापुर सशस्त्र बलों के सैनिकों द्वारा फायर पावर प्लानिंग की पेचीदगियों से अवगत कराने वाले सफल प्रशिक्षण की परिणति को चिह्नित करता है। दोनों पक्षों ने अभ्यास के दौरान आला तकनीकों का उपयोग किया और संयुक्त प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान किया।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों, चिन्मय को कारावास से मुक्त करें : दत्तात्रेय

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शनिवार को बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद करने और इस्कॉन संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की मांग की है। संघ ने केंद्र सरकार से भी इस संबंध में वैश्विक अभिमत बनाने के लिए अपील की है। चिन्मय को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बांग्लादेश की जासूसी शाखा ने गिरफ्तार किया था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक बयान जारी कर कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसकी भर्त्सना करता है। मौजूदा बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां इसे रोकने की बजाय केवल मूकदर्शक बनी हुई हैं। विवशतावश बांग्लादेश के हिन्दुओं द्वारा स्वरक्षण के लिए लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज को दबाने के लिए, उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बांग्लादेश सरकार से यह आह्वान करता है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों तथा चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त करें। होसबाले ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत सरकार से भी यह आह्वान करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के प्रयासों को हरसंभव जारी रखें तथा इसके समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने के लिए, यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठायें। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण समय में भारत तथा वैश्विक समुदायों एवं संस्थाओं को बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए तथा अपनी-अपनी सरकारों से इसके लिए हरसंभव प्रयासों की मांग करना विश्व शांति एवं भाईचारे के लिए आवश्यक है।

## कोलकाता का जेएन राय अस्पताल बांग्लादेशी मरीजों का इलाज नहीं करेगा

**कोलकाता।** कोलकाता के मणिकतला क्षेत्र स्थित जेएन राय अस्पताल ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज न करने का फैसला किया है। यह निर्णय बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और भारतीय ध्वज के अपमान के विरोध में लिया गया है। अस्पताल के एक अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने शनिवार को यह जानकारी दी। सुभ्रांशु भक्त ने बताया, हमने एक नोटिफिकेशन जारी किया है कि आज से अनिश्चितकाल के लिए बांग्लादेशी मरीजों को इलाज के लिए भर्ती नहीं किया जाएगा। यह फैसला भारत के तिरंगे का अपमान और बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के विरोध में लिया गया है। उन्होंने अन्य अस्पतालों से भी इस कदम का समर्थन करने की अपील की। भक्त ने कहा, बांग्लादेश की आजादी में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन अब वहां से भारत विरोधी भावना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है।

# फेंजल के कारण चेन्नई में भारी बारिश एयर इंडिया व इंडिगो की उड़ानें प्रभावित

एजेंसी

**चेन्नई/नई दिल्ली।** चक्रवात फेंजल के शनिवार को पुडुचेरी में दस्तक देने की उम्मीद की जा रही है। इसकी वजह से तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में समुद्र में उथल-पुथल और तेज हवा एवं बारिश के चलते चेन्नई एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। भारी बारिश के कारण एयर इंडिया तथा इंडिगो एयरलाइंस की कई उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं।

सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण चेन्नई से आने-जाने वाली कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं। राजधानी चेन्नई में जारी भारी बारिश के कारण कई एयर इंडिया और इंडिगो सहित कई एयरलाइनों ने यात्रा सलाह और अपनी उड़ान योजनाओं पर अपडेट जारी किए हैं। टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा है कि खराब मौसम और भारी बारिश के कारण चेन्नई से आने-जाने वाली उनकी उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। कंपनी ने लिखा है कृपया यहां क्लिक करके हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति जांच लें। वहीं, इंडिगो ने एक यात्रा सलाह जारी कर बताया है कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, तूतीकोरिन, मदुरै और अन्य सहित कई शहरों में उनकी उड़ानें प्रभावित हुई हैं। इंडिगो एयरलाइंस ने एक्स पोस्ट में लिखा है, मौसम की मौजूदा स्थिति चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, तूतीकोरिन, मदुरै से आने-जाने वाली उड़ानों को प्रभावित कर रही है। इसके साथ ही तिरुपति और विशाखापत्तनम भी प्रभावित हुए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक चक्रवात फेंजल के कारण चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, विल्लुपुरम, कल्लाकुरिची, कुड्डालोर जिलों और पुडुचेरी में एक-दो जगहों पर भारी बारिश होने की उम्मीद है।

# आसियान और भारत स्टार्ट-अप महोत्सव 2024 का हुआ शुभारंभ

समृद्धि न्यूज




**नई दिल्ली।** आसियान-भारत स्टार्ट-अप महोत्सव 2024 का 28 नवंबर को बड़े उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ, जिसमें भारत और आसियान देशों के गतिशील स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित किया गया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सहयोग से आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव में नवाचार, सहयोग और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए 100 स्टार्टअप, उद्योग जगत के लीडर, नीति निर्माता और नवप्रवर्तक एक साथ आए ।

उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक आदान-प्रदान और साझा आकांक्षाओं का जश्न मनाया गया, जिसने कार्यक्रम के लिए एक प्रेरणादायक माहौल तैयार किया। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा, आईआईटी कानपुर की तरफ से, हमें इस मंच की मेज़बानी करने का सौभाग्य मिला है, जो सीमाओं के पार दूरदर्शी दिमागों को एकजुट करता है, एक उद्यमशीलता की भावना को प्रज्वलित करता है जो टिकाऊ विकास और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देता है। आसियान-भारत स्टार्ट-अप फेस्टिवल 2024 एक उज्जवल, अधिक समावेशी भविष्य के निर्माण में सहयोग की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है। आसियान के उप महासचिव महामहिम सतविंदर सिंह ने कहा, यह महोत्सव समावेशिता और स्थिरता द्वारा परिभाषित भविष्य के लिए आसियान और भारत के साझा दृष्टिकोण का उदाहरण है।

## सिलचर में आयकर विभाग के दफ्तर पर सीबीआई का छापा

**कछार (असम)।** सीबीआई ने सिलचर में आयकर विभाग के कार्यालय पर छापा मारकर दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। यह छापेमारी शिलांग से आई सीबीआई की टीम ने की। दो कर्मचारियों में एक महिला भी शामिल हैं।

शनिवार को दी गई जानकारी में सीबीआई टीम ने दोनों कर्मचारियों की गिरफ्तारी की वजह का खुलासा नहीं किया है। अभियान के बारे में बात करते हुए, सीबीआई टीम ने अभियान पर कोई टिप्पणी नहीं की। इस अभियान को सीबीआई की टीम ने बेहद गोपनीय तरीके से अंजाम दिया। ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि उन्हें रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। सीबीआई की टीम ने पूरे अभियान में कछार पुलिस की मदद नहीं ली। बताया जाता है कि सीबीआई की टीम बेहद गोपनीय तरीके से शिलांग से आकर इन दोनों कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया।

# चयन प्रक्रिया पर हो रहे भ्रष्टाचार पर पुलिस का शिकंजा

समृद्धि न्यूज




**कानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व क्रिकेट खिलाड़ी रहे मोहसिन रजा ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की कारगुजारियों की लगातार पोल खोल रहे हैं। अब उनके आरोपों में दम दिखाई देने लगा है, क्योंकि सेलेक्शन के नाम पर जिससे 10 लाख रुपये लिए गए हैं, अब उसने पुलिस की शरण ले ली है। एसीपी ने रुपये वापस मांगने पर मारपीट करने वालों के खिलाफ अपना अभिकथन अभिलिखित कराने के लिए नोटिस जारी कर दिया है।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में भ्रष्टाचार की परतें दिन प्रतिदिन खुलती जा रही हैं। यहां पर भ्रष्टाचार कई प्रकार से हो रहा है, जिसमें सबसे अहम क्रिकेट खिलाड़ियों से चयन के नाम पर वसूली है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व क्रिकेट खिलाड़ी रहे मोहसिन रजा बराबर मुखर हैं। उनकी शिकायतों पर अब तक क्या कार्रवाई हो रही है, उसकी जानकारी तो अभी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है, लेकिन वह लोग अब सामने आने लगे हैं जिन्होंने सेलेक्शन के नाम पर रुपये दिए हैं जिनका नाम मोहसिन रजा ले रहे हैं।

सेलेक्शन न होने के बाद जब रुपया वापस मांगा गया तो आरोप है कि कमला क्लब में पांच लोगों ने उनके साथ मारपीट की और धमकी दी। मामला बड़े स्तर का होने के चलते पीड़ित पुलिस तक नहीं पहुंचते थे, लेकिन पीड़ित सत्यप्रकाश यादव ने पुलिस की शरण ले ली। मामले की जांच स्वरूपनगर सहायक पुलिस आयुक्त इन्द्र प्रकाश सिंह कर रहे हैं। एसीपी इन्द्र प्रकाश सिंह ने शनिवार को बताया कि एक जांच मेरे पास विभाग से आई है, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन निवासी पीड़ित सत्यप्रकाश यादव का आरोप है कि क्रिकेट सेलेक्शन के नाम पर मो. अकरम और अनुराग मिश्रा ने अलग–अलग समय पर कुल 10 लाख रुपये लिए हैं। सेलेक्शन न होने पर जब रुपयों की मांग की गई तो बातचीत के लिए उनके खासमखास जसमेर धनकर, सिद्धार्थ पाण्डेय, गुजनान खान, कुणाल त्यागी और नदीम ने 28 सितंबर को कमला क्लब में बुलाया।

वहां पर उन्होंने मेरे साथ मारपीट की और धमकी देते हुए कहा कि अगर रुपयों की मांग करोगे तो अंजाम खतरनाक होगा। एसीपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और सभी आरोपितों को नोटिस जारी किया गया है कि अपना अभिकथन अभिलिखित कराना सुनिश्चित करें। नोटिस के बाद भी अभी तक किसी ने अपना बयान दर्ज नहीं कराया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खबरें एक नजर में

### बीएसएफ ने सीमावर्ती क्षेत्र से बरामद किए दो पाक ड्रोन व हेरोइन

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने भारत–पाक सीमा पर कार्रवाई करते हुए दो पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन बरामद की है। एक पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन अमृतसर जिले में तो दूसरा तरनतारन जिले से पकड़ा गया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने शुक्रवार की रात की गई इस कार्रवाई के बारे में बताया कि बीएसएफ के जवानों ने बीती रात गश्त के दौरान अमृतसर जिले में स्थित पाकिस्तानी सीमा से एक डीजेआई माविक थ्री क्लासिक ड्रोन बरामद किया। उसकी जब जांच की गई तो उसके साथ 560 ग्राम हेरोइन भी लिपटी हुई मिली। इस बीच बीएसएफ के जवानों ने तरतारन जिले में पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाते हुए एक और ड्रोन तथा 572 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद किया। कोहरे को देखते हुए बीएसएफ ने सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त को तेज कर दिया है।

### नाटो सदस्यता के बदले हम संघर्ष समाप्त करने को तैयार

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में यूक्रेन की सदस्यता के बदले रूस के साथ संघर्ष के को समाप्त करने की इच्छा जताई है। इंटरफैक्स–यूक्रेन समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्री ज़ेलेंस्की को कहा, अगर हम युद्ध को रोकना चाहते हैं, तो हमें अपने नियंत्रण वाले यूक्रेन के क्षेत्र को नाटो की छत्रछाया में रखना होगा।

### आसान जीत के साथ सिंधु सैयद मोदी चैंपियनशिप के फाइनल में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शनिवार को सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 के महिला एकल के सेमीफाइनल में हमवतन उन्नति हूडा के खिलाफ 21–12,21–9 की आसान जीत दर्ज कर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया। बीबीडी स्पोर्ट्स अकादमी के बैडमिंटन कोर्ट नंबर एक पर खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले हरियाणा की 17 वर्षीय खिलाड़ी ने अनुभवी सिंधु को शुरुआती दौर में टक्कर देने का प्रयास किया मगर सिंधु ने जल्द ही गियर बदलते हुये आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। सिंधु ने शानदार स्मैश और ड्राप के जरिये युवा खिलाड़ी को कोर्ट में खूब दौड़ाया और पहला गेम 21–12 से अपने नाम किया।

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने खोली 1000वीं शाखा



**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के चोलापुर में अपने 1000वें बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वित्तीय समावेशन की दिशा में बैंक की यात्रा में एक नया अध्याय है और पूरे देश में अपने पदचिह्न का विस्तार कर रही है। नया बैंकिंग आउटलेट सिंधोरा शाखा के रणनीतिक विभाजन का परिणाम है, जो उत्कर्ष लघु वित्त बैंक के पहले बैंकिंग आउटलेट में से एक था। इस विस्तार का उद्देश्य क्षेत्र में अपने ग्राहकों के लिए बैंक की सेवा वितरण और पहुँच को बढ़ाना है। चोलापुर, जिला वाराणसी के ग्राहक बैंक के उत्पादों और सेवाओं तक पहुँच सकेंगे, जिसमें बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा शामिल हैं, साथ ही विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद शामिल हैं। अपने बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के साथ, बैंक का लक्ष्य एकीकृत ग्राहक सेवा प्रदान करना है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने इस उपलब्धि पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 卐हम चोलापुर, जिला वाराणसी में अपने 1000वें बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन करते हुए प्रसन्न हैं। वाराणसी शहर वह स्थान है जहाँ हमने एक वित्तीय संस्थान के बीज बोए, जो आज हमारे देश के अग्रणी लघु वित्त बैंकों में से एक के रूप में खड़ा है। 1000वाँ बैंकिंग आउटलेट बहुत महत्वपूर्ण है।

### कृषि व किसानों के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित हैं मोदी सरकार

**सहरसा।** भारतीय जनता के प्रदेश नेत्री लाजवंती झा ने कहा है कि कृषि एवं किसानों के कल्याण के लिए मोदी सरकार दृढ़संकल्पित है। इसी के फलस्वरुप केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन शुरू करने को मंजूरी दे दी है।किसानों को खेती में आने वाली लागत और बाहर से खरीदे गए संसाधनों पर निर्भरता में कमी होगी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत केन्द्र प्रायोजित योजना पर मिशन मोड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का काम एनडीए सरकार काम कर रही है। इस पर कुल परिव्यय 2,481 करोड़ होगा।लाजवंती ने कहा कि इससे खेती में आने वाली लागत को कम करने के लिए किसानों को सहायता मिलेगा और स्वस्थ मृदा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण एवं रखरखाव होगा, जैव विविधता को बढ़ावा और विविध फसल प्रणालियों को प्रोत्साहन मिलेगा।इसमें इच्छुक ग्राम पंचायतों के 15,000 समूहों में लागू किया जाएगा। 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की होगी शुरुआत। 1 करोड़ किसान होंगे लाभान्वित होगे।

### विनिसियस, कार्वाजल, एमबाप्पे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में नामि

**नई दिल्ली।** फीफा ने शुक्रवार को 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामितों की घोषणा की, जिसमें विनीसियस जूनियर, दानी कार्वाज़ल, जूड बेलिंगहैम, किलियन एमबाप्पे, फेडे वाल्वरडे और टोनी क्रूस जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बार्सिलोना की ऐताना बोनमती महिला पुरस्कार के लिए नामितों में सबसे आगे हैं। पुरस्कार समारोह की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। विनीसियस जूनियर और उनके रियल मैड्रिड टीम के साथी रॉड्री अब एक और मुकाबले के लिए तैयार हैं। रॉड्री, जिन्होंने मैनचेस्टर सिटी के ऐतिहासिक चौथे लगातार प्रीमियर लीग खिताब और स्पेन की यूरो 2024 जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित किया गया था, एक मजबूत पसंदीदा हैं। विनीसियस जूनियर रॉड्री के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिद्वंद्वी हैं, जिन्होंने पिछले सीजन में सभी प्रतियोगिताओं में 24 गोल किए और 11 सहायता प्रदान की।

### एसी कोच में स्वच्छ व उच्च गुणवत्ता के बेडरोल करवाये जा रहे उपलब्ध

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे यात्रियों को स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता के चादर, तकिये और कम्बल उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए उत्तर रेलवे पर प्रतिदिन एक लाख से अधिक बेडरोल की मैकेनाइज्ड धुलाई हो रही है। प्रयोग के तौर पर कुछ चुनिंदा ट्रेनों के कम्बलों की अल्ट्रा वायलेट कीटाणुशोधन प्रक्रिया भी शुरू की गई, जिसमें उत्तर रेलवे को 99.7 प्रतिशत सफलता मिली है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि उत्तर रेलवे पर संचालित होने वाली सभी ट्रेनों में वातानुकूलित श्रेणी के कोचों में साफ, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाले बेडरोल प्रदान किये जा रहे हैं। सभी चादरों और तकिया कवर को प्रत्येक उपयोग के बाद मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री में धुलाई और इस्त्री की जाती है ताकि यात्रियों को स्वच्छ बेडरोल देकर उनकी आरामदायक, साफ–सुथरी और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके। उपाध्याय ने कहा कि पहले कंबलों की धुलाई 3 महीने में एक बार की जाती थी, 2010 में उसे घटा कर 2 महीने में एक बार किया गया। वर्तमान में कंबलों की धुलाई का काम 15 दिन में एक बार किया जाता है।

# विकसित भारत की कहानी विज्ञान की वर्णमाला में लिखी जाएगी : डॉ. जितेंद्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुवाहाटी में भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि विकसित भारत की कहानी विज्ञान की वर्णमाला में लिखी जाएगी। भारत का विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग वैज्ञानिक उन्नति और नवाचार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता से जुड़ा हुआ है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया, जहां विज्ञान प्रगति को आगे बढ़ाता है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पांच महीनों में ही छह प्रमुख निर्णय लिये गए। इनमें 1 लाख करोड़ रुपये के राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए 1,000 करोड़ रुपये का वेंचर फंड और मौसम पूर्वानुमान को बेहतर बनाने के लिए मिशन मौसम की शुरुआत शामिल है। उन्होंने पर्यावरण, आर्थिक और रोजगार वृद्धि के लिए जैव प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए डिज़ाइन की गई बायो-ई3 पहल और 2 करोड़ से अधिक छात्रों के लिए अकादमिक पत्रिकाओं तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने के लिए ÷एक राष्ट्र, एक सदस्यता÷ नीति की शुरुआत पर भी चर्चा की। इसके अतिरिक्त, अटल इनोवेशन मिशन, जिसने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त की है, को इसके प्रभाव को बढ़ाने के लिए आगे बढ़ाया गया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और कृषि प्रौद्योगिकी में स्टार्टअप मुख्य रूप से बेंगलुरु और पुणे जैसे शहरों से उभरे हैं और उन्होंने छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पूर्वोत्तर के विकास पर जोर देते हुए कहा कि 2014 से पहले पूर्वोत्तर के अधिकांश हिस्से में बुनियादी ढांचे की कमी थी लेकिन आज रेलवे, जलमार्ग और सड़क नेटवर्क का विस्तार हुआ है। पूर्वोत्तर अब हाशिये पर नहीं है, बल्कि भारत की विकास कहानी का केंद्र है। आईआईएसएफ 2024 में प्रतिभागियों को शामिल करने और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए विविध प्रकार की गतिविधियां प्रदान करता है।

## भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए हेजलवुड, एबॉट व डॉगेट टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** जोश हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट, जो दोनों टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड हैं, को ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है, हालांकि डे-नाइट टेस्ट के लिए इलेवन में हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को शामिल किया जा सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के एक बयान में कहा गया है कि हेजलवुड को बाईं ओर हल्की चोट है और वह अपनी रिकवरी के लिए एडिलेड में टीम के साथ रहेंगे। हेजलवुड पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ थे जिन्होंने 34 ओवर में 57 रन देकर 5 विकेट लिए। पिछले साल एशेज में हेडिंग्ले के बाद से यह पहला टेस्ट होगा जिसे हेजलवुड ने मिस किया है। पिछले साल एशेज में उन्हें लगातार कई चोटें लगी थीं - जिसमें दो साइड स्ट्रेन भी शामिल थे - जबकि उन्हें विभिन्न उपमहाद्वीपीय दौरों पर परिस्थितियों के कारण भी बाहर रखा गया था। दिसंबर 2021 और जून 2023 के बीच उन्होंने सिर्फ़ चार टेस्ट खेले।

# ब्लूम इंडिया ने लॉन्च किया ब्लूम इंस्पीरेशन सेंटर स्टूडियो एथोज

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** ब्लूम के अनुभव की नई शुरूआत करते हुए ब्लूम इंडिया ने 29 नवम्बर 2024 को नई दिल्ली में पहले ब्लूम इंस्पीरेशन सेंटर, स्टूडियो एथोज़ का लॉन्च किया है। स्टोर का उद्घाटन ब्लूम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर नदीम पाटनी, स्टुडियो एथोज़ के मालिक राघव खंडेलवाल तथा उनके एसोसिएट्स गौत मेकर एवं नीति मेकर ने किया। यह नया सेंटर उपभोक्ताओं के लिए मानकों को बेहतर बना देगा।

उद्घाटन के अवसर पर बात करते हुए ब्लूम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर नदीम पाटनी ने कहा, ''हमारे भरोसेमंद पार्टनर्स के सहयोग से देश की राजधानी में अपना पहला ब्लूम इंस्पीरेशन सेंटर खोलते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हो रहा है। हम इंटीरियर डिज़ाइनरों, आर्कीटेक्ट्स एवं होम डिज़ाइनिंग में रूचि रखने वाले हर व्यक्ति को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने का वादा करते हैं। हम नई किचन डिज़ाइन अवधारणा 'किचन टेस्ट ड्राइव' भी लेकर आए हैं, जिसके द्वारा उपभोक्ता स्टोर में किचन के कई लेआउट टेस्ट कर सकेंगे और अपनी ज़रूरत के अनुसार डिज़ाइन चुन सकेंगे। यह सेंटर हमारे आधुनिक फर्नीचर फिटिंग के लिए नया इंटरैक्टिव स्पेस भी लेकर आया है, जहां उपलब्ध डिज़ाइन जीवन शैली की गुणवत्ता को कई गुना बेहतर बना देंगे। स्टुडियो एथोज़ के मालिक राघव खंडेलवाल ने कहा, 'आर्कीटेक्चरल हार्डवेयर उद्योग में विरासत को बढ़ाते हुए, हम नई दिल्ली में डिज़ाइन एवं आर्कीटेक्चर कम्युनिटी के लिए आधुनिक मॉड्यूलर फर्नीचर की नई अवधारणाएं लेकर आए हैं। ब्लूम के साथ साझेदारी में स्टुडियो एथोज़ का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।